

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

// फूल कितना भी सुंदर, तारीफ खुशबू से होती है। इन्सान कितना भी बड़ा क्यों ना हो, कद्र उसके गुणों से होती है। \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



अगर आप किसी का अपमान कर रहे हैं तो वास्तव में आप अपना सम्मान खो रहे हैं।

वर्ष 39 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 17 मई, 2024 | बैशाख शुक्ल पक्षः दशमी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 136 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12












### पाठकों से

पाठकों की विशेष सुविधा के लिए अर्थ प्रकाश पेज 3 पर चंडीगढ़ लोकसभा सीट के लिए किस क्षेत्र में कितने वोट हैं किस पोलिंग बूथ पर मतदान होगा। नियमित रूप से प्रकाशित कर कर रहा है। इसमें आज पढ़े सेक्टर 8, 9, 10 व 11 का ब्यौरा।

## न्यूज ब्रीफ

### कोवीशील्ड के बाद कोवैक्सिन से साइड इफेक्ट्स का दावा

**नई दिल्ली (अप्रस)।** भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन- कोवैक्सिन के भी साइड इफेक्ट्स हैं। यह बात इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से लिखी है। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। हालांकि, कुछ दिन पहले कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा था कि उनकी बनाई हुई वैक्सीन सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कोवैक्सिन के दो डोज लगवाए थे।




लोक सभा चुनाव 2024

दिल्ली के सीएम का पंजाब में रोड शो

# जेल से निकलकर आप के पास आया हूं, मुझे झूठे केस में फंसाकर जेल में डाल दिया था: केजरीवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर।** शराब पॉलिसी घोटाले में जमानत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल वीरवार को दो दिन के पंजाब दौरे पर पहुंचे। गुरुवार को उन्होंने अमृतसर लोकसभा सीट से आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल के समर्थन में रोड शो निकाला। इससे पहले केजरीवाल ने गोल्डन टेंपल और दुर्ग्याणा मंदिर में माथा टेका।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जेल से निकलकर आप के पास आ रहा हूं। मुझे झूठ केस में फंसा कर जेल में डाल दिया था। जब मान साहब मुझसे जेल में मिलने आते थे तो मैं मान साहब से यही पूछता था कि पंजाब में लोग खुश हैं या नहीं। मैं यह सोचता था कि आखिर मुझे जेल में क्यों डाला?।

केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्ली और पंजाब में बिजली माफ कर दी, इसलिए मुझे जेल में डाला। सरकारी स्कूल सुधारे, क्या इसलिए जेल में डाला। मेरा कसूर यह है कि आप के लिए मोहल्ला क्लीनिक और स्कूल बना दिए। जब मैं जेल गया तो मुझे 15 दिन इन्सुलिन नहीं दिया। ऊपर वाले की कृपा से 20 दिन के लिए मोहलत मिल गई। मैं जेल में जाऊंगा या नहीं, यह आप पर निर्भर करेगा। ऐसे में जब वोट डालने जाना तो देखना कि आप केजरीवाल की आजादी के लिए वोट डालना है या जेल भेजना है।

## बोले-15 दिन मुझे इंसुलिन नहीं दी
## मैं जेल जाऊंगा या नहीं, आप पर निर्भर



### बीजेपी के लोग संविधान बदलना चाहते हैं

बीजेपी पर निशाना साधते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये लोग संविधान बदलना चाहते हैं। इन लोगों के मन में बहुत खतरनाक मंसूबे हैं। वे बार-बार 400 का आंकड़ा पार करने की बात कह रहे हैं। लेकिन ये नहीं बता रहे थे कि 400 सीटें क्यों चाहिए? मैंने पता किया तो मालूम हुआ कि इनको ओबीसी और एससी एसटी वर्ग को मिले आरक्षण खत्म करने के लिए 400 सीटें चाहिए।

### पंजाब बनेगा हीरो, इस बार 13-0 : सीएम भगवंत मान

रोड शो में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए सीएम भगवंत मान ने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल आज हमारे देश के लिए प्रार्थना करने के लिए अमृतसर की पवित्र भूमि पर आए हैं। उन्होंने भगवान से अपने देश को वापस सही रास्ते पर लाने की प्रार्थना की। सीएम मान ने कहा कि पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री के रूप में कुलदीप सिंह धालीवाल ने प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई 10,000 एकड़ जमीन को मुक्त कराया। वह पंजाब की सबसे मजबूत आवाजों में से एक हैं। वह पंजाब के मुद्दे को संसद में उठाएंगे और पंजाब का बकाया फंड जारी करवाएंगे। उन्होंने लोगों से भारी अंतर से जीताकर उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनने का आग्रह किया। मान ने कहा कि लोगों ने उन्हें जो प्यार दिया है उसका कर्ज वह कभी नहीं चुका सकते। वहीं दूसरी ओर लोग दूसरी पार्टी के नेताओं से हाथ मिलाने के बाद लोग अपनी उंगलियां गिनते हैं। उन्होंने कहा कि आज लोगों के उत्साह से एक बात साफ हो गया है कि आम आदमी पार्टी पंजाब में में क्लीन स्वीप करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लोग कहते हैं - '25 मई, बीजेपी गई' और पंजाब में हम कहते हैं 'पंजाब बनेगा हीरो, इस बार 13-0'।

### संविधान की रक्षा के लिए हम सबकुछ कुर्बान कर देंगेः धालीवाल

लोगों को संबोधित करते हुए अमृतसर से आप प्रत्याशी कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि पंजाब की जनता अरविंद केजरीवाल के साथ है। हमें डॉ.भीमराव अंबेडकर और अरविंद केजरीवाल के सैनिक हैं। हम अरविंद केजरीवाल को दोबारा जेल में नहीं जाने देंगे। हम बाबा साहब के संविधान की रक्षा के लिए हम सबकुछ कुर्बान कर देंगे। उन्होंने कहा कि अमृतसर की जनता अरविंद केजरीवाल को और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए यह सीट जीतेगी।

## बदसलूकी केस में स्वाति मालीवाल ने दर्ज कराई लिखित शिकायत

दिल्ली पुलिस ने 4 घंटे घर पर दर्ज किए बयान

केजरीवाल के पीए पर मारपीट का आरोप

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** सीएम आवास पर बदसलूकी के मामले में आप सांसद स्वाति मालीवाल ने 3 दिन बाद आखिरकार लिखित शिकायत दर्ज करवाई। गुरुवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम स्वाति के घर पहुंची और उनका बयान दर्ज किया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी और एडिशनल डीसीपी नॉर्थ स्वाति के घर पहुंचे थे। टीम करीब 4 घंटे रही। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर सीएम आवास में स्वाति के साथ बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप है। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने बिभव कुमार को नोटिस भेजकर शुक्रवार को तलब किया है।

स्वाति ने एक्स पर इस बात की पुष्टि करते हुए लिखा, मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना स्टेटमेंट दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्यवाही होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूं। जिन लोगों ने चरित्र हनन करने की कोशिश की, ये बोला की दूसरी पार्टी के इशारे पर कर रही है, भगवान उन्हें भी खुश रखे। देश में अहम चुनाव चल रहा है, स्वाति मालीवाल ज़रूरी नहीं है, देश के मुद्दे ज़रूरी हैं। बीजेपी वालों से खास गुजारिश है इस घटना पे राजनीति न करें।

### हरियाणा कांग्रेस प्रभारी ने जारी किए निर्देश

## लोकसभा चुनाव की परफोरमेंस तय करेगी विधानसभा की टिकट

आधा दर्जन सीटों पर हुड्डा समर्थक प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ी

सिरसा में सैलजा से दूर हुड्डा गुट, बीच चुनाव हाईकमान ने लिया फीडबैक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस को चुनाव के दौरान प्रत्याशियों का भीतरीघात सताने लगा है। जिसके चलते कांग्रेस प्रभारी ने असंतुष्ट नेताओं को पत्र जारी करके निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव में उनकी परफोरमेंस तथा प्रत्याशी के फीडबैक के आधार पर ही विधानसभा में टिकट मिलेगा।

नौ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को अंबाला, फरीदाबाद, भिवानी-महेंद्रगढ़, रोहतक, हिसार और सिरसा लोकसभा सीटों पर भितरघात का नुकसान हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी पार्टी के लोगों से मिले फीडबैक के आधार पर ऐसी आशंका जाहिर की है। हुड्डा की रिपोर्ट के बाद प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने यह कार्रवाई की है।

हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी के चलते पिछले दस वर्षों से संगठन का गठन नहीं हो पाया है। कांग्रेस बिना संगठन के चुनाव में है, लेकिन हुड्डा ने हर जिले में अपना अलग समानांतर संगठन खड़ा कर रखा है, जो कि धरातल पर चुनाव लड़ रहा है। इसके बावजूद उनके पास ऐसा फीडबैक है कि हुड्डा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवारों की राह में रोड़े अटकाए जा रहे हैं।

बाबरिया ने अपने दो पेज के पत्र में कांग्रेस के न्याय युद्ध की 25 गारंटियों का जिक्र करते हुए उन्हें चुनाव में लोगों के बीच ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया, लेकिन आखिर में स्पष्ट चेतावनी जारी कर दी है कि भितघातियों के लिए इसी साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। जिस तह से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हाईकमान ने सिर्फ और सिर्फ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद-नापसंद का ध्यान रखा है, उसी तरह से विधानसभा चुनाव में भी टिकटों के आवंटन में हुड्डा की अनदेखी पार्टी हाईकमान नहीं करने वाला है।

सिरसा लोकसभा एकमात्र ऐसी सीट है, जहां पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा अपने दम पर चुनाव लड़ रही हैं। हुड्डा गुट उनका साथ नहीं दे रहा है। सैलजा के साथ एसआरके गुट यानी रणदीप, किरण, श्रुति, बीरेंद्र, बृजेंद्र और चंद्रमोहन खुलकर खड़े हैं।

हिसार में कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश जेपी के चुनाव में रामनिवास घोडेला और रिटायर्ड आइएएस चंद्र प्रकाश के साथ प्रो. संपत सिंह अभी अपना मन नहीं बना पाए हैं। फरीदाबाद में महेंद्र प्रताप सिंह के साथ हालांकि करण दलाल चलने लगे हैं, लेकिन दिल से साथ हैं, इसकी आशंका स्वयं महेंद्र प्रताप को भी है। गुरुग्राम में फिल्म अभिनेता राज बब्बर के चुनाव में कैप्टन अजय यादव और उनके बेटे राव चिरंजीव कहीं नजर आते हैं तो कहीं दिखाई नहीं देते। भिवानी-महेंद्रगढ़ में राव दान सिंह के साथ किरण चौधरी व श्रुति चौधरी बिल्कुल नहीं हैं। करनाल में दिव्यांशु बुद्धिराजा और करनाल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे तिरलोचन सिंह की जोड़ी स्वयं काम कर रही है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## मामला कोर्ट में हो, आरोपी समन पर पेश हुआ तो ईडी अरेस्ट नहीं कर सकती



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर स्पेशल कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग का केस पहुंच गया है, तो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आरोपी को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के सेक्शन 19 के तहत गिरफ्तार नहीं कर सकती। बेंच ने कहा कि अदालत के समन के बाद अगर आरोपी पेश हुआ है तो यह नहीं माना जा सकता कि वो गिरफ्तार है। एजेंसी को संबंधित अदालत में कस्टडी के लिए अप्लाय करना होगा। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने यह आदेश पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले पर दिया है, जिसमें हाईकोर्ट ने आरोपियों की प्री-अरेस्ट बेल याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस साल जनवरी में आरोपियों को अंतरिम जमानत दी थी। यह केस जमीन घोटाले से जुड़ा है, जिसमें कुछ रेवेन्यू अफसरों को मनी लॉन्ड्रिंग के तहत आरोपी बनाया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी अगर कोर्ट के समन के बाद पेश होता है तो उसे जमानत की अर्जी देने की जरूरत नहीं है। ऐसे में पीएमएल के सेक्शन 45 के तहत जमानत की शर्तें भी लागू नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट समन के बाद अगर आरोपी पेश होता है तो उसकी रिमांड के लिए ईडी को स्पेशल कोर्ट में एप्लिकेशन देनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि कोर्ट तभी एजेंसी को कस्टडी देगी, जब वह संतुष्ट हो जाएगी कि कस्टडी में पूछताछ जरूरी है।

## केजरीवाल को दो जून को करना होगा आत्मसमर्पण: सुप्रीम कोर्ट

'अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा' केजरीवाल के इस बयान पर ईडी ने जताई आपत्ति

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नईदिल्ली, 16 मई।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटले के मामले में गिरफ्तारी के बाद एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को तिहाड़ जेल से रिहा हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चुनावी सभा के एक कथित बयान 'अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा' पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आपत्ति पर गुरुवार को कहा उसका (शीर्ष अदालत) आदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि केजरीवाल दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने केजरीवाल के मामले को 'अपवाद' नहीं बनाया है। उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाना उचित है। पीठ ने आगे कहा कि हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है। हमने एक समय सीमा तय की है कि अमुक तारीख के दौरान को वह जमानत पर हैं और जिस तारीख को उन्हें आत्मसमर्पण करना है (दो जून को, केजरीवाल को आत्मसमर्पण करना होगा)। यह शीर्ष अदालत का आदेश है। शीर्ष अदालत के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल की ओर से कथित तौर पर दिए गए उक्त बयान पर आपत्ति जताई थी। मेहता ने पीठ के समक्ष केजरीवाल के कथित बयान के संदर्भ में दावा करते हुए कहा कि यह (बयान) शीर्ष अदालत के मुंह पर एक तमाचा है। मैं इस पर आपत्ति जताता हूं।

राजनीति

### कांग्रेस के बागियों को पार्टी में शामिल कर उम्मीदवार बनाने के बाद भाजपा नेता बगावत रोकने में नहीं हो रहे कामयाब

## भाजपा उम्मीदवार बने कांग्रेस के बागियों को सता रहा भीतरघात का खतरा!

### भाजपा उम्मीदवार बने कांग्रेस के बागियों को सता रहा भीतरघात का खतरा

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय



**शिमला।** कांग्रेस के बागियों को पार्टी में शामिल कर उम्मीदवार बनाने के बाद भाजपा नेता बगावत रोकने में कामयाब नहीं हो सके हैं। चार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के चार नेता बगावत कर चुनाव मैदान में उतरे हैं। सुजानपुर में कैप्टन रंजीत सिंह राणा और गगरेट में राकेश कालिया भाजपा को अलविदा कहकर कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं धर्मशाला से राकेश चौधरी और लाहौल से रामलाल मारकंडे आजाद प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में हैं। इसके साथ ही सभी 6 विधानसभा क्षेत्र में बहुत से भाजपा नेता कांग्रेस के बागियों को भाजपा में शामिल करने और टिकट देने से खफा है। वह अभी भी खुले तौर पर भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार नहीं कर रहे हैं। जिससे अब कांग्रेस के बागी और भाजपा के उम्मीदवारों को पार्टी नेताओं से ही भितरघात का खतरा बना हुआ है। भाजपा के जो नेता पार्टी से बगावत नहीं कर सके, कहीं वह पार्टी में रहकर ही भितरघात न कर दें। इस खतर के चर्चा भी प्रदेश की सियासत में हो रही है। सियासत में सब कुछ संभव है। अपने राजनैतिक भविष्य को खतरे में डालने से पहले दूसरों को पीछे खींचने में कोई नेता पीछे नहीं रहता है। यह सभी नेता जानते हैं और अपना बचाव करने का प्रयास करते हैं।

धर्मशाला में भाजपा ने कांग्रेस के बागी सुधीर शर्मा को उम्मीदवार बना दिया है। जिससे पूर्व मंत्री और सांसद रहे किशन कपूर ने विरोध भी जताया था, वहीं पूर्व विधायक नैहरिया भी खफा नजर आए थे। पार्टी के प्रति वफादारी रखते हुए इन नेताओं ने बगावत तो नहीं कि लेकिन भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में खुलकर प्रचार में नजर नहीं आ रहे हैं। पार्टी नेताओं के प्रभाव से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में लगे हुए हैं लेकिन विधानसभा के उपचुनावों में प्रचार करते कम ही नजर आ रहे हैं। इसी तरह बड़सर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक बलदेव शर्मा भी कांग्रेस के बागी और भाजपा उम्मीदवार इंद्रदत्त लखनपाल के लिए प्रचार नहीं कर रहे हैं। वह इंद्रदत्त लखनपाल के साथ प्रचार करते कम ही नजर आए हैं। अभी प्रचार के लिए 13 दिन का समय है। इसी तरह कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर पार्टी के लिए तो काम कर रहे हैं लेकिन विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्?टो के प्रचार में कम ही नजर आ रहे हैं। जिस दिन देवेंद्र भुट्?टो ने नामांकन दाखिल किया था, उस समय वीरेंद्र कंवर जरुर भुट्टो के साथ माला पहने हुए नजर आए थे। 6 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के बड़े नेताओं के साथ-साथ दूसरी पंक्ति के नेता भी कांग्रेस के बागियों को भाजपा में शामिल करने और टिकट देने से खफा नजर आए थे। वह भी अभी तक खुलकर प्रचार में नहीं कूदे हैं।

### रुठे नेताओं को मनाने के हो रहे प्रयास

पार्टी में हो रही बगावत और रुठे नेताओं को मनाने के लिए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर लगातार प्रयास कर रहे हैं। रुठे नेताओं से मिलकर संगठन में पदाधिकारी बनाने के आश्वासन दे रहे हैं। कई नेताओं को संगठन में प्रदेश स्तर के पद देकर नवाजा भी जा रहा है। रुठों का मनाने का प्रयास लगातार जारी है। अभी प्रचार के लिए 13 दिन का समय है। देखना होगा कि भाजपा कहां तक रुठों को मनाने में कामयाब होती है और भाजपा उम्मीदवारों को भीतरघात के खतरे को कम करने में सफल होती है।




# अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में टेका मत्था, सभी लोगों की भलाई के लिए की प्रार्थना







अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वीरवार को अमृतसर में सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेका और ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री दरबार साहिब के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए केजरीवाल ने कहा कि वह पंजाब की शांति और कल्याण के लिए यहां अरदास करने आए हैं। सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केंद्र है। यहां नतमस्तक होना मेरे लिए भी सौभाग्य की बात है। जेल से निकलने के बाद अरविंद केजरीवाल पहली बार पंजाब आए हैं। उन्होंने अमृतसर में भगवंत मान के साथ एक रोड शो भी किया। इस दौरान उनके साथ अमृतसर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप धालीवाल और बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद थे।

उधर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वीरवार को अमृतसर में श्री दुर्गियाना मंदिर में मत्था टेका और पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने पंजाब की शांति और समृद्धि के लिए श्री दुर्गियाना मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने माता से पंजाब के लोगों की तरक्की और खुशी के लिए प्रार्थना की है। माता का आशीर्वाद हमेशा लोगों के साथ रहे, यही मेरी कामना है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह जेल से निकलने के बाद पहली बार पंजाब आए हैं। उन्होंने अमृतसर में भगवंत मान के साथ एक रोड शो भी किया।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरदासपुर से आप उम्मीदवार शैरी कलसी के लिए किया प्रचार, कादियां में की विशाल जनसभा

# अब पंजाब में बिजली की कोई कमी नहीं, इस बार भी धान की फसल के लिए बिना कट मिलेगी बिजली : मान

दो वर्षों में किए कामों के नाम पर मांग रहे हैं वोट, जनता बोली-जो काम 75 साल में नहीं हुए वो काम 2 साल में हुए, लोगों का मिल रहा है भरपूर समर्थन : शैरी कलसी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरदासपुर/चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को गुरदासपुर से आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार शैरी कलसी के लिए चुनाव प्रचार किया। मान ने यहां प्रताप बाजवा के विधानसभा क्षेत्र कादियां में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और लोगों से आम आदमी पार्टी को जिताने की अपील की।

लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा गुरदासपुर के पिछले सांसदों पर जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया और कहा कि गुरदासपुर लोकसभा से अभी तक जितने भी सांसद हुए उनमें से किसी ने भी यहां के लोगों के लिए काम नहीं किया। सभी ने सिर्फ अपना और अपने परिवार का विकास किया।

मान ने कहा कि इस बार आपके पास अपनी पिछली गलती सुधारने का मौका है। शैरी कलसी आपके घर का लड़का है। वह इस इलाके के लोगों और उनकी समस्याओं को जानता है। इसको जिताओ, सांसद बनने के बाद आप इसके घर पर पहुंच कर अपना काम करवा सकते हो। दूसरे नेता आपको जीतने के बाद यहां दिखाई नहीं देंगे।

मान ने कांग्रेस नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाजवा के मुख्यमंत्री बनने के सपने की भ्रूणहत्या कर दी और इसका दोष वह हमपर लगाते हैं। वह हमारे विधायकों को मोबाइल रिपेयर करने वाला और मेटेरियल बोलते हैं। मान ने कहा कि बाजवा कहते हैं कि मेरे संपर्क में आम आदमी पार्टी के 32 विधायक है। जबकि उनका सगा भाई भी उनके संपर्क में नहीं है। उन्होंने कहा कि बाजवा का घर पंजाब का एकलौता ऐसा घर है जिसमें भाजपा और कांग्रेस दोनों का झंडा लगा हुआ है। दोनों के बीच में सिर्फ कुछ सीढ़ियों का फासला है।



मान ने सुखबीर बादल पर भी हमला बोला और कहा कि वह एसी में रहने वाले लोग हैं। वह टेम्परेचर पूछकर बाहर निकलते हैं। जब बाहर का टेम्परेचर 30-32ए होता है तब वह दो घंटे के लिए अपनी पंजाब बचाओ यात्रा निकालते हैं। ऐसे लोग आम लोगों के दुख दर्द को क्या समझेंगे!

उन्होंने कहा कि दरअसल प्रताप बाजवा और सुखबीर बादल का व्यवहार राजे-रजवाड़े जैसा है। वे दोनों आमलोगों को कुछ नहीं समझते हैं। बाजवा आम लोगों को मेटेरियल कहते हैं और सुखबीर बादल मलंग कहते हैं। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि यह लोकतंत्र है। जनता बड़े-से-बड़े राजे रजवाड़े को अर्श से फर्श पर ला देती है।

मान ने कहा कि जेल से निकलने के बाद आज अरविंद केजरीवाल पहली बार पंजाब आ रहे हैं। आज से हमारे प्रचार अभियान को और मजबूती मिलेगी। भाजपा वालों को यह गलतफहमी थी कि अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल कर वह आम आदमी पार्टी को खत्म कर देंगे, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि आम आदमी पार्टी एक नदी की तरह है और नदी अपना रास्ता खुद बनाती है। नदी को बहने से नहीं रोका जा सकता।

पंजाब के किसान और कृषि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए मान ने कहा कि पंजाब के किसानों का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। मैंने मुख्यमंत्री बनने के बाद अफसरों की एक मीटिंग बुलाई और कहा कि कि किसानों को दिन में ही बिना कट लगाए लगातार बिजली दी जाए, ताकि उनका समय और ऊर्जा व्यर्थ बर्बाद न हो।

वहीं हम पंजाब का पानी बचाने के लिए भी दिन रात काम कर रहे हैं। हमने पंजाब के 59 प्रतिशत खेतों में नहरी पानी पहुंचाया है। मार्च 2022 में जब मैं मुख्यमंत्री बना था तब सिर्फ 21 प्रतिशत खेतों में नहर का पानी पहुंच रहा था। अक्टूबर तक हम 70 प्रतिशत खेतों में नहरी पानी पहुंचा देंगे, जिसके बाद पंजाब में करीब 6 लाख ट्यूबवेल बेकार हो जाएंगे। फिर सरकार के करीब 5000 से 6000 करोड़ रुपए बचेंगे। उस पैसे से हम अपनी माताओं बहनों को 1000 रू हर महीना देंगे। हम अपनी सभी गारंटियों को पूरा करने का हिसाब लगाकर बैठे हैं।

### किसानों का किया धन्यवाद

मान ने पंजाब के किसानों को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके एक अनुरोध पर 33 प्रतिशत किसानों ने पूसा-44, जिसे तैयार होने में 150 दिन से अधिक का समय लगता है, की बजाय पीआर-126, पीआर-127, पीआर-128 आदि की खेती की, जिससे 477 करोड़ रुपये की बिजली और 5 अरब क्यूसेक पानी की बचत हुई।

उन्होंने कहा कि इस बार भी धान के फसल के लिए किसानों को दिन में ही बिना कट के लगातार बिजली मिलेगी क्योंकि अब पंजाब में बिजली की कोई कमी नहीं है। अब पंजाब दूसरे राज्यों को बिजली बेचता है। उन्होंने कहा कि हमने पंजाब में बिजली की समस्या दूर करने के लिए एक निजी थर्मल पावर प्लांट खरीदा और झारखंड का अपना कोल माइन दोबारा शुरू किया।

उन्होंने कहा कि यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि हमारी नीयत साफ है। मैं राजनीति में पैसे कमाने के लिए नहीं आया हूं। मुझे बस में, व्यापार में और होटल में हिस्सा नहीं लेना है। मैं तीन करोड़ पंजाबियों के दुख दर्द में हिस्सा लेना चाहता हूं।

लोगों को संबोधित करते हुए आप उम्मीदवार शैरी कलसी ने कहा कि हम जाति धर्म के नाम पर नहीं, हम अपनी सरकार के पिछले दो वर्षों में किए कामों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। लोग आप सरकार के कामों से काफी प्रभावित हैं। मैं प्रचार के लिए जहां भी जाता हूं जनता खुद बोलती है कि जो काम 75 सालों में नहीं हुए वो काम मान सरकार ने सिर्फ दो साल में कर दिए।

## सी-विजिल एप पर प्राप्त सभी 421 शिकायतों का निपटारा : डॉ अग्रवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर के जिला चुनाव अधिकारी डॉ हिमांशु अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सी-विजिल एप पर प्राप्त सभी 421 शिकायतों का निपटारा निर्धारित समय में कर दिया गया है। जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि विधानसभा हलका आदमपुर में 26 शिकायतें, विधान सभा हलका जालंधर कैंट में 87, विधान सभा हलका जालंधर सेंट्रल में 61, विधान सभा हलका जालंधर नार्थ में 127, विधान सभा हलका जालंधर वेस्ट में 64, विधान सभा हलका करतारपुर में 30, विधान सभा हलका नकोदर में 10, विधान सभा हलका फिल्लौर में 10 और विधान सभा हलका शाहकोट में छह शिकायतें प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि इन सभी शिकायतों का 100 मिनट के निर्धारित समय में संबंधित सहायक रिर्टिनिग अधिकारी द्वारा निपटारा किया गया।

## कार-ट्रक में टक्कर तीन लोग घायल, गुरुद्वारा में माथा टेककर लौट रहे थे वापस

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

**खन्ना।** खन्ना के नजदीकी क्षेत्र खमाणों रोड पर बने गांव सलौदी के पास ट्रक व गाड़ी की सीधी टक्कर हो जाने से महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायलों को राहगीरों ने एंबुलेंस के द्वारा खन्ना के सिविल अस्पताल में पहुंचाया। जहां बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों घायल अमलोह इलाके के गांव सलाणी के रहने वाले हैं।

जानकारी के अनुसार कार में 65 वर्षीय महिला मनजीत कौर, उनका भतीजा लखविंदर सिंह (30) और मनप्रीत सिंह कार में सवार थे। वे गोह गांव में स्थित गुरुद्वारा में माथा टेकने के बाद वापस खमाणों रोड से खन्ना आ रहे थे। सलौदी के पास इनकी कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।



हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार तीनों घायल हो गए। मनजीत कौर की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें रेफर करना पड़ा।

वहीं हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। पुलिस का कहना है कि घायल लोगों के बयान और उनकी शिकायत के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अमृतसर में बीएसएफ ने किया एक ड्रोन बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र से एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि सुबह के समय, ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में सीमा बाड़ के आगे एक ड्रोन की गतिविधि को रोका। प्रोटोकॉल के अनुसार, बीएसएफ जवानों ने तुरंत ड्रोन की गतिविधि पर नज़र रखी और उसे निष्क्रिय करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि ड्रोन के संभावित ड्रॉपिंग जोन की घेराबंदी कर दी गयी और एक व्यापक खोज में जिले के बल्हरवाल गांव के पास सीमा बाड़ के आगे एक खेत में एक क्वाडकॉप्टर बरामद हुआ। बरामद क्वाडकॉप्टर की पहचान चीन निर्मित डीजेआई मविक 3 क्लासिक के रूप में की गयी है।

## लॉकडाउन में हुई शराब तस्करी व खनन पर जवाब दे ढिल्लों : परमिंदर शर्मा

अकाली दल प्रत्याशी के भाई ने लालड़ू में किया चुनाव प्रचार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लालड़ू। पटियाला लोकसभा हलके से शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी एन.के.शर्मा के भाई परमिंदर शर्मा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा है कि डेराबस्सी हलके के लोग आज भी लॉकडाउन के दौरान हुई शराब की तस्करी तथा खनन की घटनाओं को भूले नहीं हैं। कांग्रेस प्रत्याशी धरमवीर गांधी के लिए वोट मांगने से पहले इस हलके के दलबदलू नेता दीपेंद्र सिंह ढिल्लों लोगों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी जवाब दें। परमिंदर शर्मा आज अपने भाई एन.के.शर्मा के समर्थन में लालड़ू में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लालड़ू शहर के कई वार्डो तथा कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाया। परमिंदर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में महारानी परनीत कौर जब संसद व मंत्री थी तो दीपेंद्र ढिल्लों को अपने एजेंट के रूप में इस हलके में छोड़ देती थी। लॉकडाउन में जहां अकाली दल के सभी कार्यकर्ता तथा एन.के. शर्मा ने कोरोना मरीजों के लिए उपचार केंद्र खोल रखे थे और दवाइयां बांट रहे थे वहीं दीपेंद्र ढिल्लों के करीबियों की ओर से शराब तस्करी व खनन करते हुए के वीडियो भी वायरल हुए। अवैध खनन पर ढिल्लों पैसों की गुराही करते रहे। डेराबस्सी हलके के लोग लॉकडाउन में भगोड़े हुए इन नेताओं के साथ बदला लेने के लिए आतुर हैं। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान बहुत से लोगों ने दान स्वरूप राशन दिया लेकिन उस समय के कांग्रेस के हलका इंचार्ज रहे ढिल्लों व उनके समर्थकों ने राशन को बांटने की बजाय डेराबस्सी व जीरकपुर के एक होटल में स्कूल में स?ने दिया। राशन को जरूरतमंदों को बांटने की बजाए बेचने का काम किया गया।



दीपेंद्र ढिल्लों कभी कांग्रेस,कभी अकाली दल तो कभी आजाद चुनाव लड़ चुके हैं लेकिन उनकी हसरत कभी पूरी नहीं हुई। कुछ महीने पहले तक परनीत कौर के लिए काम करने वाले दीपेंद्र ढिल्लों आज आम आदमी पार्टी से कांग्रेस में आए धरमवीर गांधी के लिए वोट मांग रहे हैं यह कैसा किरदार है।

## पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी द्वारा डिप्टी कमिशनरों, सी. पी व एस.एस.पी के साथ की बैठक, कहा-

# 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिला अधिकारियों को ठोस योजना तैयार करें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतमयी मतदान यकीनी बनाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने आज सभी जिला निर्वाचन अफसरों-कम-डिप्टी कमिशनरों, पुलिस कमिशनरों और एस. एस. पीज के साथ उच्च-स्तरीय मीटिंग की। मीटिंग के दौरान उन्होंने राज्य में 1 जून, 2024 को पड़ने वाली वोटों सम्बन्धी जिला स्तर पर किये गए प्रबंधों का जायजा लिया।

वीडियो कानफरंसिंग के द्वारा समीक्षा मीटिंग करते हुये सिबिन सी ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गए सभी दिशा-निर्देशों की स?ती के साथ पालना को यकीनी बनाने के लिए कहा। उन्होंने राज्य भर में नशीले पदार्थों, नकदी, हथियार, और अन्य ?र कानूनी वस्तुओं की आमद को रोकने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख्ती से पालना के साथ-साथ उड़न दस्तों और आबकारी टीमों के गठन सहित सरहदी जांच चौकियाँ स्थापित करने पर जोर दिया।




वोटों वाले दिन संभावित गर्मी के मद्देनजर सिबिन सी ने अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में सभी पोलिंग स्टेशनों पर जरूरी सहूलतें यकीनी बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि निष्पक्ष और शांतमयी चुनाव प्रक्रिया को यकीनी बनाते हुये 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव कदम उठाए जाएँ।

सिबिन सी ने अधिकारियों को पोलिंग बूथों पर वोटरों की सुविधा के लिए अलग-अलग सुविधाओं जैसे कि वोटरों को आकर्षित करने के लिए गुलाबी और हरे रंग के पोलिंग बूथों के साथ-साथ नौजवानों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अलग बूथ लगाने के लिए भी कहा। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग वोटरों के लिए विशेष सहूलतों का प्रबंध करने के साथ-साथ राज्य भर के हर पोलिंग स्टेशन पर कम से कम एक व्हीलचेयर की उपलब्धता यकीनी बनाने के लिए भी कहा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा को यकीनी बनाने और अमन-कानून की स्थिति कायम रखने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उन्होंने केंद्रीय बलों की तैनाती और अन्य प्रबंधों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने जिला अधिकारियों से वोटर सूचियों की अंतिम प्रकाशना की स्थिति और वोटर स्लिपों के वितरण के प्रबंधों के बारे भी जानकारी माँगी।

मीटिंग के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग की हिदायतों अनुसार पोस्टल बैलटों की प्राप्ति के प्रबंधन, स्ट्रांग रूमों में सुरक्षा प्रबंधों और सी. सी. टी. वी/ वीडीओग्राफी सैट्टअप्प के लिए उचित प्रबंधों की समीक्षा भी की। उन्होंने गिनती केन्द्रों में हरेक टेबल पर माईक्रो-ऑब्जरवर तैनात करने और काऊंटिंग हालों में उचित प्रबंध यकीनी बनाने की महत्ता पर भी जोर दिया।

सिबिन सी ने गिनती केन्द्रों के अंदर और बाहर बैरीकेडिंग और गिनती केन्द्रों तक ई. वी. एम. मशीनें लेकर जाने वाले रास्तों का जायजा भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को यह यकीनी बनाने के लिए कहा कि आयोग की हिदायतों अनुसार वी. वी. पी. ए. टी. पेपर स्लिपों की तस्दीक के लिए इन क्षेत्रों को उचित ढंग के साथ सैनीटाईज करने के लिए जरुरी कदम उठाए जाएँ। उन्होंने पोलिंग स्टेशनों पर इन्टरनेट के लिए उचित प्रबंध करने के लिए भी कहा।

उन्होंने अधिकारियों को 'ऐनकोर' एप पर वोटर टर्न-आउट डाटा दाखिल करने के लिए सुचारू प्रबंध करने के लिए कहते हुये दफ्तर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी को वैबसाईट के द्वारा समय पर रिपोर्टें भेजने के निर्देश भी दिए जिससे पोलिंग डाटा को उचित ढंग के साथ इकट्ठा किया जा सके।

# सुभाष चावला के भाजपा में जाने से किसे मिलेगा लाभ, किसको होगा नुकसान

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 16 मई।** चंडीगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शहर के दो बार मेयर रह चुके सुभाष चावला के बुधवार को भाजपा में शामिल होने के बाद चंडीगढ़ की राजनीति में उबाल आ गया है। एक तरफ खुशियां तो दूसरी तरफ परेशानियों का मंजर देखने को मिल रहा है।

अर्थ प्रकाश ने इस मामले पर विभिन्न लोगों से बातचीत की, जिसका विश्लेषण इस प्रकार है।

भारतीय जनता पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि चूंकि सुभाष चावला कांग्रेस के पूर्व प्रधान और दो बार शहर के मेयर जैसे प्रतिष्ठित पदों पर दो दशकों तक काम कर चुके हैं। इस दौरान उनकी शहर के अपनी पार्टी के साथ और विपक्ष के नेताओं के साथ भी मित्रवत संबंध रहे हैं। उन्होंने कभी किसी अन्य दल के नेता को शत्रु या दुश्मन नहीं कहा। उनके 40 वर्षों के कार्यकाल का अनुभव पूरा शहर क्या ट्राईसिटी की राजनीति की बिरादरी भी जानती है। इसलिए भाजपा को उनके आने का बड़ा लाभ मिलेगा।



### कोई फर्क नहीं पड़ेगा: हरमेल केसरी



कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जनरल सेक्रेटरी और मौजूदा समय में मनीष तिवारी के पक्के समर्थक और चुनावी प्रचार अभियान में अपने दलबल के साथ कार्यकर्ताओं का हर रोज उत्साह व जोश बढ़ाने वाले हरमेल केसरी का कहना है कि सुभाष चावला के जाने से इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी मनीष तिवारी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। क्योंकि चंडीगढ़ की संसदीय सीट की लड़ाई अब पूर्ण रूप से मनीष तिवारी के पक्ष में आंधी बनकर आ गई है। मनीष तिवारी आने वाली पहली जून के चुनाव में भारी अंतराल से जीतने जा रहे हैं और चूंकि यह राष्ट्रीय मुद्दों के साथ भी जुड़ा मुद्दा है, इसलिए आगामी 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। जिसमें मनीष तिवारी को भी पूरा मान सम्मान मिलेगा। फिलहाल यह तो एक काल्पनिक परिदृश्य है। आने वाले चुनाव परिणाम क्या होंगे यह कह पाना समय के पूर्व होगा।

## अर्थ प्रकाश की भाजपा व कांग्रेस के कुछ नेताओं से विशेष बातचीत

### कांग्रेस पार्टी के बड़े कद्दावर नेता को ऐसा व्यवहार शोभा नहीं देता: राजीव शर्मा



चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता एवं पेशे से एडवोकेट राजीव शर्मा ने सुभाष चावला के भाजपा का दामन थामने की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि पार्टी के इतने बड़े कद्दावर नेता को ऐसा व्यवहार शोभा नहीं देता। माना कि कभी पार्टी में ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं जहां जूनियर सीनियर के बीच मनमुटाव पैदा होने लग जाते हैं। किन्तु एक सुलझे हुए लीडर को ऐसी परिस्थितियों एवं हालात का सामना करना चाहिए। मान सम्मान पर भी कई बार आंच आती है, इसलिए पार्टी के वर्तमान नेतृत्व को भी इस पर मंथन करने की जरूरत है। किन्तु मान सम्मान से ज्यादा जरूरत पार्टी के प्रति निष्ठा की होती है। जिसे दांव पर लगाना अनुचित है।

### कांग्रेस का काला दिन: साहिल दुबे



इंटक कांग्रेस चंडीगढ़ के प्रवक्ता एवं कांग्रेस के युवा नेता साहिल दुबे का मानना है कि सुभाष चावला का भाजपा में जाना कांग्रेस पार्टी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस के भीष्मपितामह कहे जाने वाले नेता यदि पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में जाते हैं तो हाईकमान को इस पर मंथन करना जरूरी होगा। साहिल ने कहा कि चंडीगढ़ कांग्रेस इकाई में ऐसा क्या हो रहा है जिससे सैंकड़ो की संख्या में कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ता दूसरी पार्टी में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रकरण कांग्रेस का काला दिन के नाम से जाना जाएगा।

### सुभाष चावला के अनुभवों का भाजपा को मिलेगा लाभ: चंद्रशेखर



चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं दिग्गज नेता चंद्रशेखर ने कहा कि सुभाष चावला के पुराने अनुभवों का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलना लगभग तय है। उनके आने से शहर के भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन को पहली जून को होने वाले चुनाव में बड़ा लाभ मिलेगा। चावला के भाजपा में आने से पार्टी के कार्यकर्ताओं में नये जोश का संचार होगा और उनका जोश भी बढ़ेगा। उनके लंबे तर्जुबे का लाभ अब भाजपा को मिलेगा।

### भाजपा की जीत का मार्जिन होगा डबल: देवशाली



चंडीगढ़ नगर निगम के पूर्व पार्षद भाजपा के युवा नेता शक्तिप्रकाश देवशाली ने कहा कि सुभाष चावला की कांग्रेस में 40 वर्षों की पुरानी पैठ एवं अनुभव है। उनके अनुभवों का लाभ भाजपा को इस चुनाव में अवश्य मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पहली जून को होने वाले संसदीय चुनाव में भाजपा को डबल लाभ मिलेगा। हालांकि भाजपा पहले से ही जीत की तरफ अग्रसर है, किन्तु चावला के आने से संजय टंडन की जीत की मार्जिन डबल हो जाएगी। इसके अलावा कांग्रेस इस चुनावी समर में जो धरातल पर थी अब सीधे रसातल में पहुंच जाएगी।

### अब और भी भाजपा में शामिल होने का बनायेंगे मन: सशांक



भाजपा युवा मोर्चा चंडीगढ़ के प्रदेश महामंत्री सशांक दूबे ने कहा कि सुभाष चावला के भाजपा में आने से बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि चावला दो बार शहर के मेयर और कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके 4 दशकों के लंबे अनुभव का भारतीय जनता पार्टी को बड़ा लाभ मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। सशांक का यह भी मानना है कि चावला के आने से कांग्रेस के उनके सैंकड़ो अनुयायी भी भाजपा में शामिल होने का मन बनाएंगे। क्योंकि जब बड़ा नेता अपनी चाल और राह बदलता है तो उसके दल के अन्य कार्यकर्ताओं और नेताओं पर भी असर पड़ता है।

# चुनाव का अलग रंग: संजय टंडन ने बस में सवार होकर किया प्रचार

- सफर के दौरान यात्रियों से जाने शहर में बदलाव के सुझाव
- सेक्टर-17 बस अड्डे से सेक्टर-26 तक किया बस में सफर
- यात्रियों ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की तारीफ और बोले इस बार भी 'आएगा तो मोदी' ही

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 16 मई।** भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन चुनाव प्रचार के दौरान सेक्टर-17 बस अड्डे पर पहुंचे और बसों की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों से संवाद किया। यात्री भी अचानक संजय टंडन को अपने बीच पाकर उत्साहित नजर आए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को गिनाया और शहर के विकास कार्यों बारे अवगत कराया।

बस अड्डे पर चुनावी प्रचार अभियान के तहत यात्रियों का उत्साह उस समय दोगुना हो गया, जब संजय टंडन ने उनके साथ बैठकर सेक्टर-17 बस अड्डे से लेकर सेक्टर-26 तक इलेक्ट्रिक बस में सफर भी किया। सफर के दौरान उन्होंने यात्रियों से शहर के विकास के लिए सुझाव लिए। इस दौरान यात्रियों ने भाजपा के विकास कार्यों की प्रशंसा भी की। एक यात्री ने बातचीत के दौरान बताया कि वे उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, लेकिन पिछले लंबे समय से चंडीगढ़ में रह रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में सिटी ब्यूटीफुल में बदलाव आया है। ट्रांसपोर्ट के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है और स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़कों के तंत्र में सुधार हुआ है।

इसके साथ ही उन्होंने यात्रियों से शहर की सुविधाओं के बारे में पूछा कि क्या उन्हें सिटी ब्यूटीफुल की सुविधाएं भी ब्यूटीफुल लगती हैं। यात्रियों ने जवाब दिया कि सिटी ब्यूटीफुल खूबसूरती के साथ विकास का मॉडल भी है। इसके साथ ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट बेहतर है। यात्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि इस बार भी 'आएगा तो मोदी' ही।

एक अन्य यात्री ने बातचीत के दौरान बताया कि वह पंचकूला में रहता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा है, जिससे से गरीब तबका लाभान्वित हुआ है। आयुष्मान भारत योजना से गरीब लोगों के इलाज की टेंशन खत्म हो गई है। पांच लाख रुपये का इलाज उन्हें मुफ्त मिल रहा है। इसके साथ ही गरीबों को राशन मुहैया कराया जा रहा है। यही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है। 25 करोड़ गरीब लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

### यात्रियों के सफर को बनाया जा रहा है सुगम: टंडन

भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन ने कहा कि सिटी ब्यूटीफुल में यात्रियों के सफर को सुगम बनाया जा रहा है। रोडवेज बेड़े में सामान्य बसों के साथ इलेक्ट्रिक और एसी बसें शामिल की गई हैं। चंडीगढ़ में 78 इलेक्ट्रिक बसें हैं, जोकि ट्राइसिटी चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में संचालित हैं। इसके साथ ही लंबे रूट और अंतरराज्यीय रूटों पर 120 एसी बसें संचालित हैं, जिनका किराया साधारण बस के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा है, जिनमें यात्री सुगमता के साथ सफर कर रहे हैं। भाजपा के गौरव गोयल प्रदेश सचिव, सुशील अग्रवाल, शीनू अग्रवाल, वागीश, वरिंदर, विशाल, संजीत, गगन, जीनत राणा भी मौजूद थे।

# कांग्रेस में है देश के लिए शहादत देने की परंपरा, भाजपा में नहीं: तिवारी



अर्थ प्रकाश संवददाता

**चंडीगढ़, 16 मई।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मनीष तिवारी ने कहा है कि खास 'जुमलेबाजी' के साथ केवल राष्ट्रवाद की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी के विपरीत कांग्रेस और उसके नेताओं की देश के लिए शहादत देने की परंपरा और इतिहास है।

तिवारी ने गरीबों को मुफ्त मासिक राशन को दोगुना करने, गरीब परिवारों को हर महीने 8500 रुपये देने और सभी स्नातकों व डिप्लोमा धारकों के लिए पहले साल नौकरी की गारंटी सहित कांग्रेस की कल्याणकारी गारंटियों को दोहराया।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक सवाल कि भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि कांग्रेस की तुलना में भाजपा शासन में भारत मजबूत हुआ है, पर पलटवार करते हुए तिवारी ने कहा कि मौखिक रूप से हां, लेकिन व्यावहारिक तौर पर नहीं, क्योंकि वास्तव में यह कमजोर हुआ है÷। इस दौरान उन्होंने चीन द्वारा भारत की जमीन पर कब्जा करने और भाजपा नेतृत्व द्वारा डरपोक चुप्पी साधने का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान ही स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित किया था और एक नया देश बांग्लादेश बनाया था। उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी और राजीव गांधी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

तिवारी, जिनके पिता प्रोफेसर विश्वनाथ तिवारी की भी पंजाब में आतंकवाद के दौरान पंजाब के उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, ने भाजपा नेतृत्व को एक भी ऐसा उदाहरण बताने की चुनौती दी, जहां उनके नेताओं ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी हो या देश को गौरवान्वित किया हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षित दूरी से भारत माता की जय जैसे नारे लगाना और वास्तव में ऐसा करना दोनों अलग-अलग बातें हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वास्तव में भारत माता को विजयी बनाने में विश्वास करती है, जैसा कि उसने 1971 में किया था।



*चंडीगढ़। श्री आनंदपुर साहिब लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर सुभाष शर्मा आज पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी से मिले।*

# कुण्डी कनेक्क्शन से मनीष तिवारी की जनसभा हो रही थी रोशन, भाजपा ने दी लिखित शिकायत

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 16 मई।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के इलेक्शन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश शर्मा बताया कि पार्टी ने बिजली चोरी के मामले में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव आयोग को शिकायत भेजी है। चुनाव आयोग चंडीगढ़ के रिर्टनिंग अधिकारी को भेजी शिकायत में भाजपा ने इंडी गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार मनीष तिवारी, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हरमोहिंद्र सिंह लक्की और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

चुनाव आयोग को भेजे पत्र में उन्होंने कहा कि 15 मई 2024 को वार्ड नंबर 31, सेक्टर 52, चंडीगढ़ में मनीष तिवारी और उनके सहयोगियों द्वारा एक सार्वजनिक सभा बुलाई गई थी, जिसमें कार्यकर्ताओं ने बिजली चोरी की, जोकि बिजली अधिनियम की धारा 138 और भारतीय दंड संहिता की धारा 379 का उल्लंघन है।

यही नहीं राजेश ने शिकायत के साथ बिजली चोरी की अवैध गतिविधि का वीडियो भी साक्ष्य के तौर पर चुनाव आयोग को सौंपा है। भाजपा ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने अवैध कनेक्शन यानी कुंडी लगाकर बिजली चोरी की, जिससे आसपास के निवासियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। बिजली चोरी से बड़ा हादसा हो सकता था आसपास के लोगों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया गया।

बता दें कि मनीष तिवारी ने जनसभा के दौरान बिजली विभाग से अनुमति नहीं ली और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीधी कुंडी लगाकर बिजली चोरी की। यह कानूनी उल्लंघना के साथ आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना में भी आता है। भाजपा की ओर से चुनाव आयोग को लिखे पत्र में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है।

# युवा करेंगे नैया पार, अब घर-घर वादों की हो रही बौछार

## पीयू व अन्य शिक्षण संस्थानों में चुनावी रंग चढ़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मई।** लोकसभा चुनावों के रंग में रंगे सिटी ब्यूटीफुल में आखिर युवा कैसे अछूता रह सकते हैं। जैसे जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है पीयू और पैक के अलावा तमाम शिक्षण संस्थानों पर इसका रंग चढ़ना शुरू हो गया है। युवा और कर्मचारी वर्ग को साधने में जुटे उम्मीदवारों की घर घर रेस शुरू हो गई है। अर्थ प्रकाश की ओर से आज सेक्टर 12 से 15 तक के तमाम पोलिंग बूथों की बात की जाएगी, जो ना सिर्फ शिक्षा का हब माना जाता है बल्कि यूटी के कर्मचारियों के अधिकतर मकान भी इन्हीं सेक्टरों में आते हैं। अनुमानित आबादी के आधार पर इन पोलिंग बूथों में 11915 मतदाता हैं, जिनमें 6031 महिलाएं और 5884 पुरुष मतदाता हैं। ऐसे में प्रत्याशियों की घर घर जाकर वादों की बौछार लगातार जारी है। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज सेक्टर 12 के अंतर्गत आने वाले ईडब्ल्यूएस हाउस, नीलगिरी अपार्टमेंट के अलावा सेक्टर 14 के टीचर्स फ्लैट भी शामिल हैं। इन्हीं पोलिंग बूथों में सेक्टर 15 तक बूथ मार्किट, एससीएफ, धोबी घाट, निरंकारी भवन भी आते हैं।

| क्र.सं. | पोलिंग स्टेशन | पोलिंग स्टेशन लोकेशन | पोलिंग क्षेत्र | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 140. | सेक्टर 12 | गवर्नमेंट प्राईमरी स्कूल सेक्टर 12 | टाइप-1 सेक्टर 12 म.नं. 27 से 173 व 201 से 211, टाईप 2 म.नं. 1 से 44, टाईप-3 म.नं. 1 से 127, टाईप-4 1 से 64, टाईप 8 एच, सेक्टर 12 म.नं. 1 से 10 टाईप 11 जेसी | 434 | 436 | 0 | 870 |
| 141. | सेक्टर 12 | गवर्नमेंट प्राईमरी स्कूल सेक्टर 12 | टाइप-13-डी म.नं. 1 से 40, टाइप 13-जे 1 से 12, टाईप 13जेई 1 से 24, टाईप 13 जे एफएफ 1 से 50, टीचर फ्लैट 1 से 26 निवेदिता हॉस्टल 1 से 141, टाईप बी1 1से 22 टाईप 13 जेसी 1 से 19, एच.एस.क्यू. 1 से 7 टाईप सी 1 से 26, ओडीएच 1 से 54, गेस्ट हाउस, जीवन ज्योति चर्च, एनएफएच, अपर कैफेटेरिया मैस, श्री राधा कृष्ण मंदिर, श्री गुरू रविदास भवन, मैरिड डाक्टर हास्टल 1 से 126, वर्किंग वूमन हॉस्टल, संजीवन हॉस्टल, स्विमिंग पूल श्री हरि मंदिर, वार्डन हाउस वर्किंग वूमन होस्टल, हंसराज धर्मशाला, टाईप11-एच 1 से 24, टाईप 12एच-1 से 18, टाईप 12जेसी | 409 | 415 | 0 | 824 |
| 142. | सेक्टर 12 | जिमनेशियम हॉल सीसीए, पीईसी, सेक्टर 12 | पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज 1 से 5033, ईडब्ल्यू एस हाउस, 1 से 134 व 1001 से 1026 व 1101 से 1106, नीलगिरी अपार्टमेंट 201 से 318, विंध्या बैरक, कुरुक्षेत्र बैरक, अरावली बैरक, हिमालय बैरक, फैकल्टी गैस्ट हाउस, शिवालिक बैरक, बूथ नं. 101 से 119 एवं 220 से 235, मैंटीनेंस | 427 | 327 | 0 | 754 |
| 143. | सेक्टर 14 | अंकुर नर्सरी स्कूल, पंजाब यूनिवर्सिटी, सेक्टर 14 | टीचर फ्लैट सेक्टर 14 म.नं. 1 से 44, सर्वेंट क्वार्टर 1 से 77, न्यू टीचर फ्लैट 1 से 15, धोबी घाट 1 से 12, ब्लाक ए 1 से 24, भारत स्काउट एंड गाइड 1 से 8, ब्लॉक डब्ल्यू सर्वेंट क्वार्टर नजदीक हॉस्टल नं. 6 से 7 नं. 1 से 36, गेस्ट हाउस सर्वेंट क्वार्टर, ट्यूबवैल, एल-46, वार्डन हाउस 1 से 12, हॉस्टल नं. 5 नं. 1 से 28, अंकुर नर्सरी स्कूल, श्री राधा कृष्ण मंदिर, हॉस्टल नं. 1, पंजाब यूनिवर्सिटी | 421 | 381 | 0 | 802 |
| 144. | सेक्टर 14 | अंकुर नर्सरी स्कूल, पंजाब यूनिवर्सिटी, सैक्टर 14 | ब्लॉक बी म.नं. 1 से 292, ब्लॉक डी 1 से 60 ब्लॉक ई-1 म.नं. 1 से 116 | 379 | 376 | 0 | 755 |
| 145. | सेक्टर 14 | अंकुर नर्सरी स्कूल, पंजाब यूनिवर्सिटी, सैक्टर 14 | ब्लॉक सी नं. 1 से 196, ब्लॉक ई 1 से 54 ब्लॉक एफ-1 नं. 1 से 20 व 31 से 34, ब्लॉक जी 1 से 20, ब्लॉक एच एससीएफ सेक्टर 14 फ्राम 1 | 427 | 411 | 0 | 838 |
| 146. | सेक्टर 15 | डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 15ए | सेक्टर 15ए मकान नं. 1 से 269 | 589 | 568 | 0 | 1157 |
| 147. | सेक्टर 15 | डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 15ए | सेक्टर 15ए मकान नं. 270 से 521 इंटरनेशनल ब्वाय हॉस्टल, रामा कृष्णा मिशन आश्रम | 588 | 601 | 0 | 1189 |
| 148. | सेक्टर 15 | डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 15ए | सेक्टर 15बी मकान नं. 1003 से 1220 डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल | 390 | 416 | 0 | 809 |
| 149. | सेक्टर 15 | डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 15ए | सेक्टर 15बी मकान नं. 1221 से 1378 लाजपत राय भवन, सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 15-डी, पंजाब कांग्रेस भवन, गुरु गोविंद सिंह भवन, रेड क्रॉस भवन, पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट ब्वाय जनरल हॉस्पीटल सेक्टर 15, वार्डन हाउस | 307 | 311 | 0 | 608 |
| 150. | सेक्टर 15 | डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 15सी | सेक्टर 15सी मकान नं. 2001 से 2255, एससीएफ 1 से 31, आशियाना (बाल निकेतन सोसायटी) गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चर्च | 557 | 571 | 0 | 1128 |
| 151. | सेक्टर 15 | डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 15सी | सेक्टर 15 डी मकान नं. 3001 से 3315, ओल्ड एज होम, सेक्टर 15-डी, एमसी स्टोर | 547 | 531 | 0 | 1078 |
| 152. | सेक्टर 15 | डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 15सी | सेक्टर 15 डी मकान नं. 3316 से 3558, एससीएफ, बूथ, पटेल मार्केट 1 से 364, धोबी घाट नं. 2, संत निरंकारी भवन, श्री | 553 | 540 | 0 | 1093 |

# रणदीप की आज भी चलती है और आगे भी चालैगी: सुरजेवाला

## बोले- हरियाणा में इस समय एक चल रही है नाजायज सरकार

**गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता के पक्ष में किया प्रचार**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 16 मई।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने आज गांव मुंदडी, नैना, धौन्स, खनौदा, कठवाड़, साम्पनखेड़ी, ग्योग, ड्योढेड़ी, वार्ड 5, खुराना रोड़, वार्ड 2 महादेव कॉलोनी, वार्ड 28 और वार्ड 22 रामनगर में चुनाव प्रचार किया। चुनाव प्रचार में उनके साथ गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता के भाई महावीर गुप्ता भी साथ रहे। रणदीप सुरजेवाला ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी की गारंटी एक चायनीज गारंटी है। पिछले 10 सालों से जुमलेबाजी और झूठे भाषण से प्रधानमंत्री मोदी ने जनता का बेवकूफ बनाया। साल 2014 मे मोदी का वादा सबके खाते में 15 लाख रुपए डालने की गारंटी का था। युवाओं को हर साल 2 करोड़ रोजगार देने की गारंटी ली थी। साल 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने की गारंटी दी थी। विदेशों से 80 लाख करोड़ काला धन विदेशों से वापिस लाने की गारंटी दी थी। देश में 100 स्मार्ट सिटी बनाने की गारंटी दी थी। हर गरीब को पक्का मकान देने का वादा किया था लेकिन दी गई कॉलोनियों को ही छीना जा रहा है। देश में बुलेट ट्रेन चलाने की गारंटी तो पूरी नहीं हुई अलबत्ता साधारण रेल का ही किराया दोगुना जरूर कर दिया। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में एक नाजायज सरकार चल रही है जिसमें 10 सालों से हर किसान, युवा, गरीब, महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। हरियाणा के 700 से ज्यादा किसान शहीद किए गए, उनके रास्तों में कीलें बिछाई गई, गोलियों की बौछार की गई, उन्हें आतंकवादी, नक्सलवादी, गुंडे तक कहा गया। महिला पहलवान बेटियों का शारीरिक शोषण किया गया, उन्हें सड?ों पर घसीटा गया। कर्मचारी, सरपंच, नंबरदार, आंगनबाड़ी वर्कर, टीचरों को लाठियों से पीटा गया। प्रदेश बेरोजगारी में नंबर 1 पर है, युवा जमीन बेचकर विदेशों की तरफ पलायन कर रहे हैं, विदेशों में मौत का ग्रास बन रहे हैं। 47 पेपर लीक हो चुके हैं, परीक्षाओं में ब्राह्मण समाज से संबंधित अनर्गल सवाल पूछे जाते हैं। ब्राह्मणों को फरसा से गर्दन काटने की बात भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल साहेब करते हैं। सुरजेवाला ने लोकसभा कुरुक्षेत्र से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता के समर्थन में जनता से ज्यादा से ज्यादा वोट देकर विजयी बनाने के लिए अपील की।

# भाजपा सत्ता हथियाने के लिए अपना रही है ओच्छे हथकड़े: सुदीप सुरजेवाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल, 16 मई।** कैथल सेक्टर 20 की मार्किट में 19 मई को सांय सात बजे एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुदीप सुरजेवाला ने बताया कि जनसभा में मुख्यातिथि के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला व कुरूक्षेत्र से गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता हथियाने के लिए तरह तरह के हथकड़े अपना रही है। जब सत्ता की चाबी उनके हाथों से जा रही है तो वे तरह तरह के काम कर रहे हैं। नगर परिषद की चेयरपर्सन सीमा वाल्मीकि ने कांग्रेस पार्टी शामिल की तो भाजपा ने ओच्छी मानसिकता का परिचय देते हुए डर धमकाकर दोबारा से भाजपा में शामिल करवाया। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार आम आदमी के हितों की लड़ाई लड़ रही है और यही कारण है कि हर व्यक्ति गठबंधन प्रत्याशी के लिए वोट मांग रहा है। समाजसेवी रामकुमार अग्रवाल व वार्ड नंबर सात से पार्षद विजय गर्ग ने समाज के लोगों से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर इस जनसभा को कामयाब करें और रणदीप सिंह सुरजेवाला के विचार सुने। इस मौके पर उनके साथ डा. रमन गुप्ता, श्याम बहादुर खुरानिया, कुलदीप धारीवाल, प्रवीण जैन, जयदीप चौधरी, नीरज गर्ग, मुनीष गर्ग, राजीव जैन आदि भी उपस्थित थे।

# मोहनलाल बडौली सफीदों हलका से भारी लीड लेकर जाएंगे: बचन सिंह

अर्थ प्रकाश/दीवान

**सफीदों, 16 मई।** सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मोहनलाल बडौली सफीदों हलका से भारी लीड लेकर जाएंगे। इसमें कतई को संशय नहीं है। पिछली बार के चुनाव में भी इस हलके की बहादुर जनता ने भाजपा प्रत्याशी को करीब 45 हजार वोटों की लीड देकर लोकसभा में भेजने का काम किया था।

उन्होंने बताया कि प्रत्याशी मोहनलाल बडौली सफीदों हलका के सभी 72 गांवों तथा सफीदों नगर के सभी 17 वार्डो का दौरा करके लोगों से वोट की अपील कर चुके है। इस दौरे के दौरान वे उनके हर कदम पर साथ रहे हैं और लोगों में मोहनलाल बडौली के प्रति अथाह प्यार व विश्वास देखा गया है।

लोगों ने उन्हे अपना भरपूर प्यार व आशिर्वाद दिया है और वे उन्हे अपने भावी सांसद के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व की वजह से पूरी दुनिया में भारत का जो सम्मान बढ़ा है, वह अतुलनीय एवं अद्भुत है। इस बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश की कमान सौंपनी है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव किसानों, महिलाओं को अधिकार देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार व गरीबो को सम्मान देने का चुनाव है। आज पूरे विश्व मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका है। तीसरी बार सरकार बनने के बाद देश हित के लिए बड़े फैसले लिए जाएंगे।

### जेजेपी से राजबीर प्रजापति भाजपा में शामिल

**सफीदों (अप्रस/विशाल)।** जननायक जनता पार्टी को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब उनकी पार्टी के बैकवर्ड सैल के सफीदों हलका प्रधान राजबीर प्रजापति ने अलविदा कह दिया और अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राजबीर प्रजापति को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली ने पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर पूर्व विधायक कलीराम पटवारी विशेष रूप से मौजूद रहे। पार्टी में शामिल करते हुए मोहन लाल बडौली ने कहा कि राजबीर प्रजापति व उनकी टीम को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव वैकवर्ड समाज को सम्मान देने का काम किया है। अपने संबोधन में पार्टी में शामिल हुए राजबीर प्रजापति ने कहा कि वे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी व बैकवर्ड समाज के हितों के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए है। भाजपा बैकवर्ड, कमेरे व गरीब समाज के हितों की रक्षा करने वाली पार्टी है। वे तन, मन व धन से पार्टी की सेवा करेंगे और पार्टी उन्हे जो भी दायित्व प्रदान करेगी उसे पूरे जी जान से निभाने का प्रयास करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा के कार्यक्रम में गए प्रतिनिधि की बाइक चोरी

**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के नगर के सिटी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में गए एक नगर पार्षद प्रतिनिधि की बाईक चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 5 के पार्षद प्रतिनिधि संजीव कुमार ने कहा कि 14 मई की रात को मैं नगर के सिटी पार्क में भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली के कार्यक्रम में गया था। मैंने वहां पर अपनी मोटरसाईकिल नंबर एचआर33सी-9721 खड़ी की हुई थी। जब मैं कार्यक्रम से वापिस लौटा तो मेरी बाईक मौके से नदारद थी। मैने सिटी पार्क के आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज को खंगाला तो उसमें एक युवक उसकी बाईक को उठाता हुआ दिखाई पड़ रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बाईक चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### आज हमारा संविधान और आजादी खतरे में: ढांडा



**कलायत (कपिल रोहिल्ला/कुलदीप परमार)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत के गांव हरिपुरा, सीणंद और बड़सीकरी में जनसभा की। उन्होंने कहा कि आज हमारा संविधान और आजादी खतरे में है। यदि बीजेपी की सरकार आई तो ये आखिरी चुनाव होगा। सूरत और इंदौर में भाजपा ने दबाव डालकर कांग्रेस के उम्मीदवार का नामांकन वापस करा दिया। सूरत और इंदौर के 20-20 लाख लोगों से वोट का अधिकार छीन लिया। इस बार बिना चुनाव के दो सांसद चुने हैं यदि ऐसा ही चलता रहा तो अगली बार 200-300 सांसद बिना चुनाव के चुन लेंगे। इसलिए अब लोगों ने इनको सबक सिखाना शुरू कर दिया है और चार चरणों की वोटिंग में बीजेपी बुरी तरह से हार रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 लाख सरकार नौकरी खाली पड़ी हैं, 25 लाख युवा बेरोजगार है। इसलिए ऐसी सरकार चुनो जो राशन के लिए नहीं बल्कि नौकरी के लिए लाइन में लगाए। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने हरियाणा के खून अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला दिया। लेकिन अरविंद केजरीवाल जेल में रहेंगे या बाहर ये भी जनता के हाथ में है। यदि 25 मई को जनता झाड़ू के निशान पर बटन दबाएगी तो अरविंद केजरीवाल को जेल नहीं जाना पड़ेगा।

# हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में, खिलेंगे 10 के 10 कमल: धामी

## उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने बंतो कटारिया और नवीन जिंदल के समर्थन में मांगे वोट

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन




**यमुनानगर, 16 मई।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सालों में कांग्रेस के 60 सालों की तुलना में 6 गुणा अधिक काम किया है। देश की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में है और हरियाणा के अंदर 10 के 10 कमल खिलेंगे। श्री धामी गुरुवार को यमुनानगर में अंबाला लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया और कुरूक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे।

श्री धामी ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों की कभी हितैषी नहीं हो सकती। कांग्रेस किसानों को भड़काकर अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षा को पूरा करने में लगी है, लेकिन देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस की इच्छा को कभी पूरा नहीं होने देगी। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के लोग ना देश और ना ही धर्म का सम्मान करते हैं। भगवान श्री राम को काल्पिनिक बोलते हैं। सनातन धर्म का अपमान करने में इन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। राम मंदिर कांग्रेस के लोगों को बेकार नजर आता है।

श्री धामी ने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर उनको सशक्त करने का काम किया है। गरीबों को पक्के मकान, हर घर नल से जल, आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का फ्री इलाज का अधिकार प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। श्री धामी ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि एक-एक वोट कमल के फूल पर डालकर मोदी के संकल्प को मजबूत करें।

श्री धामी ने कहा कि समान नागरिकता कानून को लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में पूरे देश में समान नागरिकता कानून को लागू करने का वादा किया है। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना रूके, बिना थके एक पल भी विश्राम लिये बिना लगातार काम किया है। 10. सालों में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया और सड़कों का जाल बिछाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत का सम्मान ब?ाया है। आज हर भारतीय को प्रधानमंत्री मोदी पर गर्व है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले का भारत आपने देखा है और 2014 के बाद का भारत आप सभी लोग देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। भारत आत्मनिर्भर बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि देश की तरक्की के लिए 25 मई को एक-एक वोट कमल के फूल पर डालकर बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताकर दिल्ली भेजें।

# पीएम मोदी की योजनाओं से पंचायती राज व्यवस्था हुई मजबूत: मनोहर लाल

**पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने सरपंच एसोसिएशन के सदस्यों व पदाधिकारियों से की चर्चा**



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 16 मई।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से पंचायती राज व्यवस्था और ज्यादा मजबूत हुई है। राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों की परेशानियों को दूर करना सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को करनाल में सरपंच एसोसिएशन के सदस्यों व पदाधिकारियों से चर्चा की और अपनी पंचायत के हर गांव में शत प्रतिशत मतदान कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर करीब 250 सरपंच मौजूद थे। सरपंचों ने कहा कि पिछले एक दशक से गांवों की दशा और दिशा बदल रही है। मनोहर लाल ने कहा कि भारत की अधिकांश जनसंख्या गांवों में बसती है इसलिए भाजपा ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देती है ताकि देश का विकास तीव्र गति से संभव हो। भाजपा गरीबों के विकास एवं उत्थान की चिंता करती है। केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों के अन्न और दवा की चिंता करती है। भाजपा सरकार बनने के बाद गांवों का चहुंमुखी विकास हुआ है।

# कांग्रेस में कुछ नेता बीजेपी के एजेंट सावधान रहे: उदय भान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**करनाल, 16 मई।** हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान ने कहा है कि कांग्रेस मे कुछ नेता बी जे पी के एजेंट बन कर काम कर रहे है।उनसे सावधान रहने की जरूरत है।उन्होंने सभी को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि बूथ को नहीं छोडे।उन्होंने कहा कि सभी मिल कर काम करे।गुरुवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शिरकत कर करनाल लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा और करनाल विधानसभा उम्मीदवार त्रिलोचन सिंह के पक्ष में वोट की अपील की। कांबोज धर्मशाला में बनाए गए चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उदयभान ने कहा कि चुनाव प्रचार में एक सप्ताह शेष है। कार्यकर्ता अपने वार्ड अपने बूथ को मजबूत करने के लिए काम करें। कांग्रेस के घोषणा पत्र की जानकारी विस्तार से लोगों के साथ साझा करे। कांग्रेस के न्याय पत्र युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और भागीदारी न्याय के बारे में जनता को समझाएं। हरियाणा कांग्रेस के संकल्प पत्र को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि देश में चल रही तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए काम करना है। संविधान में सबको समान अधिकार दिए गए हैं, लेकिन तानाशाह सरकार ये अधिकार छीनने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर अबकी बार भाजपा सत्ता में आ गई तो देश के लोगों से वोट का अधिकार छीन लिया जाएगा। देश रूस और चीन के रास्ते पर चला जाएगा।

# 4 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/सुशील



नारायणगढ़, 16 मई। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारायणगढ़ में कक्षा 4 व 5 के अध्यापकों के लिए 4 दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंदल द्वारा किया गया। सुदेश बिंदल ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य शिक्षा की नींव की मजबूत करना है। सभी शिक्षक शिविर में अर्जित ज्ञान का प्रयोग अपनी कक्षाओं में पूरी दक्षता के साथ करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से शिक्षकों को विभाग द्वारा जारी शिक्षक संदर्शिका के आधार पर नवाचार और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान में दक्ष बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है जिससे वह उन्हीं क्रियाविधियों को अपनाते हुए शिक्षण कार्य करवाकर बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष करें। शिविर आयोजित करने का उद्देश्य 8 से 11 वर्ष आयु तक के सभी बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष करना है। शिविर में एल एल एफ फाउंडेशन से बलराम भी मौजूद रहे। शिविर में केआरपी की भूमिका विशाल, नेहा, दिव्या, रुचि ने निभाई। डीआरजी व बीआरजी की भूमिका में स्वीटी, जय प्रकाश, मनदीप व उषा मौजूद रहे।

### भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या-7 का 32 वां क्षेत्रीय अधिवेशन आयोजित

# श्रेष्ठ कार्य करने वालों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 16 मई।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या-7 का 32 वां क्षेत्रीय अधिवेशन जैन मिलन रेवाड़ी शाखा के आतिथ्य में रेवाड़ी में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर एस. के. जैन ने ध्वजारोहण कर के अधिवेशन का शुभारम्भ किया। राजेश शास्त्राी ने सभी का स्वागत करते हुए विशिष्ट अतिथियों को मंच पर आमंत्रित किया। यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिवीर विजय जैन गुना, राष्ट्रीय महामंत्री (प्रशासन) अतिवीर अजय जैन सहारनपुर, मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष अतिवीर नरेशचन्द जैन देहरादून, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतिवीर जयकुमार जैन सोनीपत, राष्ट्रीय संरक्षक अतिवीर अरविन्द जैन अम्बाला शहर, मुख्य अतिथि महेन्द्र कुमार जैन, सर्राफ रेवाड़ी, राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण अतिवीर नरेश कुमार जैन सोनीपत, अतिवीर अजित प्रसाद जैन रेवाड़ी, अतिवीर विनोद कुमार जैन सोनीपत, वीर महन्त जैन सोनीपत, रा. संयुक्त मंत्री वीर रविन्द्र जैन अहमदाबाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर एस. के. जैन (एडवाकेट) सोनीपत, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अतिवीर डा. आर. के. जैन यमुनानगर, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर अजित प्रसाद जैन रोहतक, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर सन्त कुमार जैन चण्डीगड़ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर ललित कुमार जैन अम्बाला छावनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्षा वीरांगना नेहा जैन रेवाड़ी, क्षेत्रीय मंत्री अतिवीर पियूष जैन सोनीपत, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अतिवीर अतुल जैन (एडवोकेट) गन्नौर, महिला चेयर पर्सन वीरांगना सरिता जैन सोनीपत, क्षेत्रीय मुख्य महिला संयोजिका वीरांगना नीलू जैन रेवाड़ी, रेवाड़ी शाखा अध्यक्ष अतिवीर अरुण जैन, क्षेत्रीय शाखा मंत्री वीर अमित जैन आदि ने मंच को सुशोभित किया। भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण वीर अरविन्द कुमार जैन व दीप प्रज्वलन वीर पदमचन्द जैन द्वारा किया गया। तत्पश्चात् महिला जैन मिलन पारस रेवाड़ी की वीरांगनाओं द्वारा महावीर प्रार्थना की गई। क्षेत्रीय मंत्री अतिवीर पियूष जैन द्वारा मंच संचालन करते हुए अतिवीर अजित जैन को रेवाड़ी शाखा की ओर से स्वागत करने के लिए आमंत्रित किया, उन्होंने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर एस. के. जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन में अधिवेशन में पधारे सभी अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए क्षेत्र की प्रगति व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पूंडरी में जेजेपी उम्मीदवार पाला राम सैनी ने खोला चुनावी कार्यालय

**कैथल (अप्रस)।** पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया है और अब कार्यकर्ता दोगुनी ताकत से लोगों के बीच जाकर पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। ये शब्द कुरुक्षेत्र लोकसभा से जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार पालाराम सैनी ने पूंडरी में पार्टी के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे। सैनी ने कहा कि उनका जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। वे देख रहे हैं कि लोगों में पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ रहा है और जेजेपी की लोकप्रियता बढ़ रही है। उन्हें पूरा विश्वास है कि 25 मई को एक-एक वोट कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता चाबी के निशान पर डालेगी। पाला राम ने कहा कि यहां की जनता ने दो बार नवीन जिंदल को सांसद बनाया परंतु लोकसभा क्षेत्र में आज तक कोई भी बड़ा उद्योग और कोई बड़ा प्रोजेक्ट न लगाकर केवल लोगों को बरगलाने का काम किया है। वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक नवीन जिंदल ने लोकसभा क्षेत्र से जो दूरी बनाई वह सब को याद है।

# भाजपा को दिखाई देने लगी हार: रामपाल माजरा

## पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर ज्वाइन की इनेलो

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 16 मई।** इनेलो में आस्था जताते हुए हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा की अध्यक्षता में उनके निवास पर हल्का अध्यक्ष बबीता चौधरी और शहरी युवा नेता राहुल ठाकुर के सहयोग से आज सीता देवी, बबिता देवी, रूपा देवी, पिंकी देवी, सुनिता देवी, रेखा देवी, सीमा देवी रीना देवी, शिवाली देवी, रानी देवी, कमलेश देवी आदि पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने चौधरी ओमप्रकाश चौटाला, अभय सिंह चौटाला और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर इनेलो ज्वाइन की। इन लोगों ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के इनेलो पार्टी के प्रत्याशी चौधरी अभय सिंह चौटाला में लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और अब तो इसी कड़ी में युवा पीढ़ी भी लगातार जुड़ रही है। इनेलो पार्टी में अपना विश्वास जताते हुए उन्होंने बताया कि इनेलो ही अकेली ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं को सम्पूर्ण सम्मान मिलता है। भाजपा ने आम जन को झूठे वादे कर के सरकार तो बना ली मगर आज परदेश में लूटपाट, अपराधिक घटनाएं, बेरोजगारी, गरीबी चरम सीमा पर है। जीएसटी अधिक होने से खाद्य सामग्री, भवन निर्माण सामग्री, दवाइयां आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं। आज हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है। मौजूदा सरकार से आज का समाज बदलाब चाहता है। प्रदेश की जनता बदलाब की मांग रही है। गरीबों, किसानों, कमरे वर्गो का एक ही सहारा चौधरी अभय सिंह चौटाला हैं।

**चुनावी रुझान में भाजपा की हार तय:** इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में चुनाव जीत रही है। अभय चौटाला चार जून के बाद देश की संसद में किसानों की आवाज बुलंद करते दिखाई देंगे। यह कुरुक्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से संभव होगा। अभय चौटाला के लिए अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान में माजरा ने कहा कि देश की जनता ने दस साल में भाजपा को अच्छी तरह से जांच-परख लिया है। तानाशाही तरीके से फैसले लिए जाते हैं। जो जनता पर थोंप दिए जाते हैं। जनता की कोई सुनवाई नहीं। केवल चंद लोग फैसला लेते हैं और उसे पूरे देश में लागू करने का फरमान जारी कर दिया जाता है। यदि ये फैसले जनहित में नहीं हैं तो जनता यदि आवाज बुलंद करे तो उस पर लाठियां बरसाई जाती हैं। उनकी राहों में कीलें ठोंकी जाती हैं। जिस कारण जनता का मोह भंग हो चुका है। माजरा ने सभी गांवों में आयोजित जनसभाओं में अभय चौटाला को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की।




# चुनावी मंच कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस की जमकर लगाई 'क्लास', बोले-
# 10 सालों में मोदी ने जितना काम किया, कांग्रेस 60 साल में भी नहीं कर सकी

**डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा के सभी वर्गों की भलाई के लिए ईमानदारी से काम किया: नायब सैनी**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 15 मई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूती से आगे बढ़ाने का काम किया है। 10 साल में प्रधानमंत्री ने जितना काम किया है उतना काम कांग्रेस 60 साल में भी नहीं कर सकी। मुख्यमंत्री आज सांसद कार्तिकेय शर्मा द्वारा आयोजित चुनावी मंच कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस 60 सालों से गरीबी हटाओ का नारा देकर सत्ता हथियाने का काम करती रही, लेकिन उसने गरीबी हटाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के लिए लड़ाई लड़ी और उनके लिए योजनाएं बनाई गई। उन योजनाओं का परिणाम यह है कि देश में 25 करोड़ व्यक्ति गरीबी रेखा से बाहर निकलने में सफल हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा है वही किया है। प्रधानमंत्री बातें कम और काम ज्यादा करते हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा में सभी की भलाई के लिए काम किया है। 10 साल पहले देश भर में एक सिलेंडर लेने के लिए लोगों को तीन-तीन दिन लाइन में लगना पड़ता था, लेकिन आज सिलेंडर घर-घर पहुंच रहे हैं और यही नहीं जिन घरों में रसोई गैस नहीं थी प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना के तहत उन्हें रसोई गैस सिलेंडर देने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हित में सरकार ने इतने काम किए हैं जिन्हें अगर गिनवाने लगें तो कई घंटे लगेंगे। उन्होंने फिर भी कहा कि भाजपा ने किसानों की समस्याओं का समाधान करते हुए उनकी खराब हुई फसल का मुआवजा समय से पहले देने का काम किया और पिछले 10 साल में 12500 करोड़ रुपए मुआवजा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में सरकार ने खाद और यूरिया के दाम बढ़ने नहीं दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में साढ़े 3 लाख करोड़ रुपए सीधे उनके खाते में देने का काम किया।

कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश को तोड़ने का काम कर रही है और उसकी न तो नीति ठीक है और न ही नीयत है और नेता तो उनके पास है ही नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों को बहकाने का काम कर रही है, लेकिन देश की जनता आज मोदी की गारंटी पर विश्वास करती है उसे किसी और गारंटी पर कोई विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाने, राम मंदिर का निर्माण करने जैसे अनेकों काम किए हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण होती है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के पांच सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था वाले देशों में शामिल हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में दंगे होते थे और आज देश पूरी तरह से सुरक्षित हाथों में है। आम आदमी पार्टी को आडे हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस को गालियां देने वाला व्यक्ति आज कांग्रेस के साथ गले मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी को हरियाणा के हितों की चिंता है तो उसे पंजाब से हरियाणा के हिस्से का पानी लाकर देना चाहिए। अपनी सरकार के बहुमत होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि एक महीना पहले सरकार ने विश्वास मत हासिल किया है जनता का विश्वास हमारे साथ है और कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है।

नायब सैनी ने कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस की नीति और नियत सही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और वे उसी पर काम कर रहे हैं। 2024 का चुनाव देश को सही दिशा में लेकर जाएगा। आज मोदी सरकार पर सभी लोगों का विश्वास है। कांग्रेस को वोट देने के बाद उनके लोग मिलते तक नहीं है। कांग्रेस को भ्रष्टाचार पर विश्वास है तो बीजेपी को विकास पर है। बीजेपी ही ऐसी पार्टी है जो कहती है उसे पूरा करती है। आज बीजेपी का साधारण कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो सकता है जबकि कांग्रेस में यह संभव नहीं है।

सीएम ने कहा कि आज गरीब भी इस बात को जानता है कि दस वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश का काफी विकास किया है। आज हरियाणा में सिस्टम से नौकरियां मिल रही है, जबकि कांग्रेस के शासनकाल में पर्ची-खर्ची पर नौकरियां मिलती थी। डबल इंजन की सरकार ने न केवल विकास किया है बल्कि संस्कृति संरक्षण भी किया है। भगवान श्रीकृष्ण ने जहां गीता का उपदेश दिया था उस स्थान को सरकार 250 करोड़ रूपये खर्च कर विकसित कर रही है। प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों का भारत एकजुट और समृद्ध रहा है। कांग्रेस इस विशिष्टता को नष्ट करने की कोशिश कर रही है।

श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस सत्ता की खातिर वैसे लोगों के साथ गठबंधन बनाये हुए है जो कांग्रेस को कोसते थे। अपने को कट्टर ईमानदार कहने वाले,अपने बच्चों की कसमें खाने वाले और सोनिया गांधी की जांच की बात करने वाले लोग कांग्रेस के साथ गलबहियां कर रहे हैं। उनको

## लोकतंत्र और नागरिक दोनों को स्वस्थ रखने की दिशा में भाजपा सरकार ने बढ़ाए कदम



**पतंजलि योगपीठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी बोले**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 16 मई।** रियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि जब देश का नागरिक स्वस्थ होगा तभी देश का लोकतंत्र स्वस्थ रह सकेगा और देश के लोकतंत्र और नागरिक दोनों को स्वस्थ रखने की दिशा में भाजपा सरकार ने कदम बढ़ाए हैं। वह आज यहां पतंजलि योगपीठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 1500 योगशालाओं को बनाने का काम किया है और यह काम निरंतर जारी है जहां भी योगशाला की जरूरत होगी उसे स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने की तरफ कदम बढ़ा रहा है तो इसमें योग और योग साधकों की अहम भूमिका है। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि पिछले लोकसभा चुनाव में करनाल लोकसभा सीट पूरे देश में मार्जिन के लिहाज से दूसरे नंबर पर थी लेकिन इस बार यह पहले नंबर पर आनी चाहिए। इस अवसर पर करनाल लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, जगमोहन आनंद, रेनूबाला गुप्ता, संजय बठला, डा. जयदीप आर्य, राकेश कुमार, चंद्रपाल योगी, रघुबीर सैनी, माता सत्या, राजेश, जयपाल शास्त्री, महेंद्र, तेजपाल, योगेंद्र सोनी, हरिन्द्र चौधरी, प्रो. आनंद सिंह, स्वतंत्र कुकरेजा, बलदेव आर्य सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

पिहोवा 16 मई पौलस्त्य। सीएचसी पिहोवा, पीएचसी सारसा सब सेंटर रुआ में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रभारी डॉक्टर नमिता गुप्ता ने सभी कर्मचारियों व आशा वर्कर को डेंगू दिवस पर डेंगू मच्छर की पहचान, बचाव व इलाज के बारे अवगत करवाया। तथा स्वास्थ्य कर्मियों को आमजन को घर-घर जाकर इस बारे में सचेत करने के बारे में कहा गया। सप्ताह में एक बार ड्राई डे मनाने के बारे में कहा तथा इस बारे में लोगों को जागरूक करें तथा स्कूलों में भी अभियान चलाया।

### लोगों को दिया मत का प्रयोग करने का संदेश



**घरौंडा (अप्रस/रविन्द्र गिरि)।** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का विशेष प्रचार वाहन 25 मई को वोट डालने का संदेश घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के 9 गांवों के हजारों मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचाया है। जनसम्पर्क विभाग का विशेष प्रचार वाहन घरौंडा के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचा। यहां पर विभाग के कलाकार सुमेर पाल, गुलाब सिंह सहित अन्य कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से मतदाताओं को 25 मई के दिन अपने मत का प्रयोग अवश्य करने का संदेश दिया। इसके साथ ही इन कलाकारों ने वोट की महत्ता के बारे में जानकारी दी है। यह कलाकार निरंतर 24 मई तक प्रचार-प्रसार करते रहेंगे। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष प्रचार वाहन तैयार किया है। विशेष प्रचार वाहन द्वारा घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के कोहंड, गुढा, शेखपुरा, मलिकपुर, फुरलक, उपली, रसीन, हसनपुर व बस्ताड़ा गांवों को कवर किया गया और ग्रामीणों को वोट डालने के प्रति जागरूक किया गया है।

## प्रचार के अंतिम दौर में विवादों से घिरने लगे कांग्रेस उम्मीदवार

**मनोहर लाल ने बताया उन्हें बाहरी उम्मीदवार, दलितों ने किया बहिष्कार**

**ब्राह्मणों ने भाजपा को दिया समर्थन**

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला



**जींद, 16 मई।** सोनीपत लोकसभा क्षेत्र पर भाजपा उम्मीदवार मोहन बडोली को कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी कड़ी टक्कर देते हुए दिखाई देते हैं लेकिन पिछले दो दिनों में अचानक कुछ ऐसा हुआ है कि सतपाल ब्रह्मचारी विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के गोहाना शहर में एक जनसभा को संबोधित करने भी आ रहे हैं। देखने वाली बात यह होगी कि अपने इन ताजा शुरू हुए विवादों से सतपाल ब्रह्मचारी कैसे निपटते हैं और प्रधानमंत्री की जनसभा के असर को कैसे खत्म करते हैं।

सतपाल ब्रह्मचारी जहां जींद जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों से लीड लेकर निकलने के प्रयास में जुटे थे और इस प्रयास में उन्होंने यह भी कहा था कि अगर वह चुनाव जीते तो यह सीट जींद जिले के लिए सुरक्षित हो जाएगी। पिछले लोकसभा चुनाव में जींद जिले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा 1 लाख वोटों के अंतर से चुनाव हारे थे। सतपाल ब्रह्मचारी के रूप में उन्होंने जींद जिले से उम्मीदवार बनाकर इस बात को सुनिश्चित करने का प्रयास किया था कि जींद जिले को सतपाल ब्रह्मचारी संभाल लेंगे और सोनीपत जिले को भूपेंद्र हुड्डा देख लेंगे।

सतपाल ब्रह्मचारी को शुरू में जहां कांग्रेस की गुटबाजी का नुकसान होता नजर आ रहा था अंतिम क्षणों में वह तो काफी हद तक वह नियंत्रित करने में सफल रहे हैं। लेकिन जहां दलित समुदाय के लोग इस बात से खासे नाराज नजर आते हैं कि उनके गांव में स्थित उनके आश्रम में दलित समाज के लोगों की उपस्थित प्रतिबंधित है। मंगलवार को जींद स्थित बैंड मार्केट में दलित समाज के एक कार्यक्रम में इस बात का खुलासा भी हुआ जिसके बाद विधायक डॉक्टर कृष्ण मिढ़ा ने इस बात की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि आज के माहौल में इस प्रकार का जातिवाद अच्छी बात नहीं है।

आज जींद में ब्राह्मण महासभा ने खुलकर भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया। उन्होंने सतपाल ब्रह्मचारी पर कई प्रकार के आरोप भी लगाए। इसी बैठक में शामिल पांडू पिंडारा गांव के रामचंद्र शास्त्री ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल में सतपाल ब्रह्मचारी के भाई सुरेंद्र ने उसकी पुत्रवधू को नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख रुपए लिए थे। बाद में 8 महीने में तीन बार में यह पैसे तब वापस आए जब उन्होंने 10 लोगों की पंचायत की। सतपाल ब्रह्मचारी के यह भाई इन दिनों विदेश में रहते हैं।

अपनी इस लोकसभा चुनाव प्रचार की अंतिम विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सतपाल ब्रह्मचारी को बाहरी व्यक्ति बताने का काम किया था। पूर्व मुख्यमंत्री का कहना था कि सतपाल ब्रह्मचारी खुद को जींद जिले का बताते हैं जबकि उनका आधार कार्ड और वोट हरिद्वार में है। पूर्व मुख्यमंत्री का कहना था कि जब न उनका आधार कार्ड जींद का है और न ही जींद जिले में उनका वोट है तो वह अपने आप को जींद का बताते कैसे हैं?

जिस प्रकार से पिछले तीन-चार दिनों में माहौल बदला है उससे सट्टा बाजार में भी उनकी स्थिति में अंतर पड़ा है। जहां सट्टा बाजार आज से 5 दिन पहले उनकी स्थिति को बहुत अच्छी मानता था आज वह उन्हें बराबर की स्थिति में मान रहा है। देखना यह है कि सतपाल ब्रह्मचारी किस प्रकार से अपने ऊपर लगे इन आरोपों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में आने और जनसभा करने के असर को कम कर पाते हैं।

## हरियाणा में होने वाले लोकसभा आम चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग पूरी तरह तैयार: अनुराग अग्रवाल

**मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन व दबाव से बचते हुए करना चाहिए मतदान**

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मतदाताओं से अपील, 25 मई को लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें मतदान**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मई।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि 25 मई 2024 को हरियाणा में होने वाले लोकसभा आम चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग पूरी तरह से तैयार है। इसके अलावा, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की चुनाव प्रक्रिया से जुडे सभी विभागों को दिशा निर्देश जारी किए जा चुके है। इस कडी में हरियाणा ने कई अनूठी पहल की है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से अधिक से अधिक जागरूक करने का काम किया जा रहा है ताकि पिछले लोकसभा चुनाव 2019 से अधिक मतदान प्रतिशत लोकसभा चुनाव 2024 में बढे। उन्होंने बताया की भारत वैसे भी विश्व की सबसे बडी लोकतांत्रिक प्रणाली का हिस्सा है। वर्ष 2024 में 17 देशों में संसदीय चुनाव होने का कार्यक्रम निर्धारित है और सबसे पहले भारत में संसदीय चुनाव हो रहे है इसलिए पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है।

श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि विश्व का हर देश चाहता है कि भारत की निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया उनके देश में भी लागू हो, कई देशों के चुनाव आयोगों ने भारत के चुनाव आयोग का दौरा किया है और चुनाव प्रक्रिया संचालन से संबंधित जानकारियां हासिल की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश भारत में लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन है। इसलिए चुनावों में हर मतदाता को मतदान में भाग अवश्य लेना चाहिए। मतदाता को अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और बिना किसी प्रलोभन व दबाव से बचते हुए मतदान करना चाहिए।

श्री अनुराग अग्रवाल ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी 25 मई, 2024 को घरों से निकाल कर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट अवश्य करें। मतदान का दिन पर्व की तरह मनाएं और पूरे उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। मतदान करके ही हम लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं।

## पड़ोस की दुकान पर बिस्कुट लेने गई नाबालिगा का अपहरण

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला

**जींद, 16 मई।** दुकान पर बिस्कुट लेने गई लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। थाना शहर जींद पुलिस ने एक युवक के खिलाफ लड़की के अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

लड़की की मां ने पुलिस में दी शिकायत में कहा है कि उसकी नाबालिग लड़की से बात करने के लिए उसके मोबाइल पर 7004666200 नंबर से अज्ञात लड़के का फोन आता था और वह लड़की को काफी परेशान करता था। इस बारे में लड़की ने बताया, लेकिन इज्जत बचाने के चक्कर में लड़के की दरखास्त नहीं दी। इसके बाद लड़की ने बताया कि उपरोक्त लड़के ने धमकी दी है कि अगर वह उसके साथ नहीं गई तो वह परिवार को जान से मार देगा या उन्हें उठवा लेगा। लड़की उससे काफी डरी हुई थी। 15 मई को लड़की शाम लगभग 5:00 बजे घर के पड़ोस की दुकान से बिस्किट लेने के लिए गई थी उसके बाद से वह वापिस नहीं आई। इसके बाद 7004666200 पर बात की तो उसने लड़के का 9671700893 नम्बर दिया और यह अज्ञात लड़का फोन नहीं उठा रहा है। यह अज्ञात लड़का लड़की का अपहरण करके ले गया है और वह उसके साथ दुष्कर्म कर सकता है और मार भी सकता है।

## चुनावी रौनक गायब समर्थन का खेल शुरू

अर्थ प्रकाश/पौलस्त्य

**पिहोवा, 16 मई।** लोकसभा को लेकर चुनावी प्रत्याशी अपने-अपने जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं । प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जारी है । परंतु भयंकर गर्मी के कारण इस बार इस विधानसभा क्षेत्र से यह चुनावी रौनक गायब है । ना तो गांव में वह चौपाल सज रही हैं तथा न ही चाय व हुक्के के बीच चुनावी चर्चा । जहां युवा वर्ग अपने मोबाइल में व्यस्त है । वही बूढ़े लोग अपने घरों में ही गर्मी से दूबके बैठे हैं। गांव में तो चुनाव के बारे कोई चर्चा ही नहीं हो रही । केवल शहरी क्षेत्र में ही इक्का-दुक्का चुनाव प्रचार की गाड़ियां घूम रही है । चुनाव प्रचार में चर्चा करने वाले बूढ़े लोग जहां गर्मी से बचकर एक और बैठे हुए हैं । वहीं प्रचार में किसी समय हिस्सा लेने वाला युवा वर्ग अब विदेश में बैठा है । नया युवा अपने मोबाइल में ही मस्त है । वही इस बार चुनाव में एक नया समर्थन देने का खेल शुरू हो चुका है । राजनीति में खुद को चमकाने के लिए व आमजन पर अपना वर्चस्व जमाने के लिए यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नया खेल खेलना शुरू कर दिया। यूनियन के कुछ पदाधिकारी वा सदस्य राजनीतिक पार्टियों से कहीं ना कहीं जोड़तोड़ बनाकर रखते हैं। यूनियन या एसोसिएशन के कुछ लोग जाकर लोकसभा प्रत्याशी और मनपसंद राजनीतिक पार्टी को यूनियन व एसोसिएशन की तरफ से समर्थन की घोषणा कर देते हैं। इनके कारनामे यहीं पर खत्म नहीं होते बल्कि पार्टी प्रत्याशी पर प्रभाव जमाने के लिए आम लोगों को भी अपने साथ बिठाकर फोटो खिंचवा देते है।

### भाजपा नेताओ ने किया गांवो की ओर रूख

भाजपा नेताओ चुनाव प्रचार में तेजी लाने के लिए अब गांवो की ओर अपना रूख कर दिया। तथा गांवो में नुक्कड सभाए शुरू कर दी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बिखराव रोकने के लिए ही गांवो का दौरा कर रहे हैं। वह गठबंधन प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के नाम पर आकर यहां कांग्रेस में बिखराव रोकने का कार्य कर रहे हैं । चुनावो में भाजपा भारी मतों से कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से जीत हासिल करेगी ।उक्त बात भाजपा नेता राजेंद्र बाखली व रामकिशन दुआ ने हलके के गावो कराह दीवाना बाखली आदि गांवो में आयोजित नुक्कड़ सभाओ में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है। यह देश के भविष्य को तय करने वाला चुनाव है। भारत के तिरंगे झंडे को विश्व में प्रसिद्ध करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। विश्व के बड़े-बड़े दिग्गज नेता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिक्का मान रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध में भारत के झंडे का सहारा लेकर पाकिस्तान सहित अन्य देशों के छात्र भी सुरक्षित बाहर आए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वह उस जहाज में सवार मत हो जिसका कोई चालक ही नहीं है। इंडी गठबंधन के पास कोई नेता नहीं है। नेता के लिए यह लोग आपस में ही लड़ रहे हैं । कहने के लिए इनका गठबंधन है परंतु विभिन्न राज्यों में यह एक दूसरे के विरुद्ध ही चुनाव लड़ रहे हैं।उन्होंने लोगों से अपील की कि देश को गर्त में जाने से बचाने के लिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें।

## कच्चे कर्मचारियों को पक्का करेगी कांग्रेस: भूपेंद्र हुड्डा
### रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी के चलते देश छोड़ने को मजबूर हो रहे हरियाणवी युवा

अर्थ प्रकाश/कुलतार



**कुरुक्षेत्र, 16 मई।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। साथ ही कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की नीति बनाई जाएगी, जिससे हजारों कर्मचारी व उनके परिवारों को सीधा लाभ होगा। हुड्डा आज कुरुक्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया और सुशील गुप्ता की बड़ी जीत का दावा किया।हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में आज सरकारी विभागों के 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। कर्मचारियों के ऊपर पहले से ही काम व मानसिक दबाव बहोत ज्यादा है। ऊपर से सरकार धमकियां देकर कर्मचारियों पर ज्यादती कर रही है। लेकिन अब इन तमाम अत्याचारों से छुटकारा पाने का समय आ चुका है। कांग्रेस सरकार बनने पर केंद्र में 30 लाख तो हरियाणा में 2 लाख पदों पर पक्की भर्तियां होंगी। बीजेपी सरकार द्वारा स्थापित किए गए पेपर लीक और भर्ती माफिया को खत्म करके युवाओं को उनकी योग्यता अनुसार समयबद्ध तरीके से नौकरियां दी जाएंगी।इससे पहले अपने संबोधन में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार के दौरान उत्तरी हरियाणा समेत पूरे प्रदेश से भयंकर पलायन हो रहा है। रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी के चलते हमारे युवा देश छोड़ने को मजबूर हैं। युवाओं को लगता है कि बीजेपी सरकार में देश के भीतर उसका कोई भविष्य नहीं है। इसीलिए इस इलाके का हर दूसरा युवा डोंकी के रास्ते या किसी भी तरीके से दूसरे देश में जाना चाहता है। पलायन के चलते इलाके के कई गांवों में तो युवाओं का टोटा हो गया है। बीजेपी की नीतियों ने जवान बच्चों को बूढ़े मां-बाप, घर-परिवार व अपने देश से दूर कर दिया। इसलिए कांग्रेस हरियाणा को ऐसा प्रदेश बनाना चाहती है, जहां से कोई भी युवा मजबूरी में देश से पलायन ना करे।इस मौके पर वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि सिर्फ कर्मचारी ही नहीं बल्कि हर वर्ग इस लोकसभा और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट करने जा रहा है। क्योंकि जिन किसानों को भाजपा ने लाठी और गोलियां दी, उन्हें कांग्रेस एमएसपी की गारंटी देगी। जिन कच्चे कर्मचारियों को भाजपा ने झूठे वादे दिए, उन्हें कांग्रेस पक्की नौकरी देगी। जिन युवाओं को भाजपा ने भर्ती घोटालों का भ्रष्टाचार दिया, उन्हें कांग्रेस 32 लाख नौकरियां देगी। जिन महिलाओं को भाजपा ने अपराध व असुरक्षा दी, उन्हें कांग्रेस एक लाख रुपए सालाना आर्थिक सहायता और कानूनी सुरक्षा देगी। जिन व्यापारियों को बीजेपी ने बदमाशों और एजेंसी का डर दिया, उन्हें कांग्रेस अफसरशाही के भ्रष्टाचार से छुटकारा और अपराध से मुक्ति दिलाएगी।लाडवा से विधायक मेवा सिंह ने कहा कि बीजेपी संविधान को खत्म करके भारत में एक पार्टी की सत्ता कायम करना चाहती है। संविधान को कुचलने के लिए ही बीजेपी ने 400 पार का नारा दिया था, जिसकी जनता ने हवा निकाल दी है। बीजेपी अब काला धन वापिस लाने, ना बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी, डीजल-पेट्रोल की महंगाई, गैस सिलिंडर के रेट और किसानों की डबल आय करने की बात बिलकुल नहीं करती। क्योंकि जनता उसकी सच्चाई को भांप चुकी है। इसलिए बीजेपी अब खुद के पुराने वादे और दावों से भागती नजर आ रही है और हवा-हवाई मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है।

सम्पादकीय

# झारखंड में अब मंत्री की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार पर कड़ी चोट

*झारखंड में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर की गिरफ्तारी यह बताने को काफी है कि घोटालों पर अगर ईमानदारी से कार्रवाई हो तो न कोई भ्रष्ट कर्मचारी बच सकता है, न अधिकारी और न ही मंत्री। आलमगीर के निजी सचिव के नौकर के यहां से जब 30 करोड़ रुपये का अंबार मिला था, उस समय मंत्री की ओर से इस प्रकरण में निजी सचिव को ही जिम्मेदार ठहराते हुए अपने हाथ झाड़ लिए गए थे। हालांकि प्रवर्तन निदेशालय ने अब खुद मंत्री को भी इस मामले में गिरफ्तार कर लिया है। बेशक, विपक्ष का आरोप यही हो सकता है कि यह राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की गई कार्रवाई है, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय के पास इसके सबूत होंगे, जिनके आधार पर मंत्री की गिरफ्तारी की गई है।*

**दरअसल, जिस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री खुद भ्रष्टाचार के आरोप में जेल के अंदर हों, उसके मंत्रियों पर ऐसे आरोप नहीं लगेंगे और वे इससे अछूते रहेंगे, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है। झारखंड में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से 30 करोड़ रुपये का अंबार मिलना यह बताता है कि यह राज्य भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूब चुका है और इसे इलाज की सख्त जरूरत है। यह कौन सोच सकता है कि जिस राज्य में ऐसी भी आबादी हो, जिसे एक वक्त का खाना भी नसीब न हो रहा हो, वहां अगर एक मंत्री के निजी सचिव के नौकर के यहां से 30 करोड़ रुपये की नकदी मिल रही है तो यह कितनी बड़ी विडम्बना है।**

*दरअसल, जिस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री खुद भ्रष्टाचार के आरोप में जेल के अंदर हों, उसके मंत्रियों पर ऐसे आरोप नहीं लगेंगे और वे इससे अछूते रहेंगे, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है। झारखंड में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से 30 करोड़ रुपये का अंबार मिलना यह बताता है कि यह राज्य भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूब चुका है और इसे इलाज की सख्त जरूरत है। यह कौन सोच सकता है कि जिस राज्य में ऐसी भी आबादी हो, जिसे एक वक्त का खाना भी नसीब न हो रहा हो, वहां अगर एक मंत्री के निजी सचिव के नौकर के यहां से 30 करोड़ रुपये की नकदी मिल रही है तो यह कितनी बड़ी विडम्बना है। इतनी रकम एक सामान्य आदमी जोकि सरकारी नौकरी भी करता हो, तब भी अपनी पूरी जिंदगी क्या कई जिंदगियों में एक साथ नहीं देख सकता। उसे कमाना तो बहुत दूर की बात है। निश्चित रूप से यह पैसा भ्रष्टाचार जिसका जरिया रिश्वतखोरी, सरकारी ठेकों के आवंटन में दलाली आदि है, के जरिये ही कमाया जा रहा है। वास्तव में सरकार और सियासत में कौन है, जोकि सीधे पैसा लेता है। एक मंत्री अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अनेक ऐसे लोगों को अपने आसपास कायम कर लेता है, जोकि उसके विश्वासपात्र बन जाते हैं। पश्चिम बंगाल में शिक्षकों की भर्ती के घोटाले में करोड़ों रुपये की जो राशि बरामद की गई थी, वह एक महिला के फ्लैट से बरामद की गई थी। मंत्री पर आरोप था कि वह रिश्वत की रकम हासिल कर उसे अपनी महिला मित्र के आवास पर छिपा रहा था।*

*इस समय राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमीन घोटाले में जेल की सलाखों के पीछे हैं। इस मामले में ईडी अभी तक 250 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री मधु कौड़ा भी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं। कुछ समय पहले ही कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के आवास से आयकर विभाग ने 350 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की थी। झारखंड किस प्रकार घोटालों की राजधानी बन चुका है, इसका पता इससे चलता है कि यहां ईडी अनेक घोटालों की जांच कर रही है। यहां मनरेगा घोटाला भी अंजाम दिया गया है, जिसमें एक आईएएस पूजा सिंघल का नाम सामने आ चुका है। उनके पति के सीए के यहां से 20 करोड़ रुपये की रकम बरामद की गई थी। राज्य में शराब घोटाला भी घट चुका है, जिसमें अनेक नेता, अधिकारी और कारोबारी जांच का सामना कर रहे हैं। झारखंड के यह हालात बताते हैं कि बिहार से यह जिस उम्मीद के साथ विभाजित हुआ था, वह अब दूर का सपना हो चुकी है। यहां सरकार, नेता और बाबू सिर्फ अपने फायदे के लिए काम कर रहे हैं। ताज्जुब इसका है कि यहां भ्रष्टाचारियों के मन में डर नहीं है और वे लाखों नहीं अपितु करोड़ों की रकम से अपने घरों को भर रहे हैं। यह भी कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा की ही राज्य में सरकार है और गठबंधन के नेताओं की ओर से भ्रष्टाचार पर कुछ नहीं बोला जा रहा। हालांकि आरोपियों पर कार्रवाई का विरोध जरूर हो रहा है।*

*वास्तव में झारखंड समेत पूरे देश में अथाह भ्रष्टाचार जारी है। जहां मामले उजागर हो जाते हैं, वहां कार्रवाई की खानापूर्ति हो जाती है। आज के समाज में भ्रष्टाचार अब अनैतिक भी नहीं रहा है, यह धड़ल्ले से हो रहा है। ऐसे में इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा कि ऐसे भ्रष्ट लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। निश्चित रूप से इस संबंध में गंभीर चिंतन की जरूरत है। इस समय आम चुनाव जारी है, भ्रष्टाचार के मामलों में देश के हालात और बिगड़ने से रोकने का उपाय यही है कि केंद्र में सही नेतृत्व को ही जिम्मेदारी मिले।*

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों



में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बड़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है।

दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

पीओके के लोग चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं। पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस तरह भारतीय तिरंगा लहराया जा रहा है और भारत में विलय के स्वर उठ रहे हैं, उससे भविष्य में इस विवादित क्षेत्र पर निर्णायक पटकथा लिखे जाने के आसार नजर आ रहे हैं। भारत को पीओके के घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, ताकि इससे हमारे सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर न पड़े एवं भविष्य की नीतियों का निर्धारण करने में सुविधा रहे।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# धवन सहित सजपा के 300 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पूर्व केंद्रीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री एवं सजपा नेता हरमोहन धवन को उनके 300 समर्थकों सहित आज यहां पुलिस ने उस समय हिरासत में ले लिया जब वे पुलिस द्वारा सजपा कार्यकर्त्ताओं के साथ की जा रही ज्यादतियों के खिलाफ सेक्टर-17 के थाने का घेराव कर रहे थे। इससे पूर्व आज सुबह चंडीगढ़ पुलिस ने युवा समाजवादी जनता पार्टी के अध्यक्ष अशोक कौशिक, उपाध्यक्ष सुनील गुगलानी, महासचिव जगकरण सिंह बराड़ और एक अन्य सजपा कार्यकर्ता आर.एस. राठौर को उनके घरों पर छापे मारकर गिरफ्तार किया था जबकि टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य व सजपा कार्यकर्ता ओमप्रकाश अग्रवाल के घर पर मौजूद नहीं होने के कारण उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका। इन सभी पर लगभग 16 माह पूर्व टेलीफोन विभाग के खिलाफ किए गए प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ किए जाने का आरोप है। आज सुबह पलसौरा स्थित कालोनी में सजपा कार्यकर्त्ताओं ने सफाई अभियान के दौरान सुलभ शौचालय कांपलेक्स के उद्घाटन के लिए वहां गए नगर प्रशासक सुरेन्द नाथ को एक ज्ञापन दिया जिसमें पलसौरा कालोनी में हुई पांच बच्चों की मौत के लिए स्वास्थ्य निदेशक को जिम्मेदार ठहराया गया था और उनके खिलाफ केस दर्ज किए जाने की मांग की गई थी। श्री धवन ने सजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की खबर मिलने पर अपने 300 से अधिक समर्थकों के साथ पलसौरा से जुलूस की शक्ल में आकर सेक्टर 17 के थाने का घेराव किया और उन सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। श्री धवन की गिरफ्तारी के कारण आज बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन को सजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अनिस खोसला ने संबोधित किया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1498- वास्को डी गामा ने कालीकट के नजदीक पहली बार लंगर डाला।
1540- शेरशाह ने हरदोई में हुमायूं को मात दी। इसे इतिहास में कन्नौज की लड़ाई के नाम से जाना जाता है।
1769- ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए।
1857- बहादुर शाह जफर द्वितीय को स्वतंत्र मुगल बादशाह घोषित किया गया।
1949- भारत ने राष्ट्रमंडल देशों के समूह में बने रहने का फैसला किया।
1951- प्रसिद्ध भारतीय ग़ज़ल और पार्श्वगायक पंकज उदास का जन्म।
1953- हिंदी सिनेमा की चरित्र अभिनेत्री प्रीति गांगुली का जन्म।
1972- पद्म श्री से सम्मानित भारतीय मूर्तिकार रघुनाथ कृष्ण फड़के का निधन।
1974- आयरलैंड के डबलिन शहर में तीन कार बम धमाकों में 23 लोगों की मौत और 100 से अधिक घायल हुए।
1975- जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी।
1987- सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
2000- रूसी संसद के ऊपरी सदन फ़ेडरलिस्ट्स ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि की मंजूरी प्रदान की।
2002- पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव क़ब्रिस्तान से बरामद।
2007- भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू।
2008- बिहार के परिवहन मंत्री रामानन्द प्रताप सिंह न नीतीश मंत्रिमण्डल से इस्तीफ़ा दिया।
2008- तालिबानी आतंकवादियों ने पाकिस्तान के राजदूत तारिक अजीजुद्दीन को रिहा किया।
2010- भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।
2010- भारत ने दो हजार किलोमीटर तक मार करने में सक्षम 'अग्नि-2' प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण किया।

## बोल ब्यूटीफुल



**राजदीप सरदेसाई:** मोदी सरकार पहले से पांच किलो राशन दे रही है और अब कांग्रेस ने भी दस किलो देने का वादा किया है। क्या विपक्ष की आंखें देर से खुली? मैं पहले से कहता रहा हूं कि यह मुफ्त राशन का चुनाव है। लोग नेताओं के बड़े-बड़े वादों से पक चुके है। अब उनका ध्यान बुनियादी जरूरतों की पूति पर ही लगा है।

**लाला:** दस किलो राशन की बात करके कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। अभी तक इनके पास एक मुद्दा तो होता बोलने के लिए लेकिन यह मुद्दा खुद ही गंवा दिया। अब पांच साल आगे कभी नहीं बोल पाएंगे फ्री राशन क्यों? कहेंगे तो लोग याद दिलाएंगे कि आपने तो इस किलो का वादा किया था।

## सतरंगी पर्दा

# कंगना राणावत के पास हैं तीन करोड़ रुपए के हीरे!

### कंगना के पास तीन करोड़ के हीरे



हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही अभिनेत्री कंगना राणावत ने अपना नामांकन पत्र भरने के दौरान खुलासा किया है कि उसके पास तीन करोड़ रुपए के हीरे, छह किलो सोना और साठ किलो चांदी के आभूषण हैं। उसके पास 62. 92 करोड़ रुपए की अचल और 28.73 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है। कंगना पर 17 करोड़ रुपए का कर्ज भी है।

कंगना पहली बार हिमाचल में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। चुनाव आयोग को सौंपे हलफनामे में 37 वर्षीय कंगना ने खुद को 12 वीं पास बताया है। कंगना ने यह भी खुलासा किया है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने सहित उनके खिलाफ कुल आठ केस हैं। एक मामले में तो कंगना के खिलाफ आरोप भी तय हो चुके हैं।

अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर कारों की भी शौकीन हैं। उनके पास पांच करोड़ कीमत की चार कारें हैं। उन्होंने 50 अलग अलग एलआईसी करवाई हुई हैं। उनके अलग-अलग बैंकों में कुल आठ खाते हैं. इनमें सात बैंक खाते मुंबई में हैं। उन्होंने अपने पास दो लाख रुपए की नकदी भी बताई है।

### जूही बब्बर भी उतरीं मैदान में

हरियाणा में गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के लिए मुकाबला उस समय और रोचक हो गया, कांग्रेस उम्मीदवार फिल्म अभिनेता राज बब्बर की मदद के लिए उनकी बेटी अभिनेत्री जूही बब्बर ने कमान संभाल ली है। गर्मी के मौसम में पसीना बहाते हुए जूही अगले कई दिनों तक गुड़गांव क्षेत्र में दिन-रात एक किए रहेंगी। हरियाणा में छठे चरण में मतदान 25 मई को होगा।



जूही बब्बर कांग्रेस नेताओं के साथ गांवों से लेकर शहर की कॉलोनियों तक अपने पिता राज बब्बर के लिए वोट मांग रही हैं। जूही का कहना है कि उनके पिता के चुनाव लड़ने के कारण ही राव इंद्रजीत सिंह को गांव-गांव घूमने को मजबूर होना पड़ रहा है। उनका कहना है कि भाजपा राज में युवाओं को रोजगार नहीं मिला। अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो हर हाथ को काम देगी।

राज बब्बर को वोट देकर कांग्रेस के हाथ मजबूत करने का आग्रह करते हुए जूही कहती हैं कि संविधान बदलने से रोकने के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करना होगा। अपने पिता को जनसेवक बताते हुए जूही कहती हैं कि राव अभी भी राजा बने हुए हैं, जिनका आम लोगों की तकलीफों से कोई वास्ता नहीं है।

अपने पिता की चुनावी नैया पार लगाने में जुटीं जूही बब्बर की बातें लोग ध्यान से सुन रहे हैं, लेकिन संसद में भेजने के लिए वे किसके हक में फैसला देंगे, यह चार जून को ही साफ हो पाएगा।

### सलमान मामले में छठी गिरफ्तारी



फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने लॉरेंस गैंग के एक और आरोपी को हरियाणा से पकड़ लिया है। इस मामले में यह छठी गिरफ्तारी है। इस केस को एक महीने से ऊपर का समय हो गया है और पुलिस हर छोटे-बड़े पहलुओं को गौर कर रही है। जिस शख्स को पुलिस ने पकड़ा है उसका नाम हरपाल सिंह है और उसे हरियाणा के फरीदाबाद से पकड़ा गया है।

आरोपी का नाम हरपाल सिंह है और वह 34 साल का है। इस शख्स को उसके होमटाउन से ही मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। हरपाल सिंह को मुंबई लाया गया है।

पुलिस को पूछताछ के दौरान हरपाल की जानकारी मिली थी। पुलिस इस केस में जब पकड़े गए लॉरेंस गैंग के ही एक और व्यक्ति मोहम्मद रफीक चौधरी से पूछताछ कर रही थी तो उस दौरान हरपाल सिंह का भी पता लगा। हरपाल ने ही रफीक को सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने के लिए तीन लाख रुपए दिए थे। अभी भी उससे पूछताछ की जा रही है।

### सनी देओल की आएगी 'लाहौर 1947'

पंजाबी पुत्त सनी देओल जल्दी ही फिल्म 'लाहौर 1947' में दिखाई देंगे। पिछले साल अक्तूबर के महीने में सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लाहौर 1947' के बनने की घोषणा की गई थी, अब इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी जानकारी सामने आ गई है।




यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी. इस फिल्म में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा अहम रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म में आमिर खान भी कैमियो रोल करते दिखाई दे सकते हैं। आमिर खान और राजकुमार संतोषी की इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर पता चला है कि फिल्म 'लाहौर 1947' अगले साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन सिनेमाघरों में रिलीज की जा सकती है।

फिल्म की शूटिंग लगातार जारी है। उम्मीद है कि इस फिल्म की शूटिंग जून तक खत्म हो जाएगी। सनी देओल और प्रीति के अलावा इस फिल्म में शबाना आजमी और मोना सिंह भी मुख्य किरदार निभा रही हैं। इनके अलावा विलेन की भूमिका में अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। अली फजल भी फिल्म में दिखाई दे सकते हैं। आमिर खान ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि इस फिल्म में सनी देओल के बेटे करण देओल भी नजर आएंगे। करण इस फिल्म में जावेद के किरदार में नजर आएंगे।

### नवाब पटौदी की पोती सारा का जलवा

हरियाणा में गुरुग्राम के नवाब पटौदी की पोती सारा अली खान बॉलीवुड इंडस्ट्री चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने छह साल के करियर में सारा ने दर्शकों के दिल में खास जगह बना ली है। अपनी दादी शर्मिला टैगोर, पिता सैफ अली खान और मां अमृता के नक्शेकदम पर चलते हुए सारा ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। हालांकि, अभी भी सारा अपनी दादी के बेहद करीब हैं। आज भी उनकी मां अमृता सिंह अपनी सास शर्मिला टैगोर के काफी क्लोज हैं। शर्मिला टैगोर का गुरुग्राम से पुराना नाता है।



सारा अली खान ने हाल ही में, अपनी मां अमृता सिंह और शर्मिला टैगोर के रिश्ते पर भी चर्चा की और बताया कि उनकी दादी को आज भी अमृता सिंह की कितनी फिक्र है। सारा ने कहा, 'मेरी मां के माता-पिता नहीं हैं, लेकिन अगर मुझे या इब्राहिम को कुछ होता है, तो मैं जानती हूं कि वह अकेली नहीं होंगी, क्योंकि बड़ी अम्मा यानी शर्मिला टैगोर वहां होंगी और यही सब कुछ है।'

यह भी खुलासा सारा ने ही किया है कि वह अक्सर सोशल मीडिया और जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में अपनी 'बड़ी अम्मा' से मार्गदर्शन लेती हैं। उन्होंने विनम्रता और संतुलन बनाए रखने, चीजों को बिना उलझाए हुए गंभीरता से लेने के महत्व पर जोर देना सिखाया है। वह लगातार शर्मिला टैगोर से सीखती हैं. सारा ने कहा कि शर्मिला टैगोर न केवल एक अभिनेत्री के रूप में, बल्कि जीवन में संतुलन बनाए रखने की उनकी क्षमता के कारण भी ये शिक्षाएं देती हैं. सारा अली खान अगली बार आदित्य रॉय कपूर के साथ 'मेट्रो इन दिनों' में दिखाई देंगी। उन्होंने आखिरी बार 'मर्डर मुबारक' और 'ऐ वतन मेरे वतन' में अभिनय किया था।

प्रस्तुति: सुमित्रा

# महज वोट बटोरने तक सीमित रहा कूड़े का पहाड़

## प्रशासन हर लोकसभा चुनाव से पहले करता है यहां से कूड़ा हटाने का दावा लेकिन बढ़ता ही जा रहा कूड़ा

अर्थ प्रकाश /साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ का ड्डडूमाजरा डंपिंग ग्राउंड जहां लोगों के लिये मुसीबत का सबब बना है तो वहीं राजनीतिक पार्टियों के लिये यह वोट बटोरने का मुद्दा रहा। हर लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा बनता रहा है और सब राजनीतिक पार्टियां अपने घोषणापत्र में इसकी सफाई का वादा करती रही हैं लेकिन ये वादे हर बार हवा हवाई साबित हुए। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले घोषणा की गई कि प्रशासन ड्डडूमाजरा डंपिंग ग्राउंड को जल्द क्लीयर कर देगा। कहा गया कि यहां पड़ा 5 लाख मीट्रिक टन वेस्ट ठिकाने लगा दिया जायेगा। 100 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई और वादा किया गया कि इस जगह को लोग घूमने फिरने के लिये प्रयोग करने लगेंगे लेकिन असलियत आज सबके सामने है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद कहा गया कि 34 करोड़ में डंपिंग ग्राउंड का केवल आधा कचरा ही साफ हो पायेगा। ये बात कही गई कि जो वेस्ट 2008 से पहले डंपिंग ग्राउंड में गिराया गया केवल वही 34 करोड़ की राशि में साफ हो पायेगा। 2008 के बाद गिराया गया करीब 7.63 लाख मीट्रिक टन कचरा इस मेगा प्रोजेक्ट में शामिल नहीं होगा। इसके बाद में 68 करोड़ रुपये में नया टैंडर जारी किया गया। इसके बाद जेपी कंपनी को 400 करोड़ रुपये में प्रोसेसिंग का टैंडर दे दिया गया। राजनीतिक पार्टियों की ओर से चंडीगढ़ के डड्डूमाजरा स्थित डंपिंग ग्राउंड को फुटबाल ग्राउंड से लेकर पार्क बनाने तक की कई घोषणाएं और वादे हो चुके हैं लेकिन इस कूड़े के पहाड़ के आसपास बसी जनता नारकीय जीवन जी रही है। यहां रह रहे लोगों को सडांध से भरी हवा में ही सांस लेना पड़ रहा है। किसी ने भी डंपिंग ग्राउंड की समस्या को लेकर वादा नहीं निभाया। सुबह उठते ही यहां के निवासियों को अपने आसपास कूड़ा और उससे उठती बदबू से जूझना पड़ता है।



### लोग केवल प्रशासन के भरोसे न रहें

डंपिंग ग्राउंड पर नया प्रोसेसिंग प्लांट लगाकर 400 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनी ताकि कूड़े के पहाड़ को हटाया जा सके। लोकसभा चुनाव से कुछ समय पूर्व इसकी घोषणा हुई। यह राशि उस 100 करोड़ से अलग थी जो डड्डूमाजरा वेस्ट प्लांट के पुराने पड़े कूड़े को साफ करने के लिये आवंटित हुआ। चंडीगढ़ के सेक्टर 43 निवासी समीर, सेक्टर 29 के जोगिंदर, सेक्टर 10 के संजीव का कहना केवल प्रशासन साफ सफाई रखे यह कहना गलत है। लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने आसपास का समूचा वातावरण स्व'छ रखें। लोगों को पता होना चाहिये कि कूड़े को कैसे ठिकाने लगाना है। इधर उधर नहीं गिराना। प्रशासन को भी लोगों को इसके प्रति जागरुक करना चाहिए। जो लोग कूड़ा फैलाते हैं उन पर जुर्माना लगाना चाहिए। नगर निगम स्व'छता नहीं रख पा रहा और जिन एजेंसियों को साफ सफाई के काम पर रखा है, वह सही तरीके से काम नहीं कर रहे। लोगों का कहना है कि शहर में इधर उधर बिखरा कूड़ा देखकर दुख होता है। कभी चंडीगढ़ साफ सुथरा शहर कहलाता था। अब प्लास्टिक का काफी सामान गिरा रहता है।

### हर नागरिक की जुबां पर वेस्ट प्लांट का मुद्दा

लोकसभा चुनाव में किसी भी आम नागरिक से अगर पूछो तो उसके जहन में सबसे पहले साफ सफाई और सेनीटेशन शब्द आता है। लोग कहते हैं कि उनके सांसद को यहां साफ सफाई पर सबसे 'यादा तवज्जो देनी चाहिये क्योंकि चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल है। इसका टैग हर हाल में मैंटेन करना चाहिए। आम नागरिक का कहना है कि इस शब्द के चंडीगढ़ में अब मायने नहीं रहे। लोग कहते हैं कि चंडीगढ़ स्वच्छ सर्वेक्षण में 2021 में 11वें से 66वें स्थान पर पहुंच गया। यह अपने आप में शर्म की बात है। यहां तक कि दिल्ली को भी चंडीगढ़ से ज्यादा स्व'छ माना गया है। डड्डूमाजरा का डंपिंग ग्राउंड सिटी ब्यूटीफुल पर दाग की तरह है। अगर इसे साफ कर दिया गया तो स्व'छता के रैंक में हम बेहतर परफार्म कर सकते हैं। वर्ष 2016 की बात करें तो चंडीगढ़ देश का दूसरा सबसे बेहतरीन शहर था। चंडीगढ़ प्रशासन शहर की उस छवि को दोबारा पाने की कोशिशों में जुटा है लेकिन डंपिंग ग्राउंड तो मसले को और उलझाता जा रहा है। इंदौर जैसा शहर स्वच्छता में चंडीगढ़ से काफी आगे निकल गया। लोगों के जहन में यह सवाल है कि जो भी नया सांसद बने वह डंपिंग ग्राउंड को जल्द क्लीयर कराने का काम करे। लाखों रुपये में डंपिंग ग्राउंड को साफ कराने की दृष्टि से स्टडी टूर निगम पार्षदों की ओर से किये गये। जनरल हाऊस में इसको लेकर कई बहस हुई, कई विरोध हुए लेकिन बावजूद इसके कूड़े के पहाड़ को हटाने के लिये प्रशासन ठोस नीति नहीं बना पाया।

### किताबों में भी स्टूडेंट्स को पढ़ाया जाएगा सेनीटेशन

चंडीगढ़ ऐसा शहर है जो स्कूल सिलेबस में स्वच्छता को लेकर किताब शुरू करने जा रहा है। इस किताब में स्टूडेंट्स सेनीटेशन व साफ सफाई को लेकर कई चैप्टर पढ़ेंगे। उन्हें बताया जायेगा कि कैसे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेनीटेशन के तहत की जा सकती है। इस किताब का नाम है स्वच्छता की पुस्तक : हैपी एंड स्मार्ट सिटी जिसका मकसद स्टूडेंट्स को जिम्मेदार नागरिक बनने को प्रेरित करना है।

### कई बार कूड़े में लगी आग, पानी की कई लाख लीटर बर्बादी



डंपिंग ग्राउंड में कई बार आग लग चुकी है जिसे बुझाने के लिये कई पानी के टैंकर लगाये गये लेकिन इसमें खूब मशक्कत हुई। अभी तक इस डंपिंग ग्राउंड में वर्ष 2005 से जुलाई 2021 तक आग लगने की 486 घटनाएं हो चुकी हैं। आग लगने से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ होता है। 2016 से लेकर 2021 तक 40 लाख लीटर पानी इस डंपिंग ग्राउंड की आग बुझाने के लिये प्रयोग हो चुका है। 2016 में 5 लाख लीटर, 2017 में 6.3 लाख लीटर, 2018 में 2.5 लाख लीटर, 2019 में 1.25 लाख लीटर, 2020 में 8 लाख लीटर 2021 में 18.25 लाख लीटर पानी इसकी आग बुझाने में इस्तेमाल हो चुका है।

### ऐसे स्वच्छ सर्वेक्षण में पिछड़ता रहा चंडीगढ़

चंडीगढ़ नगर निगम 2016 से भी पहले स्वच्छ सर्वेक्षण क्लीन्लीनेस सर्वे में भाग लेता रहा है। 73 शहरों में यहां साफ सफाई को दूसरा स्थान मिला। 2017 में 434 शहरों में यह रैंक गिरकर 11वें स्थान पर पहुंच गया। 2018 में यह रैंक तीसरे स्थान पर पहुंचा। 2019 में यह फिर गिरकर 20वें पायदान पर पहुंच गया। 2020 में यह 16वें स्थान पर रहा। 2021 में यह काफी नीचे गिरकर स्वच्छता रैंक में 66वें स्थान पर पहुंच गया। 2022 में हालांकि दोबारा चंडीगढ़ का 12वां रैंक आया। 2023 में इसका स्वच्छता में 11वां रैंक आया लेकिन चंडीगढ़ से बेहतर स्व'छता में दिल्ली का रैंक रहा जिससे लोगों को तकलीफ हुई।

# केजरीवाल के आवास पर महिलाओं से हुई अभद्रता के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका पुतला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं से हुई अभद्रता के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने सेक्टर-33 और 34 की लाइटों पर सीएम अरविंद केजरीवाल का पुतला फूंका और जोरदार नारेबाजी की।चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष हीरा नेगी के नेतृत्व में किए गए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। नेगी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी की ही कद्दावर महिला नेत्री स्वाति मालीवाल के साथ जो कृत्य हुआ है,वह किसी घिनौने अपराध कम नहीं है। भाजपा महिला मोर्चा इस घटना के बाद से आगे की कार्रवाई पर नजर रखे हुए था,लेकिन तीसरा दिन भी बीत गया और अब तक कार्रवाई नहीं हुई। आम आदमी पार्टी के नेता कार्रवाई कराने के नाम पर सिर्फ यही कह रहे हैं कि जो हुआ है, वह गलत हुआ। उन्होंने कहा कि यह कहने भर से काम नहीं चलेगा। इस प्रकरण पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को कड़ा संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करानी चाहिए थी।

नेगी ने सवाल उठाया कि जब आम आदमी पार्टी के नेता भी मान रहे हैं कि गलत हुआ है तो अब तक कार्रवाई कराने में इतनी देरी क्यों की जा रही है। क्या इसलिए कि किसी तरह का दवाब बनाकर समझौता करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं यह बर्दाश्त नहीं करेंगी। भाजपा महिला मोर्चा इस घटना की पहले दिन से घोर निंदा कर रहा है,क्योंकि वारदात एक मुख्यमंत्री के आवास पर हुई है,अगर प्रदेश के मुखिया के आवास पर खुद आम आदमी पार्टी की महिला नेत्री सुरक्षित नहीं है और उनकी शिकायत के बावजूद तीन दिन तक कार्रवाई कराने में ढील बरती जाती है।भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास को करोड़ों खर्च कर सरकारी बंगले का महल तो बना दिया,मगर लगता है सुरक्षा के इंतजाम केवल उन्हीं के लिए हैं और वहां महिलाएं असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर जो पाप हुआ है,उसके लिए केजरीवाल को खुद आगे आकर देश की महिला शक्ति से माफी मांगनी चाहिए और आश्वस्त करना चाहिए कि उनके महल में केवल वही नहीं,महिलाओं के मान सम्मान की भी रक्षा होगी। पुष्पा राठौर,रेखा सूद,हेमा,गीता शर्मा,संदीप, निशा शर्मा, फरमीला, राधा और सुषमा सहित कई महिलाएं विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं।

# प्रशासन ने नए डीसी के लिये छह महीने पहले ही मांगा पैनल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में नए डीसी के लिए प्रशासन ने हरियाणा सरकार से पैनल मांगा है। इसके लिए प्रशासन ने हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी को एक पत्र लिखा है। यह पैनल उनका कार्यकाल पूरा होने के 6 महीने पहले ही मांग लिया गया है। इससे पहले हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी और चंडीगढ़ के गृह सचिव नितिन कुमार यादव के लिए भी पैनल की मांग की गई थी। अभी तक उसके लिए हरियाणा सरकार की तरफ से कोई नाम नहीं दिए गए हैं। जून में उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है।

उधर चंडीगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. विजय नामदेव का भी कार्यकाल पूरा हो चुका है, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण उन्हें अभी वापस नहीं भेजा गया है। चुनाव होने के बाद उन्हें पंजाब वापिस भेज दिया जाएगा। पंजाब से उनकी जगह पर नए अधिकारी को चंडीगढ़ में चुनाव आयुक्त लगाया जाएगा। चंडीगढ़ में हरियाणा पंजाब और केंद्र सरकार की तरफ से 3 साल के डेपुटेशन पर अधिकारियों को भेजा जाता है। जब उनका कार्यकाल पूरा हो जाए तो उन्हें वापस उनके रा'य में भेज दिया जाता है। वहीं कुछ अधिकारियों को गृह रा'य की अनुमति लेकर एक्सटेंशन भी दे दी जाती है। पिछले दिनों चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी कुलदीप चहल को कार्यकाल पूरा होने से पहले ही वापस भेज दिया था।

# इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस एन मीडियामैन की राज्यस्तरीय बैठक संपन्न



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस एन मीडियामैन की राज्यस्तरीय बैठक बुधवार को सेक्टर 29 डी में आयोजित हुई । राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सहयोगी ने स्थानीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। साथ ही प्रकाशकों की समस्याएँ भी कम नहीं। एसोसिएशन संबंधित अधिकारियों के समक्ष पत्रकारों का जोरदार पक्ष रखेगी और शीघ्र निराकरण का प्रयास करेगी।

हरियाणा पंजाब चंडीगढ़ के प्रकाशकों सम्पादकों ने शिरकत की। बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सहयोगी के साथ दिल्ली से आए महासचिव डॉ डी. डी. मित्तल व राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र शर्मा परवाना शामिल हुए । प्रदेश चंडीगढ़ के संयोजक डॉ विनोद शर्मा ने राष्ट्रीय टीम के पदाधिकारियों का स्वागत किया ।

बैठक के दौरान मीडियाकर्मियों, संपादकों व प्रकाशकों को होने वाली समस्याओं के पर विशेष रूप से चर्चा हुई । साथ ही संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई । राष्ट्रीय अध्यक्ष व महासचिव ने सभी समस्याओं को हल करवाने का आश्वासन दिया ।

# आम आदमी पार्टी के राज में उनकी अपनी महिला सांसद भी सुरक्षित नहीं : डा. सुभाष शर्मा

## पंजाब की 1.3 करोड़ महिला मतदाताओं को आज तक नहीं मिले 1000-1000 रुपए : डा. सुभाष शर्मा

डा. सुभाष शर्मा ने किया मोहाली में डोर टू डोर प्रचार, खरड़ में वकीलों के साथ की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली/खरड़ ।** श्री आनंदपुर साहिब से भाजपा प्रत्याशी डा. सुभाष शर्मा ने आज अपने चुनावी अभियान को गति देते हुए मोहाली और खरड़ में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने खरड़ में वकीलों द्वारा आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए आम आदमी पार्टी पर बड़ा सियासी हमला बोलते हुए कहा कि चाहे पंजाब हो या दिल्ली आम आदमी पार्टी नेताओं को न तो महिलाओं का सम्मान करना आता है और न ही महिलाओं से किए वादे को पूरा करना। इसका एक उदाहरण है आम आदमी पार्टी की ही राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली सीएम हाउस में ही किया गया दुर्व्यवहार और दूसरा उदाहरण है पंजाब की महिलाओं को अभी तक 1000 रुपए प्रतिमाह न मिलना, जिसका ढिंढोरा आम आदमी पार्टी ने पंजाब के 2022 के विधानसभा चुनावों में जमकर पीटा था और आज तक पंजाब की एक भी महिला को यह राशि नहीं मिली है। डा. सुभाष शर्मा ने कहा कि स्वाति मालीवाल 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर गई और वहां सीएम केजरीवाल के निजी सचिव विभव ने ड्राइंग रूम में उनके साथ दुर्व्यवहार किया। यह बहुत ही शर्मनाक घटना है और ये घटना जनता को यह सोचने पर मजबूर करती है कि जिस पार्टी के सीएम के घर में उनकी अपनी ही पार्टी की सांसद सुरक्षित नहीं हैं तो दिल्ली और पंजाब की महिलाएं आम आदमी पार्र्टी के शासन में खुद को सुरक्षित मानें। डा. सुभाष शर्मा ने कहा कि मान सरकार ने चुनावी वायदा किया था कि 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे लेकिन आज तक इस वादे को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह बहुत शर्मनाक है कि आप सरकार ने ललचाने वाले और झूठे वायदे करके पंजाब में सत्ता हासिल की। इनके द्वारा किए गए वादे पूरे न होने से पंजाब की महिलाओं में भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में पंजाब की अर्थव्यवस्था ढह रही है और मान सरकार के पास विधानसभा चुनावों से पहले आप द्वारा किए गए वायदे पूरे करने के लिए पैसे नहीं हैं। वोटर लिस्टों के आंकड़ों के मुताबिक पंजाब में करीब 1.3 करोड़ महिला मतदाता हैं। यदि सभी 1.3 करोड़ महिलाओं को 1000 रुपये प्रति महीने दिए जाएं, तो इसके लिए सालाना 15,600 करोड़ रुपए की जरूरत होगी, जबकि वास्तविकता यह है कि राज्य का खजाना खाली है और खर्चा चलाने के लिए कर्ज में डूबी आप सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है।

# एक अध्यापक द्वारा अपने बिछड़े विद्यार्थी को श्रद्धाँजलि

## डॉ. रत्न सिंह जग्गी द्वारा सुरजीत पातर को श्रद्धाँजलि भेंट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** प्रसिद्ध सिख विद्वान पद्म श्री डॉ. रत्न सिंह जग्गी ने महान शायर और अपने विद्यार्थी रहे डॉ. सुरजीत पातर को श्रद्धाँजलि भेंट करते हुए कहा कि उसके चल जाने से साहित्य जगत को एक ऐसी क्षति हुई है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती।

डॉ. जग्गी ने डॉ. सुरजीत पातर के परिवार को लिखे शोक संदेश में श्रद्धाँजलि देते हुए लिखा है, ''डॉ. सुरजीत पातर आज के युग का कद्दावर साहित्यकार था जिसके चले जाने से साहित्य जगत को एक बड़ी क्षति हुई है जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती। उनके चले जाने से जहाँ परिवार को एक बड़ी हानि हुई है वहीं पंजाब और देश को भी एक बड़ा नुकसान हुआ है।''

डॉ. जग्गी जो डॉ. सुरजीत पातर की एम.ए. की पढ़ाई में अध्यापक थे, ने लिखा, ''मुझे हमेशा इस बात पर गर्व रहेगा कि सुरजीत पातर मेरा विद्यार्थी था। एक अध्यापक के लिए इससे बड़ी बात क्या होगी कि उसकी पहचान उसके विद्यार्थियों द्वारा की जाये।''

डॉ. जग्गी ने कहा कि सुरजीत पातर जहाँ महान शायर थे वहीं विद्यार्थी जीवन में नम्रता, सरलता और विनम्रता जैसे गुणों के मालिक थे। सुरजीत पातर ने ये गुण शोहरत की बुलन्दियों को छूने के बाद भी नहीं छोड़े जिनके वह खुद गवाह हैं। उन्होंने कहा कि सुरजीत पातर ने अपने लेखों द्वारा पंजाबी मातृभाषा का मान बड़ाया और आजीवन पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत के संरक्षक रहे।

डॉ. जग्गी ने परिवार के साथ दुख साझा करते हुए कहा कि ईश्वर उनको अपने चरणों में स्थान दें तथा परिवार, साहित्य जाड़त और उनको चाहने वाले अनेकों साहित्य प्रेमियों को ईश्वरीय आदेश मानने का बल प्रदान करें।

# उम्मीदवारों के साथ चुनाव तैयारी आकलन बैठक

अर्थ प्रकाश /साजन शर्मा



**चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र में उम्मीदवारों द्वारा बनाए जाने वाले चुनाव व्यय रजिस्टर से संबंधित नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक कौशलेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान, चुनावी प्रक्रिया के दौरान खर्च करने की अनुमेय सीमा और निर्धारित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

चुनाव उम्मीदवारों और एजेंटों को नियमों के सार के साथ-साथ विभिन्न व्यय मदों के लिए अनुमोदित दरें वितरित की गई। मंच ने उम्मीदवारों के लिए चुनाव व्यय के बारे में उनके किसी भी प्रश्न या चिंता को संबोधित करने का अवसर भी प्रदान किया। इन प्रश्नों को तुरंत संबोधित किया गया और नियामक ढांचे के अनुपालन और स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए हल किया गया।

चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के पालन के महत्व पर जोर देते हुए, व्यय पर्यवेक्षक ने नियमों के सावधानीपूर्वक अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। यह दोहराया गया कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए इन नियमों का सख्ती से पालन करना सर्वोपरि है।

### चुनाव पुलिस पर्यवेक्षक ने किया दौरा



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** यूटी चंडीगढ़ में आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस पर्यवेक्षक, चुनाव सुश्री मलिका गर्ग, (आईपीएस) ने निरीक्षण के लिए सीसीईटी, सेक्टर 26 सीडी में स्ट्रॉन्ग रूम का दौरा किया। उन्होंने दद्दू माजरा और कजहेड़ी क्षेत्र में संवेदनशील बूथों और सीमा नाकों का भी दौरा किया।

# हिंदुस्तान के मुसलमानों को मोदी सरकार की योजनाओं का मिला है पूरा लाभ :जमाल सिद्धिकी

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भारत के मुसलमानों को भरोसा

हर परिवार को 1 लाख देने की बात करते हैं युवराज, क्या 32 लाख करोड़ इटली के खजाने से लाएंगे : मल्होत्रा

अर्थ प्रकाश /साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने चंडीगढ़ के अल्प संख्यक समाज और मुस्लिमों से एकजुट होकर भाजपा के प्रत्याशी संजय टंडन के समर्थन में वोट की अपील की।गुरुवार को चंडीगढ़ में उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय कमलम में अल्प संख्यक मोर्चा की बैठक ली और अपने संबोधन में कहा कि हिंदुस्तान का मुस्लिम समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित मानते हुए उन पर भरोसा करता है।वह यकीन से कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान योजनाओं सहित भाजपा सरकार सरकारी की योजनाओं का पूरा लाभ हर नागरिक और दूसरे समुदायों की तरह बिना किसी भेदभाव के भारत के हर कोने में बसे मुसलमानों को भी मिला है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ जनता का नेतृत्व करते हैं। संतोषजनक बात यह है कि उनके नेतृत्व पर अल्प संख्यक समाज भरोसा रखता है और प्रधानमंत्री के साथ कदम से कदम मिलाकर भारत के विकास में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में बगैर भेदभाव के काम किया है। मोदी का नारा है सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद 55 वर्षों तक भारत की जनता को केवल नारे देकर सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस की तरह भाजपा ने केवल नारे देकर काम नहीं चलाया, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पूरी टीम ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ देश और समाज की दशा और दिशा बदलने में अहम योगदान देने का काम किया है। यही कारण है कि देश में शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा, खेल, नवाचार, विकास, आदिवासी क्षेत्र और अल्प संख्यक,परिवहन सेवा पर विशेष फोकस कर देश की तस्वीर बदली और विश्व पटल पर भारत का सम्मान बढ़ाने का काम किया।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आज दुनियाभर में 40 प्रतिशत यूपीआई से पेमेंट भारत में हो रही है।आत्म सम्मान से देश आगे बढ़ रहा है,मगर कांग्रेस के युवराज अभी भी लोगों को भ्रमित करने वाली बयानबाजी कर रहे हैं। अब उन्होंने नया शगूफा छोड़ दिया है। वे हर परिवार को एक लाख रुपये देने की बात कहने लगे हैं,जबकि हंसी इस बात पर आती है कि इतना पैसा क्या वे इटली के घर में दबे खजाने से निकाल कर लाएंगे,क्योंकि भारत में 32 करोड़ परिवार हैं।राहुल गांधी के दावे पर अगर विश्वास कर भी लें तो हर गरीब परिवार को एक लाख देने के लिए उन्हें 32 लाख करोड़ अनुदान की आवश्यकता होगी,मगर इसका जवाब देना शायद वह आवश्यक नहीं समझते होंगे,इसलिए लोगों को गुमराह करने वाले बयान दे रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए यह यह परफोरमेंस देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत है,देश के साथ लोगों की सोच भी विकसित हुई है। राहुल गांधी को अपने भाषणों में यह भी बताना चाहिए कि वह इतना पैसा कहां से लाएंगे। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्धिकी,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा.असलम,प्रदेशाध्यक्ष जावेद अंसारी,प्रदेश महामंत्री इफ्तेखार अहमद,अल्प संख्यक मोर्चा के प्रभारी भीमसेन अग्रवाल,कार्यालय सचिव शाबाद अहमद उपस्थित रहे।

# हरियाणा के जन-जन की जुबान पर एक ही बात है कि 25 मई को भाजपा गई: दीपेन्द्र हुड्डा

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल



**झज्जर।** दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा के कुशासन का अंत निश्चित हो गया है। आज हरियाणा के जन-जन की जुबान पर एक ही बात है कि 25 मई भाजपा गयी। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी नशे और अपराध के गर्त में ढकेल दिया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जो हरियाणा 2014 से पहले विकास में नंबर 1 पर माना जाता था वो हरियाणा आज विकास की पटरी से उतर गया। उन्होंने इलाके की मंजूरशुदा परियोजनाओं के प्रदेश से बाहर जाने या ठप होने पर रोष जताते हुए कहा कि आज अगर कांग्रेस सरकार होती तो एम्स-2 और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की तरह बाढसा एम्स के बाकी बचे 10 संस्थान भी तैयार हो चुके होते। उन्होंने दिन-रात एक करके इन्हें केंद्र सरकार से यहाँ के लिए मंजूर कराया लेकिन बीजेपी सरकार ने सारे किए कराए पर पानी फेर दिया। प्रदेश में कमजोर सरकार के चलते ही इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेल कोच फैक्ट्री जैसी बड़ी मंजूरशुदा परियोजनाएं हरियाणा से दूसरे प्रदेशों में चली गई। इस दौरान विधायक कुलदीप वत्स मौजूद रहे। रोहतक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दीपेन्द्र हुड्डा आज बदली हलके के गाँव सिलानी केशो, सिलानी जालिम, सिलाना, सुलोधा, गिजाडोद, रायपुर, किरडोद, दादनपुर, चाँदपुर, माछरौली, भटेडा, घाटोली, काहडी, ढाणी सैनियान, खेड़ी सुल्तान, अमादलपुर, खुड्डन, असदपुर खेड़ा, अहरी, कोका, कुलाना, पाटोदा, खेड़ा पाटोदा, लुहारी आदि इलाकों में चुनाव प्रचार किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में बादली, झज्जर, बहादुरगढ़, महम, कोसली, रोहतक, कलानौर, सांपला समेत 17 शहरों में बाईपास बनवाये और छुछकवास, मातन, सुबाना और बेरी का बाईपास एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से मंजूर करा दिया था। लेकिन 10 साल में बीजेपी सरकार 4 मंजूरशुदा बाईपास भी नहीं बनवा पायी। यही नहीं, उन्होंने बहादुरगड़ तक मेट्रो बनवाई जिसे 10 साल में भी बीजेपी सरकार आगे लेकर नहीं आ पाई। दीपेन्द्र हुड्डा ने आश्वस्त किया कि इस बार वो बहादुरगड़ मेट्रो को झज्जर और रोहतक लेकर जाएंगे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कांग्रेस पार्टी की न्याय गारंटियों के बारे में बताते हुए कहा कि केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर महीने रु 8500 यानी सालाना रु1 लाख रुपये मिलेंगे। केंद्र सरकार में खाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर युवाओं को समयबद्ध ढंग से पक्की नौकरी मिलेगी। हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी की पहली नौकरी पक्की होगी उन्हें प्रतिवर्ष एक लाख रुपए के स्टाइपेंड वाली अप्रेंटिसशिप की गारंटी मिलेगी। पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के करीब 3 महीने बाद ही विधान सभा चुनाव होंगे और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनेगी और कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये महीना पेंशन, हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, युवाओं के लिए खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर समयबद्ध पक्की भर्ती, किसानों की उपज को रूक्क पर खरीदेंगे। गरीब परिवारों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट योजना लागू कर उसपर 3.5 लाख रुपये की लागत से 2 कमरे का मकान देंगे, जनता को परेशान करने वाले पोर्टलों से छुटकारा दिलायेंगे। कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेंगे। गरीब परिवारों को पीला कार्ड, खेल-खिलाड़ियों के लिये पदक लाओ, पद पाओ की नीति लागू करेंगे। पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बड़ाकर 10 लाख करेंगे और जैसे 2005 में सरकार बनने पर हरियाणा से अपराध व अपराधियों का सफाया किया था वैसे ही सारे गुंडे-बदमाशों को हरियाणा से बाहर कर अपराधमुक्त हरियाणा बनायेंगे।

हैल्थ केयर कॉर्नर

## तेज दौड़ने व सीढ़ी चढ़ने से कम हो जाता है कैंसर व हृदय रोग का खतरा



डा. शाश्वत जैन

**यमुनानगर (डा. आर. के. जैन)।** अगर कोई व्यक्ति रोजाना करीब 4.5 मिनट तेज गति से दौड़ता है तो इससे करीब 13 से अधिक प्रकार के कैंसर का खतरा घट जाता है। यूनिवर्सिटी कॉलज ऑफ मैडिकल साईस के डा. शाश्वत जैन ने बताया कि एक रिसर्च में करीब 22000 से अधिक पुरुषों और महिलाओं के गतिविधि ट्रैकर किया गया और उसमें से मिले डाटा का उपयोग किया गया, इनमें उन लोगों को भी शामिल किया गया था जिन्हें किन्हीं कारणों से तेजी से सीढ़ियां चढना पड़ता है या जिन्हें लोकल ट्रेन पकडनी होती है। डाटा का एनालिसिस करने से पाया गया है कि इनमें करीब 32 प्रतिशत तक कैंसर की आशंका घटती है। यह एक प्रभावशाली विश्लेषण और अध्ययन है। डा. जैन ने बताया कि कैंसर और व्यायाम के बीच सीधा संबंध है। अब सवाल उठता है कि आखिर वे मुख्यत~ कौन सी एक्टिविटीज है जिनसे कैंसर का खतरा घटता है। तो इस स्टडी में कहा गया है कि पसीना बहा लेने वाली चंद मिनट की गतिविधियों में कड़ी मेहनत वाला घरेलू कामकाज, किराने की दुकान से भारी सामान की खरीदारी, बहुत तेज कदमों से चलना, बच्चों के साथ थकाने वाले खेल खेलना आदि शामिल हैं। जो वयस्क मेहनत नहीं करते हैं उनमें छाती, कोलेन जैसे कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है, इसलिए व्यायाम बेहद जरूरी है। अलग-अलग रिसर्च की मानें तो मानव की शारीरिक रचना दौडने के लिए बनाई गई है। पहले लोग भोजन के लिए ज्यादा भागदौड़ करते थे, अब दिनचर्या बदल गई है ज्यादातर लोग निष्क्रिय जीवनशैली में रहते हैं इसलिए डाक्टर के पास जाने से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि अपनी शारीरिक सक्रियता को बढ़ा दिया जाए। इसमें भी सबसे अच्छा व्यायाम दौडना है, इससे शरीर का हर सिस्टम सुधरता है। नहीं दौडने वालों की तुलना में दौड़ लगाने वाले लोगों के किसी भी कारण से मरने की 27 प्रतिशत कम आशंका रहती है। उनके दिल की बीमारियों से 30 प्रतिशत और कैंसर से जान गंवाने का खतरा 23 प्रतिशत कम रहता है। उन्होंने बताया कि दौडने से धमनियों में ब्लड का प्रवाह ठीक ढंग से होता है और हार्ट को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है। इससे हार्ट अटैक का रिस्क भी कम हो जाता है। यदि आप नियमित रूप से रोज सुबह या शाम को दौडने की आदत डालते हैं तो इससे आपको स्वास्थ्य के लिहाज से काफी लाभ मिल सकते हैं जो लोग पहले से ही काफी हैवी वर्कआऊट करते हैं, वे सप्ताह में 5 दिन ऐसा कर सकते हैं।

# लोहे की चीज से हमला कर किया घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सफीदों ।** सफीदों पुलिस ने लोहे की चीज से हमला करके घायल करने का मामला दर्ज किया है। सफीदों पुलिस को दी शिकायत में वार्ड 5 होली मौहल्ला सफीदों निवासी शोभा ने कहा कि हम अपना मकान बना रहे हैं। जैसे ही शाम के वक्त मैं अपने मकान की छत पर गई तो संदीप सैनी व मनोज सैनी आए और मेरे साथ छेड़खानी करने लग गए और मेरे कपड़े फाड़े। जब मैंने विरोध किया तो मेरे सिर पर लोहे की चीज से वार किया। इस हमले में मेरा सिर फोड़ दिया। जब मेरा पति बीच बचाव के लिए आया तो इन दोनों ने मेरे पति के सिर पर भी लोहे की चीज से वार कर दिया और मेरे पति का सिर भी फूट गया। उन्होंने हम दोनों को मार-मारकर अधमरा कर दिया। हम दोनों को बचाने के लिए मेरा बेटा आया तो इन्होंने मेरे बेटे के ऊपर भी हमला कर दिया। इन्होंने मेरे बेटे के ऊपर जब हमला किया तो मेरे बेटे के कान की बाली तोड़कर साथ ले गए। इस हमले में दोनों आरोपियों के परिवार की कई महिलाएं भी शामिल हैं। शिकायत में शोभा ने कहा कि हमलावर जाते-जाते बोलकर गए कि आज तो तुम लोगों को अधमरा करके छोड़ा है परंतु आगे तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भादस की धारा 323, 452, 506 व 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# स्ट्रांग रूम में सभी प्रबंध करना सुनिश्चित करें अधिकारी: शांतनु

अर्थ प्रकाश/कुलतार



**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव-2024 को मतदान होगा और आगामी 4 जून को लोकसभा आम चुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा वीरवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सामुदायिक केंद्र और शूटिंग हॉल में मतदाता पेटियों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर रहे थे।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सामुदायिक केंद्र में लाडवा व शाहबाद के लिए तथा शूटिंग हॉल में पिहोवा व थानेसर के लिए स्ट्रांग रूम बनाए गए है, यहीं पर लोकसभा आम चुनाव की संबंधित क्षेत्र वाइज मतगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने संबंधित सभी एआरओ को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रुम में सीसीटीवी कैमरे निरंतर चलने चाहिए। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र वाइज बनाए मतगणना केंद्र में एलईडी होनी चाहिए, इसके अलावा बिजली की व्यवस्था सुचारु रुप से हो तथा पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि सभी को मॉक पोल, मतदान के बाद मशीन को सील बंद करने का तरीका, मतदान के दौरान मशीन खराब होने पर उठाए जाने वाले कदमों, विभिन्न फार्मों को भरने का तरीका आदि विषयों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने इस दौरान आर्ब्जवर रूम की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने एआरओ को कहा कि मतगणना सही समय पर शुरू हो, इसका पूरा ध्यान रखना होगा। स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीने, वीवीपैट व सीयू की रखने की व्यवस्था के तहत मार्किंग के भी निर्देश दिए ताकि मतगणना के दौरान मतगणना से संबंधित कार्य को बेहतर तरीके से किया जा सके। पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सुरक्षा की दृष्टि से किसी प्रकार की कोई कोताही ना हो, इसके लिए भी समय रहते सभी इंतजाम पूरे कर लें। मतगणना के दिन संबंधित राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी व प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ-साथ सभी कर्मचारियों के पास चुनाव आयोग व जिला प्रशासन द्वारा जारी पहचान पत्र होने चाहिए तथा डयूटी के दौरान वह अपने पहचान पत्रों को पहनना भी सुनिश्चित करें। मतगणना के दौरान सभी संबंधित सेंटरों की 100 मीटर की परिधि के अंदर किसी प्रकार के वाहन को खड़े करने की अनुमति नहीं होगी। लोग भी एकत्रित नहीं होंगे। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए हमें सभी कार्यों का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन राउंड वाईज आने वाले परिणाम तभी मतगणना केंद्र से बाहर जाए, जब उस पर संबंधित एआरओ के हस्ताक्षर हों। मीडिया कर्मियों के लिए चुनाव आयोग द्वारा पहचान पत्र जारी किए जाएंगे, जो कि मतदान व मतगणना के दिन के लिए होंगे।

## कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहे भाजपा: रामपाल शर्मा

**कैथल (अप्रस)।** नगर पालिका कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय कन्वेंशन जवाहर पार्क स्थित संगठन के कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने व संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। कन्वेंशन में कैथल, चीका, सीवन, पूंडरी, राजौंद व कलायत के प्रधान व सचिव, फायर व डोर टू डोर के कर्मचारियों ने भाग लिया। कन्वेंशन में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के राज्य मुख्य संगठनकर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण, जिला सचिव रामपाल शर्मा, फायर के राज्य प्रधान राजेन्द्र सिणंद, एसकेएस के राज्य उप प्रधान जरनैल सिंह, संघ के केन्द्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश टीक, एसकेएस के जयप्रकाश ने बताया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और विपक्षी पार्टियों के लोकसभा उम्मीदवारों को कर्मचारियों के मांग मुद्दों का ज्ञापन सौंपते हुए उनका रुख रवैया जानने की तैयारी को लेकर कन्वेंशन आयोजित की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### शमशान घाट के लिए रास्ता बंद करने पर भड़के ग्रामीण



**बराड़ा,(जयबीर राणा थंबड)।** चंडीगढ़ से शामली के लिए बन रहे नेशनल हाईवे के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। बुधवार को इसी परेशानी के चलते अलावलपुर गांव दर्जनों ग्रामीण धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। गांव के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, पच मंगाराम, मिंटू, अमित कुमार, नरेश कुमार ने बताया कि इस हाइवे के बनने उनके गांव समेत आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इस हाइवे को पार करके उनके गांव का श्मशान घाट है, गोचरान की जमीन है जबकि किसानों की जमीने भी इसी तरफ है। वह काफी समय से मांग कर रहे हैं कि जो पुराना रास्ता गांव से शमशान घाट की तरफ जा रहा है, वहां अंडरपास बनाया जाए। लेकिन पुराने रास्ते की बजाय कहीं अन्य से अंडरपास बनाया जा रहा है जो दूर पड़ता है और इस अंडरपास की चौड़ाई भी काफी कम है। जिसमें किसानों के अपने साधन नहीं निकाल पाएंगे। इसके अलावा इस हाइवे के बनने से गांव से बरसात का पानी भी बाहर नहीं जा पाएगा और गांव में बाढ़ की स्थिति पैदा होगी। उन्होंने कहा कि वह कई बार लिखित रूप में अधिकारियों को शिकायत दे चुके हैं लेकिन कहीं पर भी उनकी सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि शमशान घाट की तरफ जाने वाले रास्ते अंडर पास बनाया जाए जिसकी चौड़ाई करीब 33 फिट हो। जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाती वह धरने पर डटे रहेंगे। विभाग के एसडीओ आशीष शर्मा से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि जो पुराना रास्ता है वह टेढ़ा है और टेढ़ा अंडरपास नहीं बनाया जा सकता। ग्रामीणों की सुविधा के लिए अन्य जगह अंडरपास बनाया जा रहा है। अंडरपास से शमशान घाट तक सड़क बनाई जाएगी।

# करनाल लोकसभा की जनता भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त करने का करेगी काम: बुद्धिराजा



अर्थ प्रकाश /मनदीप कुमार

**समालखा ।** विधान सभा समालखा के विभिन्न गांवों में कांग्रेस विधायक धर्मसिंह छौक्कर के दिशा निर्देशों पर हलके के विभिन्न गांव झटटीपुर, मछरौली, शहर मालपुर, गड़ी छाजू, जौरासी, जीतगढ़, हथवाला, डिकाडला, देहरा, महावटी, पट्टीकल्याणा, भोड़वाल माजरी, चुलकाना, छजिया, ढिंढार, दीवाना आदि में कांग्रेस के युवा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने वीरवार को तुफानी दौरा कर ग्रामीणों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। इससे पूर्व विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने पगड़ी व फूलमालाओं से कांग्रेस प्रत्याशी बुद्धिराजा का भव्य स्वागत किया।

युवा नेता बुद्धिराजा ने अपने तुफानी चुनावी दौरे के दोरान क्षेत्र के सभी गाँव मे जनसभाओं को संबोधित किया, हालांकि प्रत्याशी बुद्धिराजा ने इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा का रुतबा खत्म करने का काम किया है ओर जो महत्वकांक्षी योजनाएं हरियाणा में स्थापित होनी थी उनको अन्य राज्य में ले गए। हरियाणा में भाजपा सरकार में गुंडागर्दी, भृष्टाचार, बेरोजगारी के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ। चुनाव के समय भाजपा द्वारा जारी किया गया घोषणा पत्र जुमले बाजी बन कर रह गया। इस दौरान प्रदेश व देश की भाजपा सरकार मे गरीब ओर गरीब हो गया । अमीर ओर अमीर हो गए । अंडानी अंबानी जेसे बडे घरानों ओर भाजपा नेताओं के संबंध किसी से छुपे नहीं है। कर्मचारी, व्यापारी वर्ग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। मजदूर व किसानों के साथ सरकार ने अपराधीयों जेसा सलुक किया ये भी सबको पता है। यहाँ तक कि गावों की छोटी सरकार के प्रतिनिधि तक सरकार ने नहीं छोडे। इसलिए अब हम सबको बिना किसी द्वेष के भाजपा सरकार द्वारा दिए गए दर्दो का बदला वोट की चोट से लेना है।

### मौजूदा कांग्रेस विधायक धर्मसिंह छौक्कर को बीजेपी सरकार झूठे केस कर दबाने का कर रही काम-बुद्धिराजा



**पानीपत ।** करनाल लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बुद्धिराजा ने हल्के के गांव पट्टीकल्याणा में सरकार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जनता का शोषण बंद करें। प्रदेश की तानाशाही बीजेपी सरकार द्वारा मौजूदा विधायक धर्म सिंह छौक्कर पर ईडी की रैड कर, झूठे मुकद्दमे दर्ज कर अनावश्यक तंग किया जा रहे है। बीजेपी सरकार साफ तौर पर धर्म सिंह छौक्कर को लोकसभा चुनाव के दौरान समालखा विधानसभा से दूर रखना चाहती है। क्योंकि बीजेपी को पता है समालखा विधानसभा में धर्म सिंह छौक्कर एक गद्दावर नेता है। अगर धर्म सिंह छौक्कर समालखा विधानसभा में चुनाव प्रचार के दौरान मौजूद रहते हैं, और चुनाव प्रचार करते है तो बीजेपी को भारी क्षति होगी। प्रदेश की तानाशाह सरकार ने करनाल लोकसभा प्रत्याशी बुद्धिराजा पर भी झूठे मुकदमे दर्ज कर चुनाव प्रक्रिया से बाहर करने का अनैतिक प्रयास किया था। अब जनता जाग चुकी है और हरियाणा में बदलाव चाहती है। इस बार 25 मई को कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर करनाल लोकसभा से बीजेपी को उखाड़ फेंकने का काम करेगी और हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीट पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में जीत कर देश में कांग्रेस सरकार बनाने में अहम रोल अदा करेंगे।

## कनाडा देश के टोरोटो मे बड़ी धूमधाम से मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती: गौरव राणा



अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि गोस्वामी

**घरौंडा।** क्षत्रिय वेलफेयर एसोसिएशन कनाडा की ओर से टोरोटो में महाराणा प्रताप जयंती महाराणा प्रताप जयंती के बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान संगठन के सदस्य गौरव राणा ने कहा कि कनाडा में अब हर साल महाराणा प्रताप की जयंती का आयोजन किया जाएगा। महाराणा प्रताप के वंशज ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से बधाई भी दी।कनाडा में जहां प्रवासी भारतीय खुश होकर महाराणा प्रताप की जयंती मना रहे थे, तो वहीं इस खास आयोजन पर महाराणा प्रताप के वंशज महाराज लक्ष्य राज सिंह ने मेवाड़ से सभी को वीडियो कांफ्रेंसिंग से बधाई दी।उन्होंने कहा कि यह एक अनूठी परंपरा है। विदेशों में भी लोग महाराणा प्रताप की जयंती पर समाज के लोगों ने पूरा उत्साह नज़र आ रहा है। यह उत्सव हिंदू सभा मंदिर, ब्रह्मटंन कनाडा में हुआ।

इस दौरान डिप्टी जनरल ऑफ इंडियन कांसुलेट केपी सिंह, ओंटारियो में मंत्री दीपक आनंद और ग्राहम मेक्ग्रेगॉर ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। लगभग चार घंटे तक चले कार्यक्रम मे छोटे छोटे बच्चों ने भी हिस्सा लिया। बता दें कि संगठन के सदस्य गौरव राणा दरअसल मूलरूप से घरौंडा (करनाल )के रहने वाले हैं। गौरव राणा के पिता बीआर एम कॉलेज के निदेशक रमेश राणा ने बताया कि युवा दूसरे देशों में महाराणा प्रताप की जयंती मनाकर एक सहरानीय कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के बताए रास्ते पर चलते हुए इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए।

# मौसम विभाग ने चार दिन तक तापमान में एकाएक वृद्धि होने की जताई है संभावना

## अधिकारियों को दिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश

अर्थ प्रकाश /सुरेश सिसोदिया

**जींद।** मौसम विभाग ने आगामी चार दिन तक तापमान में एकाएक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। इसी के चलते डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने नागरिकों के साथ-साथ पशुधन को भी हीट-वेव यानी लू के प्रकोप से बचाव को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि सभी प्रमुख विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों की विशेष हिदायतों व एक्शन प्लान के तहत लोगों का लू से बचाव करें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए हैं कि वे आमजन को लू के प्रकोप से बचाव के बारे में जागरूक करें। डीसी ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे हीटवेव से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग ने 19 मई तक तापमान में एकाएक वृद्धि होने की संभावना बताई है, जिससे मौसम शुष्क रहने के साथ-साथ तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर प?ना स्वाभाविक है। मानव जीवन के साथ-साथ पशुधन को भी हीटवेव से बचाना जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जरूरी दवाईयों का प्रबंध रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबा?ी केंद्रों पर ओआरएस पैकेट, आवश्यक दवा, तरल पदार्थ, आइस पैक, जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति का प्रावधान हो। स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी/पीएचसी पर कूलर आदि लगाएं। हीट स्ट्रोक रूम में जरूरत के अनुरूप बिस्तर के अलावा उपलब्धता के अनुसार सीएचसी और पीएचसी पर ठंडे पानी का प्रबंध हो।

### नागरिकों और पशुओं को भी हीटवेव से बचाना जरूरी

डीसी ने कहा है कि आमजन के साथ-साथ पशुधन को भी हीट-वेव से बचाना जरूरी है। डीसी ने पशु पालन विभाग को निर्देश दिए हैं कि पशुओं का भी विशेष ध्यान रखने के लिए पशु मालिकों को जागरूक किया जाए ताकि वे विशेष सावधानी रख सकें। हीटवेव की स्थिति के दौरान पशुओं में आने वाली बीमारियों के लक्षण व उससे बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करें।

### लू से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी जरूरी

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार गर्मी व लू से बचने के लिए नागरिक दोपहर के समय विशेषकर 12 से 3 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। तापमान अधिक होने की स्थिति में क?ी मेहनत का कार्य न करें। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं।

# किसान आंदोलन में जिंदल और गुप्ता ने नहीं किया कोई सहयोग: सरदार गुरनाम सिंह चढूनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** भाकियू नेता सरदार गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि देश में ज्यादातर कांग्रेस और बीजेपी का राज रहा है। न तो कांग्रेस ने किसानों को उसकी फसल के भाव दिए और न ही बीजेपी ने। हम केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग कर रहे हैं। किसानों को 2014 से लेकर अब तक 4 लाख करोड़ रूपए न्यूनतम मुल्य से कम दिए हैं। इससे किसान कर्जा चड़ने के कारण आत्महत्या करने पर मजबूर हुआ। आत्महत्या करे किसान, कर्जे में दबे किसान और कर्जे माफ किए जाते हैं पूंजीपतियों के। सुशील गुप्ता और नवीन जिंदल सांसद रहे हैं लेकिन हम किसानों के बारे में एक भी शब्द नहीं कहा। किसान आंदोलन में जिंदल और गुप्ता ने कोई सहयोग नहीं किया तो इन दोनो से हम कोई उम्मीद नहीं रख सकते। भूपेंद्र हुड्डा से भी हम कोई उम्मीद नहीं रखते क्योंकि जब किसान आंदोलन चल रहा था तब विपक्ष के नेता रहते सरकार द्वारा दी जा रही कैबिनेट मंत्री स्तर की सारी सुविधाओं के साथ ऐशो आराम की और एक सरकारी चपड़ासी तक का भी त्याग नहीं किया। एक भी कांग्रेस वाले नेता ने इस्तीफा देकर किसानों का साथ नहीं दिया। हमारी सदन में कौन आवाज उठा सकता है, कौन वकालत कर सकता है यह हमे समझना होगा। अभय चौटाला ने किसानों की आवाज सदन में और बाहर दोनो जगह उठाई है। किसान आंदोलन को सफल बनाने के लिए विधायक पद से इस्तीफा दिया और लगातार किसानों के बीच में हैं।



### अगर किसानों की आवाज उठानी है तो किसान को लोकसभा में भेजें: अभय सिंह चौटाला


कांग्रेस व भाजपा किसान, कमेरे वर्ग के शोषण की नीतियां बनाती है।इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला ने अपने जनसंपर्क अभियान में कहा कि मुख्यमंत्री रहते चौधरी ओमप्रकाश चौटाला गांव दर गांव सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनते थे। ताऊ देवीलाल गांवों की चौपाल व खेतों तक में जाकर किसानों से मिलते थे। इसी कारण किसान, कमेरे वर्ग के कल्याण के लिए नीतियां बना पाए। जबकि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दस साल व बाद में मनोहर लाल खट्टर ने साड़े नौ साल किसी की सुनवाई नहीं की। जिस कारण आज हरियाणा के हालात सबके सामने हैं। हरियाणा में परिवर्तन यात्रा के दौरान पता चला था कि हरियाणा प्रदेश की जनता भाजपा राज से तंग आ चुकी है। सिरसा से मेवात तक टेल तक पानी नहीं पहुंचता। गांवों में पीने पानी तक की परेशानी है, स्कूलों में अध्यापकों की कमी से ताले लगे हुए हैं, गांवों में सीएचसी व पीएचसी में डाक्टर नहीं हैं। इसी प्रकार पूरा प्रदेश बेहाल है। मोदी ने देश को कमजोर कर दिया।




# बीजेपी कर रही गाय के नाम राजनीति : सुक्खू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने गाय के नाम पर केवल राजनीति की है, जबकि गाय और गोपलकों के कल्याण के लिए वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाई है। सीएम ने कहा कि बेसहारा पशुओं की समस्या का निदान करने के लिए राज्य सरकार ने निजी गऊ सदनों में आश्रित गौवंश को दिए जाने वाले अनुदान को भी 700 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है।



**राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का किया जाएगा गठन**

इसके अतिरिक्त राज्य में बेसहारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए एक राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जो इन पशुओं को किसानों और स्थानीय समुदायों से परामर्श के के बाद गऊ अभ्यारण्यों और गौशालाओं में रखने बारे अपने सुझाव देगी, जिसका प्रावधान बजट 2024-25 में किया गया है। इन कदमों से बेसहारा पशुओं की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी और किसान फिर से खेती-बाड़ी की ओर आकर्षित होंगे।

**आर्थिक स्तर को सशक्त करने के लिए बनाई जा रही नीतियां:**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार की नीतियां एवं कार्यक्रमों को उनके आर्थिक स्तर को सशक्त करने के लिए बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पशुपालन और दूध उत्पादन को प्राकृतिक खेती से जोड़कर किसानों की आय में वृद्धि को सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालकों को उत्तम नस्ल के पशु उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सोलन जिले के दाड़लाघाट में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जहां कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां दूध पर समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गाय के दूध पर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 55 रुपये प्रति लीटर समर्थन मूल्य पशु पालकों को सुनिश्चित किया जा रहा है। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और पशु पालकों को दूध उत्पाद को उचित मूल्य सुनिश्चित करेगी और दूध से बनने वाले उत्पादों की गुणवता पर भी ध्यान देगी।

# मनाली में गर्लफ्रेंड की हत्या, हरियाणा के युवक ने लाश बैग में की पैक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के मनाली के एक होटल में बुधवार को युवक ने गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी। इसके बाद उसने युवती की लाश को बैग में पैक कर ठिकाने लगाने के लिए ले जाने लगा। हालांकि बैग के वजन से होटल स्टाफ को शक हो गया और उन्होंने पुलिस बुला ली। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया।

मृत युवती का नाम शीतल कौशल (26) है। वह मध्य प्रदेश के भोपाल की रहने वाली है। वहीं, घटना को अंजाम देने वाले युवक का नाम विनोद ठाकुर है, जो हरियाणा के पलवल का रहने वाला है। ये दोनों लवर्स थे और साथ में मनाली घूमने आए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने युवती के शव को अपने कब्जे में लिया और जांच शुरू की। जबकि, घटना को अंजाम देने वाले विनोद को पुलिस ने पकड़ लिया है। युवती की हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

दोनों होटल स्टाफ के मुताबिक, विनोद और शीतल 13 मई को मनाली आए थे। दो दिन तक ये दोनों घूमे-फिरे। 15 मई को विनोद ने जाने के लिए चेक आउट किया। विनोद ने जब सामान पैक किया तो युवती का शव भी एक बैग में पैक कर दिया। इस दौरान विनोद ने वोल्वो बस स्टैंड तक जाने के लिए टैक्सी मंगवाई। टैक्सी में सामान रखवाते हुए हो होटल स्टाफ ने उसकी मदद की। हालांकि, स्टाफ सदस्यों को विनोद का एक बैग काफी भारी लगा तो उन्हें कुछ शक हुआ। तभी उन्होंने पुलिस को सूचित कर दिया।

# अब पीओके से उठ रही है भारत में शामिल होने की माँग : जयराम ठाकुर



**मोदी की नीति से बदले कश्मीर घाटी के हालात, 370 हटने कश्मीर में आई शांति**

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** आज पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों द्वारा भारत में होने को लेकर विद्रोह हो रहा है। वहां के लोग भी कह रहे हैं कि उन्हें भी नरेन्द्र मोदी जैसे क्षमतावान और दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यता है। वह भारत में शामिल किए जाने की मांग कर रहे हैं। अनुच्छेद 370 के समाप्त किए जाने के बाद से कश्मीर में शांति बहाल हो गई है। जिस घाटी में ख़ौफ़ का साया था, जो घाटियाँ वीरान पड़ी थी आज उसमें सुकून पाने के लिए देश-दुनिया से लोग आ रहे हैं। विकास के लिए दशकों से उपेक्षित रहे कश्मीर में दस साल में विकास की ऐसी बयार बही कि कश्मीर की पहचान ही बदल गई। यह सब देश-प्रदेश के लोगों के वोट की वजह से ही संभव हुआ। इसी तरह के बदलाव और विकास को गति देने के लिए मोदी बहुत ज़रूरी हैं। सिराज विधान सभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न जनसभाओं में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आप सबका काम है नरेन्द्र मोदी को मज़बूती देना। बाक़ी देश और प्रदेश के विकास की गारंटी नरेन्द्र मोदी खुद हैं। उनका तीसरा कार्यकाल विकास की दृष्टि से और भी ऐतिहासिक होगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में पीओके के लिए भारतीय जनता पार्टी की क्या प्रतिबद्धता है, उसे हमारे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है। उससे ज़्यादा उन विषय पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं हैं क्योंकि देश और दुनिया के लोग जानते हैं कि जो नरेन्द्र मोदी कहते हैं वह ज़रूर करते हैं। मोदी ने देश में ऐतिहासिक विकास की गारंटी दी है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि यह समय देश के लिए सिर्फ़ नेतृत्व चुनने का ही नहीं देश के भविष्य चुनने का भी समय हैं। इस देश मेंएक तरफ़ नरेन्द्र मोदी जैसा नेता हैं, जिनके लिए सभी देशवासी ही परिवार हैं, दूसरी तरफ़ अपने ही परिवार के हितों को सर्वस्व समझने वाले नेता और उनकी पार्टियां हैं। जयराम ठाकुर ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आपके एक वोट पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। इसलिए आप सभी भाजपा प्रत्याशी कंगना को भारी से भारी संख्या में वोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### 18 से 25 मई तक होगा मतदाता सूचना पर्चियों का वितरण

**सोलन (अप्रस)।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल ने आज यहां बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके दृष्टिगत 18 से 25 मई, 2024 तक 53-सोलन (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉमेशन स्लिप) और एक मतदाता दिग्दर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण किया जाएगा। इस बारे में सभी पर्यवेक्षकों एवं बूथ स्तर अधिकारियों को निर्वाचन क्षेत्र के घर-घर में जाकर प्रत्येक मतदाता को यहां सामग्री वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संदर्भ में 17 मई, 2024 को प्रातः 10.00 बजे उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक बैठक भी आयोजित की जा रही है जिसमें सभी पर्यवेक्षक एवं बूथ स्तर अधिकारी मतदाता सूचना पर्ची व अन्य सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी।

### उल्लंघन की शिकायत के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सोलन (अप्रस)।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष मिनी सहिवालय के नजदीक नए बस अड्डा सोलन में कमरा नम्बर 417 में स्थापित किया गया है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया है कि अगर उनके संज्ञान में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की उल्लंघना आदर्श आचार संहिता एवं अन्य कानून या नियमों की अवहेलना का कोई मामला आता है तो वे इसकी सूचना इस कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 01792-297435 पर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अवहेलना से सम्बन्धित शिकायत भारत निर्वाचन आयोग के सी.विजिल पोर्टल पर भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उड़न दस्तों एवं स्थैतिक निगरानी दलों का भी गठन किया गया है। यह सभी दल सक्रिय रूप से अपना कार्य कर रहे हैं।

### विशाल जागरण 18 को

**सोलन (अप्रस)।** माँ शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन सोलन का 29वां मां भगवती जागरण का आयोजन सोलन के सपरून चौक के समीप 18 मई को आयोजित होगा। उधर यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने कहा कि मां भगवती की चौकी एवं भंडारे को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए यूनियन द्वारा कई समितियों का गठन किया हैं और सभी सदस्यों को इसमें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इस साल यूनियन द्वारा मां भगवती के 29वें जागरण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मां शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन के सदस्यों का दल 17 मई यानी आज शुक्रवार को माता ज्वाला की सांच ज्योति लेने के लिए सोलन से कांगड़ा के लिए रवाना होगा। इससे पहले सोलन नगर की अधिष्ठात्री देवी माता शूलिनी,दुर्गा माता मंदिर में पूजा अर्चना और कीर्तन होगी। 18 मई की सांय यूनियन के सदस्य ज्वाला जी से माता की सांची ज्योति लेकर सोलन पहुंचेंगे। माता की ज्योति को जागरण स्थल पर स्थापित करने से पहले सोलन शहर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ के लिए परिक्रमा करवाई जाएगी। शनिवार की देर सांय माता की ज्योति सपरून चौक पर जागरण स्थल पर विधिवत रूप से स्थापित किया जाएगा। यूनियन प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने बताया कि शनिवार की सांय करीब छह बजे माता की ज्योति का सपरून चौक पर यूनियन के सदस्यों द्वारा फूलों की वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा।

# भाजपा प्रत्याशी को न तो धर्म का कोई ज्ञान है और न ही प्रदेश की संस्कृति की कोई जानकारी : विक्रमादित्य सिंह

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से पूछा है कि वह बताएं कि उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में मंडी के लिये क्या कुछ नया किया। उन्होंने कहा कि जयराम मंडी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक हवाई अड्डे के निर्माण के सपने लोगों को दिखाते रहें जो पूरा नही हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व.वीरभद्र सिंह ने मण्डी में आईआईटी, मेडिकल कॉलेज की सौगात दी। उन्होंने कहा है कि अगर देश को जुमलों बाजो से बचाना है तो भाजपा को सत्ता से बाहर करना ही होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा बड़ती महंगाई व बेरोजगारी पर कोई बात नही करती।



आज बंजार व मनाली विधानसभा क्षेत्र के गड़ासा,कराडसू व नगर में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में देव संस्कृति के सरंक्षण में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर बड़ी बड़ी बातें तो करती है पर उस पर अमल नही करती। उन्होंने कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेताओं को दर किनार करते हुए एक ऐसे उम्मीदवार को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसें न तो धर्म का ही कोई ज्ञान है और न ही प्रदेश की संस्कृति की कोई जानकारी। उन्होंने कहा कि गो माता के भक्षक कभी भी देव संस्कृति के लिये स्वीकार्य नहीं हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने लोगों का आह्वान किया कि वह प्रदेश के विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण मंत्री के नाते उन्होंने प्रदेश की सड़कों के रखरखाव और निर्माण को 3560 करोड़ उपलब्ध करवाए। आपदा से प्रभावित सड़को के पुनः बहाली 24 घण्टो के भीतर की गई।उन्होंने कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र में भूगोलिक परिस्थितियों के चलते लोगों की अलग अलग समस्याएं है। उन्होंने कहा कि वह इन समस्याओं को भली भांति जानते व समझते है,उन्हें दूर करना उनकी जिम्मेदारी है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अन्य जिलों की भांति कुल्लू जिला में भी आधुनिक सुविधाओं वाला एक मेडिकल कॉलेज खुले व यहां सड़क सुविधाओं में विस्तार के साथ जलोड़ी जोत व भुभु जोत में टनल का निर्माण हो यह उनकी प्राथमिकता है जिसे वह सांसद बनने के बाद पूरा करेंगे। उन्होंने लोगों से उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि सांसद के तौर पर वह लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कोर कसर बाकी नही रखेंगे।

# प्रीक्लिनिकल एवं क्लिनिकल अनुसंधान पर राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर

**सोलन।** फोर्टिस अस्पताल के सहयोग से शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा आयोजित 'ड्रग डिस्कवरी में ब्रिजिंग प्रीक्लिनिकल और क्लिनिकल रिसर्च' पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसने अपने व्यावहारिक सत्रों और प्रभावशाली चर्चाओं के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त की।



एनआईपीईआर, रायबरेली से डॉ. रविंदर कौंडल ने 'क्लिनिकल ट्रांसलेशनल गैप्स को बाटना : पशु अनुसंधान में नवाचार' शीर्षक पर एक व्याख्यान दिया। डॉ. कौंडल का व्याख्यान पशु अध्ययन से आशाजनक परिणामों को नैदानिक परीक्षणों में अनुवादित करने की चुनौतियों, पशु अनुसंधान में पुनरुत्पादन संकट और नोबेल पुरस्कार विजेता अध्ययनों में जीवन रक्षक चूहों के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालने की चुनौतियों पर प्रकाश डालता है। इसके बाद, डॉ. रोहित गोयल ने 'एथनिक-बायोलॉजिकल-क्लिनिकः टूल टू ड्रग डिस्कवरी एंड डेवलपमेंट' पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, जहां उन्होंने दांतों की सड़न और बायोफिल्म निर्माण से निपटने में ज़ैंथोक्सिलम आर्मेटम की क्षमता का पता लगाया। दिन के तकनीकी सत्रों में मनोभ्रंश, चिंता और अवसाद से संबंधित विभिन्न पशु मॉडलों पर व्यावहारिक न्यूरोव्यवहार मूल्यांकन प्रदान किया गया। डॉ. योगिता सिंह का व्याख्यान, 'प्रयोगशाला से परे तकः नैदानिक अनुसंधान में विविध भूमिकाओं की खोज, नैदानिक जांचकर्ताओं या अनुसंधान समन्वयकों जैसी पारंपरिक भूमिकाओं से परे अपरंपरागत कैरियर के अवसरों पर प्रकाश डाला गया।

# एसजेवीएन के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** एसजेवीएन दिनांक 16 से 31 मई, 2024 तक अपनी समस्त परियोजनाओं एवं कार्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 मना रहा है। श्री सुशील शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने आज संपर्क कार्यालय, नई दिल्ली में कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री अखिलेश्वर सिंह, निदेशक, (वित्त) और श्री प्रेम प्रकाश, मुख?य सतर्कता अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह एसजेवीएन में स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने वाले स्वच्छता पखवाड़े के प्रारंभ का प्रतीक है। स्वच्छता की शपथ एसजेवीएन कारपोरेट मुख्यालय, शिमला और हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, असम और अरुणाचल प्रदेश में स्थित 22 अन्य स्थानों/परियोजनाओं में भी दिलाई गई। श्री सुशील शर्मा ने स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज को बनाए रखने में व्यक्तिगत उत्तरदायित्व के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कर्मचारियों को कार्यस्थल और उसके आस-पास स्वच्छता पहल में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। एसजेवीएन में वर्ष 2016 से स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कर्मचारियों द्वारा स्थानीय समुदायों के सहयोग से स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम आदि जैसी विभिन्न पहलों में भाग लिया जाता है। इस वर्ष संगठन के कार्य क्षेत्र से संबंधित संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र में गहन स्वच्छता प्रयासों को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।



एसजेवीएन की स्वच्छता पखवाड़ कार्य योजना, 2024 में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान, कार्यालय कैंटीन के अपशिष्ट की बायो कंपोस्टिंग, एसजेवीएन कर्मचारियों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान में श्रमदान, प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और पर्यावरण के अनुकूल सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान, कार्यालय अपशिष्ट पेपर रिसाईकलिंग तंत्र की स्थापना, सामुदायिक पौधारोपण अभियान आदि शामिल है।

# सांसद के लिए सोलन व सिरमौर में ही रही रस्साकसी

**सोलन से होगा या सिरमौर से इस बार सांसद....**

**शिमला सीट पर 38 साल सोलन व 30 साल सिरमौर के रहे सांसद**

**शिमला को महज अढ़ाई साल ही मिला सांसद**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति की धुरी भले ही शिमला ही रही है, लेकिन शिमला संसदीय सीट पर सोलन व सिरमौर के ही सांसद देश की संसद तक पहुंचते रहे हैं। पिछले करीब साढ़े सात दशकों का इतिहास खंगाला गया तो रोचक तथ्य सामने आए। 1952 से 2024 तक शिमला संसदीय लोकसभा सीट पर अब तक सोलन जिला का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व रहा है। सोलन जिला के तीन सांसदों ने 38 साल तक लोकसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। दूसरे स्थान पर जिला सिरमौर रहा, जिला सिरमौर के 5 सांसद सात बार चुनकर लोकसभा पहुंचे और इनकी आवाज संसद में 30 वर्षो तक गूंजती रही। शिमला जिला को मात्र अढ़ाई साल तक प्रतिनिधित्व का मौका मिला।

कसौली विस के केडी सुल्तानपुरी ने किया सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व..

लोकसभा शिमला सीट पर सबसे अधिक प्रतिनिधित्व सोलन जिला के कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी ने किया। जोकि 1980 से 1998 तक छह बार सांसद रहे और लगातार 18 वर्ष तक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। दूसरे स्थान पर जिला सिरमौर के नाहन निवासी प्रताप सिंह रहे, जो तीन बार सांसद रहे, इनका कार्यकाल 15 वर्ष का रहा। सोलन जिला से ही डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल दो बार सांसद रहे और 10 वर्ष तक का कार्यकाल रहा। सोलन जिला के वीरेंद्र कश्यप दो बार सांसद रहे, इनका कार्यकाल भी दस वर्ष रहा। शिमला संसदीय क्षेत्र के पहले सांसद पच्छाद निवासी आनंद राम सेवल का कार्यकाल 5 वर्ष रहा। दूसरे सांसद डॉ वाईएस परमार का कार्यकाल अढ़ाई वर्ष, शिवानंद रमौल का कार्यकाल अढ़ाई वर्ष रहा। शिमला जिला से एक मात्र सांसद बालक राम का कार्यकाल भी अढ़ाई वर्ष रहा। वर्तमान सांसद सुरेश कश्यप का कार्यकाल 5 वर्ष रहा, इस बार दोबारा से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार सिरमौर जिला से दोबारा से अपना प्रत्याशी दिया है, जबकि कांग्रेस पार्टी ने सोलन जिला के कसौली से विधायक और इस सीट पर सर्वाधिक प्रतिनिधित्व कर चुके स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी के बेटे विनोद सुल्तानपुरी को चुनावी दंगल में उतार कर मुकाबले को कड़ा कर दिया है। ऐसे में दोनों ही दल अपने-अपने प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए कसरत कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में जीत का सेहरा किसके सिर बंधता है। इन्होंने किया शिमला लोकसभा सीट से प्रतिनिधित्व....

- 1952 में आनंद राम सेवल कांग्रेस पच्छाद विस, सिरमौर
- 1957 में डॉक्टर वाईएस परमार कांग्रेस पच्छाद विस, सिरमौर
- 1959 में शिवानंद रमौल कांग्रेस नाहन विस, सिरमौर
- 1962 से आज तक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित
- 1962, 67 व 71 में प्रताप सिंह कांग्रेस नाहन विस, सिरमौर
- 1977 में बालक राम जनता दल शिमला विस, जिला शिमला
- 1980 से 1998 तक केडी सुल्तानपुरी कांग्रेस कसौली विस, सोलन
- 1999 में डॉक्टर धनीराम शांडिल (हि.वि.कां) सोलन विस, सोलन
- 2004 में डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल कांग्रेस सोलन जिला सोलन
- 2009 व 2014 में वीरेंद्र कश्यप भाजपा सोलन विस, जिला सोलन
- 2019 से अब तक सुरेश कश्यप भाजपा पच्छाद विस सिरमौर।

# एकता राष्ट्रीय यूथ अवार्ड 2024 के लिए यशपाल कपूर का चयन


**उड़ीसा में मिलेगा 9 जून को राष्ट्रीय सम्मान**

**देश के 25 लोगों को हुआ इस अवार्ड के लिए चयन**

**विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है यह पुरस्कार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में पत्रकारिता व समाजसेवा में अपना अलग मुकाम बनाने वाले वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी यशपाल कपूर का चयन एकता राष्ट्रीय यूथ अवार्ड-2024 के लिए हुआ है। एकता परिषद बनपुर, उड़ीसा ने इसका चयन किया है। एकता परिषद ने सम्मानित होने वाले 25 लोगों की सूची जारी की है, जिसमें यशपाल कपूर को दूसरे स्थान पर रखा गया है। इसमें हिमाचल के एकमात्र समाजसेवी यशपाल कपूर भी शामिल है। उन्हें यह पुरस्कार शांति और सद्भावना के लिए दिया जा रहा है। कपूर पिछले एक दशक से हिमाचल प्रदेश में नेशनल यूथ प्रोजेक्ट (एनवाईपी) समेत दो दर्जन सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। युवाओं को राष्ट्रीय एकता से जोडने की दिशा में लगातार कार्यरत रहते हैं। साथ ही स्कूलों व कॉलेज में एनएसएस छात्रों को समाजसेवा, राष्ट्रीय एकता के साथ मीडिया लिट्रेसी के बारे में भी समय-समय पर जागरूक करते हैं। स्वयं रक्तदान करते हैं और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं। वह अब तक 45 बार रक्तदान करते हैं। साल में दो बार वह आवश्य रक्तदान करते हैं।



**9 जून को मिलेगा सम्मान**

एकता परिषद ट्रस्ट बनपुर, उड़ीसा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्राइबल कल्चरल यूथ फेस्टीवल-2024 के दौरान 9 जून को यह पुरस्कार मिलेगा। इसी दिन ट्रस्ट का 20 स्थापना दिवस भी है। इस मौके पर यशपाल कपूर को शांति एवं सद्भावना के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा।

**लेखन व पत्रकारिता से जुड़े**

यशपाल कपूर पिछले अढ़ाई दशक से लेखन व सक्रिय पत्रकारिता से जुड़े रहे। कहानी, कविता के अलावा कई शोधात्मक लेख लिख चुके हैं। उनके लेख पत्र-पत्रिकाओं में छपते हैं। उनकी लिखी एक कहानी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की तीसरी कक्षा (हिन्दी) विषय में भी पढ़ाई जा चुकी है। देशभर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविरों में हिमाचल प्रदेश के करीब एक हजार युवा उनके नेतृत्व में जा चुके हैं। यह युवा समाज में राष्ट्रीय एकता,शांति, सद्भावना व अपनी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसे देखते हुए उनका चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है।

**शामपुर गांव में हुआ जन्म**

सोलन के न्यू कथेड़ निवासी यशपाल कपूर का जन्म 5 अक्टूबर 1973 को सिरमौर जिला की पच्छाद तहसील के छोटे से गांव शामपुर में पिता सूबेदार जीत सिंह व माता विद्या देवी के घर हुआ। प्रारंभिक शिक्षा सीनियर सेकंडरी स्कूल गागल-शिकोर में हुई। सीनियर सेकंडरी स्कूल सराहां से जमा दो की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए डिग्री कॉलेज नाहन, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला व भारतीय विद्या भवन मुंबई से ली है।

हादसों को देख अब जागा प्रशासन

# सुखोमाजरी में लगने वाले जाम के बारे होगी ठेकेदार से पूछताछ

न्यू पिंजौर बाईपास फ्लाईओवर से रॉग साइड आ रहे वाहनों पर होगी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** शिमला-जीरकपुर हाईवे पर पिंजौर एरिया के नजदीक सुखोमाजरी में लग रहे रोजाना जाम और न्यू पिंजौर बाईपास के फ्लाईओवर से रांग साइड आ रहे वाहनों ने ना सिर्फ वाहन चालकों बल्कि स्कूली बच्चों का जीवन खतरे में डाल दिया है। सुबह शाम को इन मार्गों पर लगने वाले जाम और जानी खतरे को देखते हुए पंचकूला के डीसी यश गर्ग ने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सूखो माजरी बाइपास पिंजौर में लगने वाले जाम को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि संबंधित ठेकेदार से पूछताछ की जाए। इसके लिए जल्द विशेष बैठक बुला कर वहां व्यवस्था बनाकर जाम की स्थिति का समाधान करवाने के निर्देश दिए हैं।

गुरूवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डा. यश गर्ग ने कहा कि जो वाहन बच्चों को स्कूल लाने व ले जाने में लगे हुए हैं और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नॉर्मस का पालन नहीं कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन स्कूलों को सुरक्षित वाहन पॉलिसी का पालन करवाना सुनिश्चित किया जाए। भले ही वाहन का ऑनर स्कूल या स्कूल मालिक ना हो। इसमें सड़क सुरक्षा सहित यातायात प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर किए गए कार्यों की चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि 15 दिनों के बाद जल्द ही मीटिंग का आयोजन किया जाए और सभी संबंधित विभाग अपनी एटीआर, रोड सेफ्टी रिपोर्ट और प्लान को भेजें। आरटीए सेक्रेटरी हैरतजीत कौर ने पिछली बैठक में किए गए निर्णयों की बारी-बारी से उपायुक्त को विस्तार से जानकारी दी। माजरी चैक को लेकर डा. यश गर्ग ने निर्देश दिए कि एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, एचएसवीपी, कॉलेज स्टाफ, नगर निगम व अन्य संबंधित अधिकारी जल्द ही संयुक्त बैठक का आयोजन करें ताकि इस विषय पर चर्चा कर समाधान निकाला जाए।

### पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश

न्यू पिंजौर बाईपास को लेकर उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ्लाईओवर से आने वाहन चालक रॉग साइड से पंचकूला की तरफ आ रहे हैं ऐसे में इस जगह की सफाई करवाई जाए। साथ ही वाहन की सही दिशा में निकलने की व्यवस्था की जाए। उपायुक्त ने पंचकूला-यमुनानगर नेशनल हाईवे-7, न्यू पिंजौर बाईपास, एचएमटी गेट पिंजौर समेत अन्य स्थानों पर बने दुर्घटना स्पॉट को लेकर एनएचएआई चंडीगढ़ के साथ बैठक किये जाने के निर्देश दिए।

### निगम अधिकारी नदारद प्रशासन भेजेगा नोटिस

प्रशासन की सड़क एवं यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में नगर निगम के अधिकारी नदारद रहे। हालांकि बैठक म एसीपी मनप्रीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, हरियाणा रोडवेज जीएम अशोक कौशिक, यूएचबीवीएन एसई एमजी जिंदल, एचएसवीपी एक्सईएन एनके पायल, एसडीओ पीडब्ल्यूडी सुमित कुमार तथा संबंधित विभाग के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे। मगर निगम अधिकारियों को बैठक में शामिल होने की सूचना देने के बावजूद उपस्थित नहीं हुए। इस पर डीसी ने निगम अधिकारियों को नोटिस भेज कर जवाब देने के निर्देश दिए।

# खाकी की जद में होगा महिलाओं व छात्राओं का बस सफर

## शहर व ग्रामीण के 66 रूटों पर बसों में पुलिस की 10 टीमें तैनात

बस स्टेंड, मार्किट, पार्क, सामूदायिक केंद्रों पर छात्राओं व महिलाओं से बातचीत की जा रही है



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बसों में सफर करने वाली महिलाएं व छात्राएं बेखौफ हो जाएं क्योंकि अब पुलिस की जद में आप किसी भी रूट पर कभी भी बिना चिंता किए सफर कर सकती हैं। पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के मार्गदर्शन में जिला में महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहा हैं। शहर में लेट नाइट घर से बाहर जाने वाली अथवा कार्यालय से घर लौटते समय महिलाओं के लिए ट्रिप मॉनिटरिंग प्रणाली लागू की गई है। पुलिस की सुरक्षा में महिला अपने घर पर पहुंचेगी। इसके अलावा पंचकूला शहर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संदिग्ध हॉट स्पॉट चिन्हित करके महिला पुलिस को तैनात किया गया है। वहीं, जो महिलाएं, स्कूल व कालेज की छात्राएं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की तरफ से करीब 66 रुटो पर यात्रा करती हैं। उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत महिला इंस्पेक्टर राजेश कुमारी के नेतृत्व में उन सभी रूटों पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है ताकि बस में सफर करते समय महिलाओं के साथ किसी प्रकार की कोई गलत हरकत ना हो।

इंस्पेक्टर राजेश कुमारी ने बताया कि शहर में संदिग्ध स्थानों पर पुलिस की पीसीआर व ईआरवी वाहनों को तैनात किया गया है। अलग अलग स्थानों पर जैसे बस स्टैंड, मार्किट, पार्क, अन्य सामुदायिक केंद्रों पर महिला पुलिस की टीमों द्वारा छात्राओं व महिलाओं से बातचीत की जा रही है। जिला में सभी संदिग्ध स्थानों पर सुबह 7.30 से लेकर 10 बजे तक और शाम 2.30 पीएम से लेकर 6 पीएम तक पुलिस की मौजूदगी रहती है। इस समय में बसों में बस स्टेंड इत्यादि पर स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों की भीड़ रहती है। इसके अलावा पुलिस द्वारा महिलाओं से महिला पुलिस कर्मचारियों के द्वारा बातचीत की जा रही है ताकि महिलाएं सुरक्षित रहें और खुद को सुरक्षित महसूस करें। महिला पुलिस की करीब 10 टीमें जो प्रतिदिन स्कूल बसों में सफर करके छात्राओं से बातचीत की जा रही है। सभी स्कूल रुट की बसों से आने जाने वाले पुलिस कर्मचारियों के साथ समय समय पर वार्तालाप की जा रही है। अगर किसी भी प्रकार की छोटी से भी शरारत की संभावना हो तुरंत डायल 112 के माध्यम से पुलिस को बुलाकर कार्रवाई करें क्योंकि कुछ महिलाएं आगे आनें से डरती हैं।

# मोदी की गारंटी झूठ का पुलिंदा, अमेरिका और ब्रिटेन के सीनियर कांग्रेस लीडर ने बीजेपी पर बोला हमला





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को प्रेस क्लब, चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेस की, मोहिंदर सिंह गिलिजन, अध्यक्ष, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस यूएसए, कमल धालीवाल, अध्यक्ष, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस यूके, आरसी शर्मा आईओसी कनाडा, चरणजीत मोदगिल आईओसी एस्टोनिया, गुरप्रीत सोबी आईओसी यूएसए और सिमरनजोत सिंह आईओसी फिनलैंड ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला बोला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने , लोकतंत्र को कमजोर करने और देश के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने को खतरे में डालने का आरोप लगाया। भाजपा की बदले की भावना से काम लेने की व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस यूएसए के अध्यक्ष, मोहिंदर सिंह गिलिजन ने चुनावी बॉन्ड योजना के बारे में अपना गुस्सा जाहिर करते हुए इसे एक घोटाला बताया, जब योजना शुरू की गई थी, तो पीएम ने दावा किया था कि यह राजनीतिक व्यवस्था को क्लीन करेगी, लेकिन भाजपा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे रद्द करने से पहले चुनावी बांड के माध्यम से प्राप्त दानदाताओं और दान की संख्या का विवरण छुपाया।

# कार्मिकों ने स्वच्छता पखवाड़ा - 2024 के अन्तर्गत ली शपत



अर्थ प्रकाश /सुशील सहगल

**चंडीगढ़ ।** क्षेतत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में 16 मई 2024 से 31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाडा -2024' मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े का शुभारंभ, आज दिनांक 16.05.2024 को स्वच्छता शपथ ग्रहण के साथ किया गया. कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह ने क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगड़ में तैनात समस्त कार्मिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई । इस अवसर पर श्रीमती रूबी रैना महाप्रबंधक (विधि एवं मानव संसाधन) एवं अन्य वरिष्ठ आधिकारीगण भी उपस्थित थे । इस उपलक्ष में आज क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अन्तर्गत समस्त कार्य परिसर, आवासीय परिसर, गेस्ट हाउस इत्यादि में स्वच्छता जागरूकता हेतु स्वच्छता बैनर भी लगाये गए। इस पखवाड़े के अंतर्गत अलग अलग दिनों पर विभिन्न कार्यक्रमों/सफाई अभियान/ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

# प्रशासन की जिले में अवैध माइनिंग पर हुई कार्रवाई

4 महीने में अवैध माइनिंग करने वालों पर लगाई पेनल्टी

17 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र, 70 अवैध वाहनों को पकड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला में अवैध माइनिंग पर पिछले चार महीनों में की गई कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने 17 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र किया है। वहीं, अवैध माइनिंग करते हुए वाहनों को पकड़ा गया। यह जानकारी डीसी यश गर्ग ने देते हुए बताया कि 9 फरवरी से 14 मई तक जिला में चल रहे माइनिंग कार्य, मिट्टी के परमिट जारी करने एवं अवैध खनन में वाहनों पर लगाई गई पेनल्टी के आधार पर लगभग 17 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र हुआ है। इसके अलावा 70 वाहनों को अवैध माइनिंग का कार्य करते हुए पकड़ा गया है। जिला में 6 माइनिंग को लीज पर दिया हुआ है जो कार्य कर रही है। इसके अलावा 55 ईंट भट्ठे और 138 क्रेशर एवं स्क्रीनिंग प्लांट कार्यरत है। इस अवधि के दौरान 143 मिट्टी उठाने के परमिट जारी किए गए हैं।

जिला टास्क फोर्स कमेटी की तिमाही बैठक हुई

जिला में अवैध माइनिंग को रोकने के लिए प्रशासनिक अधिकारी कारगर कदम उठाए ताकि अवैध माइनिंग पर अंकुश लगाया जा सके। उपायुक्त डा. यश गर्ग ने गुरुवार को जिला टास्क फोर्स कमेटी की तिमाही बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में एसडीएम कालका लक्षित सरीन, सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, डीडीपीओ राजन सिंगला, सहायक माइनिंग इंजीनियर डा. राजेश, एएसपी मनप्रीत सिंह, एसआईएफ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जिला में अवैध खनन कार्य पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। इसके लिए जिला स्तर पर गठित कमेटी पूरी निगरानी रखें। अवैध खनन रोकने के लिए जिला प्रशासन का तत्पर है और हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

इसके अलावा डीएलटीएफसी कमेटी के सदस्य जिला में लीज पर दिए गए माइनिंग कार्य की भी चेकिंग करें। उन्होंने कहा कि जिला में लीज पर दी गई माइनिंग का कार्य निर्धारित नियम एवं मापदंडों अनुसार ही किया जा रहा है। इसलिए डीएलटीएफसी कमेटी के सदस्य इसकी विस्तार से चेकिंग का कार्य करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पानी की समस्या पर लोगों का रोष प्रदर्शन



**कालका (जग्गी)।** कालका के कुराड़ी मोहल्ला के राधा कृष्ण मंदिर के पास स्थित मोहल्ले में आज महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों ने मिलकर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का कारण इलाके में पानी की समस्या है, जो कई वर्षों से बनी हुई है। लोगों का कहना है कि वे यहां लंबे समय से रह रहे हैं और हर साल पानी की कमी से जूझते हैं, लेकिन आज तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। आज हालात इतने खराब हो गए हैं कि घरों में पीने के पानी तक की किल्लत हो गई है। लोग मजबूर होकर बाजार से बिसलेरी की बोतलें खरीद रहे हैं। कई घरों में छोटे बच्चे हैं, बुजुर्ग हैं और पानी की जरूरत सभी को होती है। मजबूरी में लोग अपने घरों से बाल्टियां लेकर राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे, इस उम्मीद में कि वहाँ से पानी मिल सकेगा। लेकिन मंदिर में भी पानी की सप्लाई पिछले चार दिनों से नहीं हुई है। प्रदर्शनकारी प्रशासन से नाराज हैं। उनका कहना है कि जब वे प्रशासन के पास जाते हैं तो उन्हें कभी यहां से, कभी वहां से पानी लाने की सलाह दी जाती है। महिलाएं बाल्टियां लेकर दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। लोगों ने मांग की है कि उनकी पानी की समस्या का जल्द समाधान किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर सरकार चाहे तो वे सभी मिलकर मोटर भी देने को तैयार हैं ताकि पानी की समस्या हल हो सके। अभी तो गर्मियां शुरू ही हुई हैं और अगले महीने गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की पानी की खपत और बढ़ेगी। ऐसे में सरकार को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान ढूंढना चाहिए।

### बच्चों ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली रैली



**पिंजौर (नंद किशोर सैनी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकपुर के अधीन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के बच्चों के साथ राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष में एक रैली का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एस. एम. ओ. डॉ. मनीष गर्ग ने की। डॉ. मनीष गर्ग ने रैली के माध्यम से लोगों को डेंगू से बचाव,डेंगू कैसे फैलता है व ईलाज के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी समझाया की घरों के आस-पास पानी से भरें खड्डे खाली करे नहीं तो उसमें काला तेल का छिड़काव करवाये, डेंगू सीजन में बुखार आने पर नजदीकी सरकारी हस्पताल में खून की जांच करवाये व ईलाज पायें। इसके साथ सी एच सी नानकपुर के हेल्थ सुपरवाइजर सुशील कुमार ने घरों में कंटेनर को सप्ताह में दो बार खाली करके सूखा कर दोबारा प्रयोग में लाने के बारे में जागृत किया। डेंगू दिवस के अवसर पर पैम्फेलेट्स भी बाँटे गये। डॉ. मनीष गर्ग के नेतृत्व में राष्ट्रीय, डेंगू दिवस के अवसर पर निकाली गई। स्कूली बच्चों को साथ रैली का मुख्य उद्देश्य बड़ते डेंगू बुखार के प्रकोप के बारे में लोगों को जागृत करना है। सी एच सी नानकपुर जन साधारण के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए डेंगू की रोकथाम हेतू प्रयत्नशील है।

# बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने में लगे हर वाहन को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नॉर्मस का पालन करना जरूरी: डा. यश गर्ग

सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की करी अध्यक्षता



अर्थ प्रकाश /जग्गी

**कालका।** उपायुक्त डा. यश गर्ग ने कहा कि जो वाहन बच्चों को स्कूल लाने व लेजाने में लगे हुए हैं और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नॉर्मस का पालन नहीं कर रहे हैं तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए और उन स्कूलों को सुरक्षित वाहन पॉलिसी का पालन करवाना सुनिश्चित किया जाए। भले ही वाहन का ऑनर स्कूल या स्कूल मालिक ना हो।

उपायुक्त डा. यश गर्ग लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इसमें सड़क सुरक्षा सहित यातायात प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर किए गए कार्यों की चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बैठक में नहीं पहुंचने वाले नगर निगम पंचकूला और एनएचएआई चंडीगड़ के अधिकारियों के खिलाफ नोटिस भेजा जाए और अगली मीटिंग में आना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान जिले में सड़क एवं यातायात सुरक्षा में सुधार के लिए बेहतर कार्रवाई का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित कई अन्य मामलों पर भी गहन चर्चा और सार्थक विचार-विमर्श हुआ। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि 15 दिनों के बाद जल्द ही मीटिंग का आयोजन किया जाए और सभी संबन्धित विभाग अपनी एटीआर, रोड सेफ्टी रिपोर्ट और प्लान को भेजें। आरटीए सैक्रेटरी हैरतजीत कौर ने पिछली बैठक में किए गए निर्णयों की बारी-बारी से उपायुक्त को विस्तार से जानकारी दी।

सूखो माजरी बाइपास पिंजौर में लगने वाले जाम को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि संबन्धित ठेकेदार को बुलाकर विशेष बैठक का आयोजन किया जाए। ताकि व्यवस्था बनाकर जाम की स्थिति का समाधान करवाया जाए। माजरी चैक को लेकर डा. यश गर्ग ने निर्देश दिए कि एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, एचएसवीपी, कॉलेज स्टाफ, नगर निगम व अन्य संबंधित अधिकारी जल्द ही संयुक्त बैठक का आयोजन करें ताकि इस विषय पर चर्चा कर समाधान निकाला जाए। न्यू पिंजौर बाइपास को लेकर उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ्लाईओवर से आने वाहन चालक रॉग साइड से पंचकूला की तरफ आ रहे हैं ऐसे में इस जगह की सफाई करवाई जाए।

### मतदाताओं को चुनाव आयोग की तरफ से मिल रहा खास निमंत्रण

**पंचकूला (अप्रस)।** अंबाला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पंचकूला और कालका हलकों में मतदाताओं को चुनाव में बढ़चढ़ कर भाग लेने के संबंध में चुनाव आयोग की तरफ से निमंत्रण भेजा जा रहा है। जी हां, भारत एवं हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए 20 मई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। जिला में 4,33,094 मतदाता हैं जिनमें 2,27,581 पुरूष और 2,05,487 महिलाएं और 26 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। कालका विधानसभा क्षेत्र में 2,00,181 मतदाता और पंचकूला विधानसभा क्षेत्र में 2,32,913 मतदाता हैं। जिला के 4,33,094 मतदाताओं के लिए 424 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. यश गर्ग ने इस बारे दोनों विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# भाकियू के कार्यालय में पहुंचे वरुण चौधरी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका।** पिंजौर भीमा देवी कॉलोनी स्थित भारतीय किसान यूनियन के कार्यालय में अंबाला लोकसभा कांग्रेस इंडिया गठबंधन प्रत्याशी वरुण चौधरी पहुंचे। उनके साथ हल्का कालका विधायक प्रदीप चौधरी, हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव पवन कुमारी शर्मा, एडवोकेट विजय बंसल, नवदीप शर्मा, कृष्ण शर्मा, गुरभाग सिंह, जतिंदर सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान कर्म सिंह, सैक्रेटरी गुरप्यार सिंह, सेक्रेटरी राम सिंह लोहगढ़, मेहर चंद कल्याणी आदि ने वरुण चौधरी का उनके कार्यालय में पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया और उन्हें अपना समर्थन दिया। वरुण चौधरी ने इस मौके पर कहा कि वह हमेशा किसानों के साथ खड़े रहेंगे।

# पिंजौर मे 35 वर्षीय व्यक्ति का मिला शव



अर्थ प्रकाश /सुनील दत्त

**कालका।** कालका पिंजौर कामधेनु गौशाला के नदी समीप में एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है। पिंजौर थाना प्रभारी सोमबीर ढाका ने बताया कि उन्हें 112 नंबर इमरजेंसी नंबर पर सूचना प्राप्त हुई थी की नदी में एक व्यक्ति का शव मिला है जिसको लेकर मौके पर तुरंत पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू करें छानबीन से पता चला की मृतक व्यक्ति के मोबाइल नंबर से उसकी पहचान हो गई है और मृतक व्यक्ति का नाम अमृत मिश्रा है जिसकी आयु करीब 35 वर्ष है और पिंजौर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि मृतक अमृत के घर वालों को इसकी सूचना दी गई है जिस पर उसके पिता ने बताया कि करीब चार-पांच वर्ष पहले ही उसे उन्होंने बेदखल कर दिया था।

पुलिस ने मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाया और मृत व्यक्ति के शव को कालका अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है पोस्टमार्टम के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एडवोकेट विजय बंसल ने पिंजौर के गांव सूरजपुर में वरुण चौधरी के लिए मांगे वोट

अर्थ प्रकाश /नंद किशोर सैनी



**पिंजौर।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व चेयरमैन हरियाणा सरकार एडवोकेट विजय बंसल ने नगर परिषद कालका- पिंजौर के गांव सूरजपुर में नुक्कड़ सभा कर अंबाला लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी वरुण चौधरी के लिए वोट मांगे और लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर विजय बंसल के साथ प्रभात झा, सदरू खान, तेजभान गांधी, अजय बबल, पूर्व सरपंच गुरनाम सिंह, रामनाथ नंबरदार, बहादुर खान, गुरमुख सिंह, गुलशन, जयपाल, धर्मपाल, जनक, जतिंदर, राजेंद्र आदि अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष भी मौजूद थे।

विजय बंसल एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि कालका सहित प्रदेश और देश की जनता भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है अब अंबाला लोकसभा सहित पूरे हरियाणा प्रदेश और देशभर में कांग्रेस की लहर चल रही है। विशेष कर अंबाला लोकसभा में कांग्रेस और वरुण चौधरी की आंधी चल रही है क्योंकि वरुण चौधरी पढ़ा लिखा, ईमानदार उम्मीदवार है और हमेशा उन्होंने और उनके पिताजी पूर्व मंत्री फूलचंद मुलाना ने गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी काम किए। एडवोकेट विजय बंसल ने कहा कि गांव के दलितों ने बताया कि हुडा विभाग ने दलितों का श्मशान घाट और दलितों का जौहड तक का अधिग्रहण कर वहां पर सेक्टर विकसित करने शुरू कर दिए हैं। जबकि नियम अनुसार दलितों के शमशान घाट और जौहड आदि को अधिग्रहण नहीं किया जा सकता यह नियमों के विरुद्ध है।

इससे पूर्व ग्रामीणों ने विजय बंसल को अपनी समस्याएं सुनाते हुए कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में और विजय बंसल के चेयरमैन के कार्यकाल में ही गांव में अनेक विकास कार्य हुए हैं। उसके बाद किसी भी सरकार ने गांव में कोई विकास नहीं करवाया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की दलित बस्ती के साथ लगता जौहड और दलित श्मशान घाट को हुडा विभाग ने अधिग्रहण कर लिया है । जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के दर्जनों लोगों को महात्मा गांधी आवास योजना के तहत मंजूर किए गए ।100-100 गज के प्लॉट भी नहीं मिले हैं क्योंकि उनका गांव पहले नगर निगम पंचकूला में और अब नगर परिषद कालका में आ गया है । प्लॉट की अलॉटमेंट और उसके कब्जे के लिए ग्रामीणों ने कई बार नेताओं अधिकारियों को शिकायत भी की। लेकिन अभी तक उसका कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीण ने बताया कि गांव वासी पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। प्रशासन और सरकार ने उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया है।

इस अवसर पर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से ऑब्जर्वर प्रभात झा ने कांग्रेस की गारंटी यो को विस्तार से बताते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार आने के बाद बेरोजगार युवाओं को नौकरियां मिलेंगी, 300 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी, परिवार की हर गरीब महिला को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए का सम्मान भत्ता दिया जाएगा।




# कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद के विकास में नहीं छोड़ी कोई कसर: देवेन्द्र चौधरी

भाजपा नेता देवेन्द्र चौधरी ने सभा के माध्यम से लोगों से भाजपा प्रत्याशी को जीताने की अपील

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** भाजपा के युवा नेता एवं निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी ने कहा है कि पूर्व की कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला था, जबकि पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने न केवल देश बल्कि हरियाणा प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर इसे विकास की मुख्यधारा से जोडने का काम किया है। फरीदाबाद जिला जो पूर्व की सरकारों में फकीराबाद बन गया था, आज फिर से विकास की गति से जुड़कर विकसित जिलों की श्रेणी में अव्वल बनता जा रहा है। श्री चौधरी तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अमीपुर गाँव में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि दस साल पहले जब आपके एक- एक वोट की ताकत से चौधरी कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद से चुनकर संसद पहुंचे, उन्होंने हमेशा फरीदाबाद लोकसभा के विकास को प्राथमिकता दी और फरीदाबाद में सैंकड़ो नहीं बल्कि हजारों करोड़ों के विकास कार्य करवाए नए रिकार्ड स्थापित किए है।

उन्होंने कहा कि जेवर में जो नया एयरपोर्ट बन रहा है उसके लिए एक नया एक्सप्रेसवे बनाने का काम किया ताकि फरीदाबाद के लोग नोएडा से भी कम समय में सीधे जेवर एयरपोर्ट पहुंच सके। देश के सबसे लम्बे मुंबई एक्सप्रेस वे को फरीदाबाद से जोडने का काम आपके सांसद कृष्णपाल गुर्जर द्वारा ही किया गया। फरीदाबाद की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए के.जी.पी, एफ.एन.जी आदि 4 और नए हाईवे और एक्सप्रेसवे बन गए हैं या बनाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले केवल 5-6 घंटे लाइट आती थी, आज 24 घटे बिजली आती है, दस साल पहले नहर पार जाने के लिए केवल 2-4 पुल थे वो भी अंग्रेजो के समय में बने थे। सेहतपुर से लेकर सेक्टर 64 तक नाहर पर दर्जनों पुल बनवाने का काम किया गया। सड़के बनवाई, गलियां और नालियां बनवाई, सीवर लाइन की व्यवस्था की, पार्कों का सौन्दर्यकरण किया और एल.ई.डी हाई मास्क लाइट और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की। दुधौला में अपने युवाओं के लिए कौशल निर्माण विश्व विद्यालय स्थापित की जिससे हर साल 15 हजार से ज्यादा युवाओं का कौशल निर्माण कर उनको रोजगार मुहैया करवाया जाता है। चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने ग्रेटर फरीदाबाद ही नहीं पूरी फरीदाबाद लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं में समान तरीके से विकास किया है और फरीदाबाद के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। देवेन्द्र चौधरी ने अपील करते हुए कहा कि यह कोई साधारण चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव देश के सम्मान का है, इसलिए एक-एक वोट कमल पर डालकर कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाकर मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करे। इस मौके पर सुनील चेयरमैन, जिला पार्षद संदीप भाटी, सरपंच देवेन्द्र पाल, वेदपाल सरपंच, बीर सिंह भाटी, सिब्बी पार्षद, चन्दन सरपंच,जगबीर पहलवान, तेजपाल नागर, राकेश सरपंच, भूपेन्द्र भाटी, सुभाष सरपंच, तेजी प्रधान, राजेन्द्र खारी, छत्रपाल बी डी सी, सुरेन्द्र विधूड़ी, रतन सरपंच, विनोद नागर, भूरा सरपंच, महेश नागर आदि मौजूद थे।

# टीडीपी के हमलों पर राज्यपाल से की शिकायत

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेडड्डी

**अमरावती।** मंत्री बोत्चा सत्यनारायण के नेतृत्व में वाईएसआर पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल पूर्व सु को न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर से मुलाकात की। बैठक में मंत्री मेरुगा नागार्जुन, विधायक पेरनी नानी, एमएलसी लेला अप्पीरेड्डी, सांसद मोपीदेवी वेंकट रमना, कावली मनोहर नायडू और अन्य सदस्य मौजूद थे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्यपाल अब्दुल नजीर को मतदान के दिन और उसके बाद टीडीपी द्वारा वाईएसआरसीपी सदस्यों पर किए गए हमलों के संबंध में एक औपचारिक शिकायत प्रस्तुत करना था। शिकायत में पलनाडु, अनंतपुर और अन्य सहित विभिन्न जिलों में पुलिस अधिकारियों की अपर्याप्तता को भी संबोधित किया गया, जहां हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं, खासकर चुनाव आयोग द्वारा पुलिस अधिकारियों को बदलने के बाद।



वाईएसआरसीपी प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा, आईपीएस (सेवानिवृत्त) के पक्षपातपूर्ण आचरण के बारे में चिंता व्यक्त की, जिन्हें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया की देखरेख के लिए चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त किया गया था। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि मिश्रा ने टीडीपी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ मिलीभगत करके अपनी निर्धारित भूमिका से आगे बढ़कर चुनावी प्रक्रिया की अखंडता से समझौता किया है। पार्टी ने एकतरफा पुलिस प्रतिक्रिया और निष्क्रियता की निंदा की, जो टीडीपी के हितों की रक्षा करने और विपक्ष द्वारा भड़काई गई हिंसा को बढ़ाने के लिए प्रतीत हुई। यह सार्वजनिक डोमेन में है कि चुनाव अभियान के दौरान, टीडीपी नेताओं ने वाईएसआरसीपी नेताओं को नुकसान पहुंचाने के लिए अपने कैडर को खुले तौर पर उकसाया। नतीजतन, शिकायत में राज्यपाल से टीडीपी और गड़बड़ी में शामिल सभी लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया गया।

# आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक 90.91 प्रतिशत मतदान



अर्थ प्रकाश/ बोम्मा रेडड्डी

**अमरावती।** राज्य में सर्वाधिक मतदान वाला निर्वाचन क्षेत्र 16 है। प्रकाशम जिले के दर्शी निर्वाचन क्षेत्र में आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक 90.91 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार मीना ने बताया कि सबसे कम वोटिंग का रिकॉर्ड तिरूपति निर्वाचन क्षेत्र में 63.32 प्रतिशत था। एमपी सीटों में सबसे अधिक मतदान ओंगोल में 87.06 प्रतिशत और सबसे कम 71.11 प्रतिशत विशाखापत्तनम में दर्ज किया गया।

# किसान, जवान, पहलवान सहित हर वर्ग भाजपा से त्रस्त : महेन्द्र प्रताप सिंह

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ने पृथला क्षेत्र में अटाली सहित मांगा समर्थन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज मोहना में आंदोलनरत किसानों को बडा आश्वासन देते हुए ऐलान कर दिया कि जनता के आर्शीवाद से सांसद बना तो मोहना में ग्रीन एक्सप्रेस-वे पर कट बनवाना पहली प्राथमिक्ता होगी और अगर मैं यहां कट नहीं बनवा पाया तो सांसद पद से इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि 215 दिनों से मोहना में धरना-प्रदर्शन चल रहा है लेकिन भाजपाईयों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है, और शर्म की बात है कि केन्द्र और प्रदेश में दोनों जगह भाजपा की सरकार होते हुए भी वह यहां के लोगों का दर्द समझ नहीं रहे इसलिए ऐसे सत्ता के अहंकारी भाजपाई नेताओं को वोट की ताकत का एहसास कराकर उनके घमंड को तोडना जरूरी है। महेन्द्र प्रताप सिंह बृहस्पतिवार कअपने चुनावी प्रचार अभियान के तहत पृथला विधानसभा क्षेत्र के मोहना में चल रहे किसानों के धरने को संबोधित कर रहे थे। धरने



पर आसपास के 40 गावों की सरदारी मौजूद रही जिसकी अध्यक्षता ईश्वर नंबरदार ने की वहीं मंच संचालन सतबीर सिंह मैनेजर ने किया। इसके उपरांत उन्होंने अटाली गांव में आयोजित एक बडी चुनावी सभा को भी संबोधित किया। उनके साथ पृथला क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया भी मुख्यरूप से मौजूद थे। सभा में हजारों की तादाद में मौजूद लोगों ने जहां उनका बडी फूलों की माला से जोरदार स्वागत किया वहीं 36 बिरादरी की ओर से पगडी बांधकर अपने खुले समर्थन का ऐलान कर लोकसभा चुनाव में बडी जीत दिलाने का खुला आश्वासन भी दिया गया। वहीं उन्होंने इसके उपरांत बुखारपुर, नरहावली, छांयसा, मोहना, जवां, फतेहपुर बिल्लोच, पन्हेडा कलां व नरियाला में चुनावी सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा पूरी तरह से किसान, जवान व खिलाडियों के हकों की विरोधी सरकार साबित हुई है। भाजपा राज में जहां किसान कर्ज के तले दबता जा रहा है और अपने हकों के लिए सडकों पर आंदोलनरत है वहीं हमारी देश की शान महिला खिलाडियों को भी दिल्ली में धरना-प्रदर्शन करने पडे हैं। इसके अलावा अगनीवीर जैसी योजना चलाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में फरीदाबाद को दिशाहीन किया है। जुमलेबाजी की इस सरकार ने जनता को लूटने का काम किया है। औद्योगिक नगरी के नाम से विश्व में मशहूर इस फरीदाबाद से आज जहां उद्योग पलायन कर रहे हैं।

# 'मेहंदी वाला घर' में, अभिनेत्री सुष्मिता सिंह को एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए चुना

**चंडीगढ़।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के पारिवारिक ड्रामा, 'मेहंदी वाला घर' ने अपनी दिल छू लेने वाली कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया है, जिसमें अग्रवाल परिवार में पारिवारिक संबंधों की जटिलताओं को दर्शाया गया है। जारी कहानी में, मौली (श्रुति आनंद) को पता चला है कि लंदन में राहुल (शहजाद शेख) की एक गर्लफ्रेंड है। दूसरी ओर, मनोज (करण मेहरा) और मौली सुप्रभा को करण (पुनीत तेजवानी) और मनीषा (आस्था चौधरी) की शादी के लिए मनाने की कोशिश करते हैं। जब सुप्रभा असहमत होती है, तो मौली उसके परिवार को एक क्रिकेट मैच की चुनौती देती है, इस शर्त के साथ कि अगर अग्रवाल परिवार जीतता है, तो सुप्रभा स्वेच्छा से शादी के उत्सव में शामिल होगी। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, जबकि पूरा अग्रवाल परिवार क्रिकेट मैच की तैयारी में जुटा है, राहुल की गर्लफ्रेंड रति अपनी उपस्थिति से सभी को हैरान कर देगी। जहां मौली शादी के सारे ड्रामे और क्रिकेट मैच के बीच अपना दर्द छिपाने की कोशिश करेगी, वहीं रति मौली से दोस्ती करने की कोशिश करेगी।

# बाबा हरदेव सिंह जी ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा में समर्पित किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** युगद्रष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में 'समर्पण दिवस' का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन, सेक्टर 30 ए, चंडीगढ़ में किया गया। जिसमे श्री नवनीत पाठक जी संयोजक चंडीगढ़ ने अपने वचनो में बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उन्हें व्यवहारिक रूप में अपनाने को कहा। बाबा हरदेव सिंह जी ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया।



उन्होने समालखा में हुए मुख्य 'समर्पण दिवस' समागम के बारे में बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने पावन आशीष वचनो में कहा कि जब हम हर पल में इस निरंकार प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से अपना जीवन जीते चले जाते हैं तब वास्तविक रूप में मानवता के कल्याणार्थ हमारा जीवन समर्पित हो जाता है। ऐसा ही प्रेमा-भक्ति से युक्त जीवन बाबा हरदेव सिंह जी ने हमें स्वयं जीकर दिखाया।

युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में 'समर्पण दिवस' समागम का आयोजन 13 मई को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में हुआ जिसमें दिल्ली, एन. सी. आर. सहित पड़ोस के राज्यों से हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सम्मिलित होकर उनके परोपकारों को न केवल स्मरण किया अपितु हृदयपूर्वक श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके अतिरिक्त यह दिवस विश्वभर में भी आयोजित किया गया जहां सभी भक्तों ने बाबा जी की सिखलाईयों का स्मरण करते हुए उनके विशाल जीवन को नमन किया।

# पंजाब राजभवन में आयोजित हुआ सिक्किम दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सिक्किम के सुंदर परिदृश्य और जीवंत संस्कृति का पंजाब राजभवन में शानदार प्रदर्शन हुआ, जहां सिक्किम स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। यह अवसर उस ऐतिहासिक दिन को दर्शाता है, जब हिमालय के हृदय में बसा सिक्किम 1975 में 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल हुआ था। इस कार्यक्रम ने सिक्किम और पंजाब/चंडीगढ़ के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिससे एक-दूसरे की परंपराओं और रीति-रिवाजों के बारे में गहरी समझ और प्रशंसा को बढ़ावा मिला। इसने विविधता के बीच एकता को रेखांकित किया जो भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य की पहचान है। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने भारत के विभिन्न राज्यों के बीच विविधता का जश्न मनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। राज्यपाल ने सिक्किम की गहन सुंदरता पर जोर दिया, जिसकी विशेषता इसके राजसी पहाड़, शांत नदियाँ और हरे-भरे जंगल हैं। श्री पुरोहित ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के माध्यम से राज्यों के लोगों में आपसी परिचय, एकता की भावना, विविध परम्पराएं, कला, संस्कृति, वेशभूषा और खान-पान का आदान-प्रदान भी होता है। उन्होंने कहा कि हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है और राज्यों की विविधता में एकता ही भारत की ताकत है।राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता में सिक्किम की अग्रणी पहल सराहनीय है। सबसे कम कार्बन फुटप्रिंट वाले देश के पहले जैविक राज्य के रूप में, सिक्किम पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन के लिए एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर चंडीगढ़ के विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा संगीत, नृत्य और परंपरा के माध्यम से सिक्किम की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा, राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव के.शिव प्रसाद, यूटी चंडीगढ़ के गृह सचिव नितिन कुमार यादव और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीएचडीसीआईएल ने मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्टता लाने के लिए 'एचआररिट्रीट- नेविगेटिंग इमर्जिंग ट्रेंड्स' प्रशिक्षण' का आयोजन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**ऋषिकेश।** विद्युत क्षेत्र के कार्य बल की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने एवं उन्हें अत्याधुनिक मानव संसाधन तकनीकी समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ, ऋषिकेश में टीएचडीसीआईएल द्वारा तक्षशिला सतत आजीविका एवं सामुदायिक विकास केंद्र,में 'एच.आर. रिट्रीट- नेविगेटिंग इमर्जिंग ट्रेंड्स' एक परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आर.के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अवगत कराया कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड राष्ट्र को किफायती 24×7 विद्युत प्रदान करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ उन्नत प्रशिक्षण पद्धतियों और मानव संसाधन पहलोंके माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में परिवर्तन को भी प्रेरित कर रहा है। इसके अलावा आर.के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अवगत कराया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्यम स्तर के मानव संसाधन प्रबंधकों के लिए तैयार किया गया हैजो कि संगठनात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए टीएचडीसीआईएल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने टीएचडीसीआईएल के तक्ष शिला सतत आजीविका और सामुदायिक विकास केंद्र के महत्व को भी रेखांकित किया और नवोन्मेषी हितधारक से जुड़ाव और कौशल वृद्धि पहल के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में इसकी सराहना की।

16 से18 मई तक आयोजित किये जा रहे इस एचआररिट्रीट कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती गीता कपूर, एसजेवीएन लिमिटेड की पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं श्री शैलेंद्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसीआईएल द्वारा किया गया। श्रीमती गीता कपूर ने संगठनात्मक प्रगतिशीलता और लचीलेपन को बढ़ावा देने में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मानव संसाधनों के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य को अपनाने के विशेष महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संगठनात्मक उत्कृष्टता प्राप्त करने में मानव संसाधन प्रथाओं की परिवर्तनकारी क्षमता पर भी अपने विचार व्यपक्तन किए।

# झांसी में योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**झांसी/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को झांसी पहुंचे। यहां उन्होंने लक्ष्मी गेट स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद रोड शो की शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ी। सड़क के दोनों ओर स्थानीय लोगों की भीड़। मुख्यमंत्री योगी पर फूलों की बारिश करती नजर आई। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी मुख्यमंत्री योगी को देखने के लिए मौजूद रहीं। महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी पर फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया। जय श्री राम के नारों के बीच लोग हाथों में भाजपा का झंडा थामे इस रोड शो में हिस्सा लेते दिखाई दिए। विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और पुरुषों ने मुख्यमंत्री योगी की आरती भी उतारी गई।

रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री भी स्थानीय लोगों के उत्साह को देखते हुए उन पर फूल बरसाते दिखे। मुख्यमंत्री ने हाथों में चुनाव चिह्न कमल और विक्ट्री सीन दिखाते हुए लोगों से



भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के लिए वोट की अपील की। घास मंडी, बड़ा बाजार, मानिक चौक, सिंधी तिराहा से होते हुए मुख्यमंत्री का रोड शो आगे बड़ा और कोतवाली के निकट समाप्त हुआ। रोड शो के कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी इस रोड शो में हिस्सा लेने के लिए वाहन पर सवार हुए। रास्ते में मुस्लिम समाज के लोग मुख्यमंत्री के रोड शो पर फूलों की बारिश करते दिखे।

कोतवाली के निकट रोड शो के समापन स्थान पर मुख्यमंत्री ने रोड शो में मौजूद लोगों को वाहन पर ही खड़े होकर धन्यवाद दिया और संक्षिप्त सम्बोधन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में आज झांसी वासियों ने जो अनुराग उनके ऊपर लुटाया है, उसके लिए क्रांति की इस धरा को कोटि कोटि नमन। मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी रोड शो में शामिल होने के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी झांसी नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की नई झांसी बन चुकी है। अब तो यहां पर ऐसी तोपें बन रही हैं, जब वह बॉर्डर पर गड़गड़ाती हैं, तो पाकिस्तान के अंदर उनकी पैंट भी गीली हो जाती है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड अब नए युग में प्रवेश कर चुका है, आज यहां डिफेन्स कॉरिडोर है। आज यहां हर घर नल की योजना है। आज यहां बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे है। आज झांसी में हम लोग एक नए नोएडा को बसाने की कार्रवाई कर चुके है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार अपने बुंदेलखंड का ऐसा विकास कराएगी कि यहां का नौजवान पलायन नहीं करेगा बल्कि दुनिया बुंदेलखंड के पास नौकरी मांगने आएगी। नया औद्योगिक शहर बसाने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर आगे बढ़ चुकी है। अगले पांच वर्ष के अंदर आप इसके परिणाम देखेंगे। इसके लिए आत्मनिर्भर व विकसित भारत के सभी कार्य हो रहे हैं। आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए लिए मोदी जी को अबकी बार चार सौ पार के इस लक्ष्य के साथ कांग्रेस और सपा के नापाक और विभाजनकारी इरादों को सिरे से खारिज करना होगा। ये गठबंधन देश को बर्बाद करने वाला है, रामद्रोही है और पाकिस्तान का राग अलापने वाला है। हमें फिर एक बार मोदी सरकार के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है।

# सियासी पारा: केंद्रीय कार्यालयों को भेजे गए नाम, आने वाले दो-तीन दिन में शैडयूल होगा फाइनल

## स्टार प्रचारकों के सहारे प्रत्याशी-मोदी, योगी, राहुल, प्रियंका, शरद पवार आंएगे वोट की अपील करने

अर्थ प्रकाश/संदीप साहिल







**करनाल, 16 मई।** गर्मियों में सियासी पारा दिन प्रतिदिन उफान पर है। छठे चरण के हरियाणा में 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए वोटरों को रिझाने के लिए अब बड़े नेताओं का सहारा लिया जा रहा है। इस बार स्थिति यह है कि नेता जहां गली गली चीख चिल्ला रहे हैं वहीं मतदाता पूरी तरह खामोश हैं। इस कड़ी में खबर है कि हरियाणा में आने वाले सप्ताह के अंदर तीन से चार भाजपा, कांग्रेस की तीन तीन, एक एनसीपी- इनेलो की सियासी रैलियां होनी प्रस्तावित हैं। भाजपा के सूत्रों की मानें तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का करनाल व आसपास का दौरा प्रस्तावित था लेकिन पांव की मोच के कारण वे नहीं आ पाए। पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा की माने तो करनाल, कुरुक्षेत्र व अंबाला लोकसभा के प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील के लिए केंद्रीय कार्यालय को प्रदेश भाजपा कार्यालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का नाम भेजा है। इन तीनों बड़े नेताओं का दो दिन बाद फाइनल शैडयूल आ जाएगा। तय ये हुआ है कि तीन लोकसभा प्रत्याशियों के लिए एक एक भाजपा की रैली होगी। मसलन करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला लोकसभा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करनाल में रैली इसलिए संभावित हो सकती है क्योंकि करनाल में एक नहीं दो दो मुख्यमंत्रियों की साख दाव पर है।

इसी कड़ी में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से भी प्रदेश में तीन रैलियां होने की बात बताई जा रही है। कांग्रेस नेता नीटू मान की मानें तो कांग्रेस की ओर से स्टार प्रचारक के रूप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के नाम प्रस्तावित किए गए हैं, इसी कड़ी में एनसीपी की ओर से करनाल लोकसभा प्रत्याशी मराठा वीरेंद्र वर्मा के पक्ष में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार की रैली की भी चर्चाएं हैं, उनके साथ इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओम प्रकाश चौटाला भी कुरुक्षेत्र में इनेलो लोकसभा प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला के लिए वोट की अपील करने आ सकते हैं। वहीं दूसरी ओर करनाल में 17 मई यानी आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडा अपने लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुधिराजा व उपचुनाव प्रत्याशी त्रिलोचन सिंह के लिए वोटों की अपील करेंगे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोटों की अपील की। बड़े नेताओं की अपील से कांग्रेस का चुनाव प्रचार उठने लगा है। कांग्रेस वर्करों में उत्साह पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा, विधायक धर्मपाल गोंदर, पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी भी फूंक रहे हैं।

जब से करनाल में कांग्रेस ने अपने लोकसभा व उपचुनाव प्रत्याशी उतारे हैं, तब से यहां मुकाबला कड़ा होता जा रहा है जबकि भाजपा की ओर से बात आई थी कि भाजपा ही अकेले पहलवान के रूप में है लेकिन अब ऐसा नहीं है, जनता का रुख बदल रहा है और करनाल में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन रही है। वो अलग बात है कि करनाल में आज भी मोदी मैजिक का असर है, करनाल में आज दूसरे दिन भी भाजपा मंत्री सुभाष सुधा को सेक्टर 7 में देखा गया। आतंरिक सूत्र बताते हैं कि करनाल में प्रधानमंत्री मोदी की रैली लगभग निशिचत इसलिए है क्योंकि 2014 में 4 अक्टूबर को हुई रैली को लोग आज भी याद रखे हुए हैं,। करनाल में दो दो मुख्यमंत्री चुनाव लड़ रहे हैं, लोकसभा प्रत्याशी के रूप में पूर्व सीएम मनोहरलाल व उपचुनाव के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। उनके लिए नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी व निवर्तमान मेयर रेणू बाला गुप्ता पूरे जी जान से वोटो की अपील कर रही हैं। लोग निवर्तमान मेयर रेणू बाला गुप्ता के शालीन स्वभाव की तारीफ भी करते हैं और उनका स्वागत भी। वहीं कुरुक्षेत्र से पूर्व सांसद नवीन जिंदल और अंबाला लोकसभा से बंतो कटारिया के चुनाव के लिए भी बड़े स्टार प्रचारकों ने काम करना है।

करनाल या आसपास इन सभी स्टार प्रचारकों का क्या असर पड़ेगा, ये तो वक्त बताएगा लेकिन ये तय है कि इन रैलियो पर जनता की गाढी कमाई का पैसा खर्च होता है, समय के साथ साथ कई तरह की मशीनरी भी काम करती है लेकिन इस समय सवाल वोट का है, सभी पार्टियां अपने अपने स्टार प्रचारको को बुलाकर जनता को ये संदेश देना चाहती हैं कि वोट हमें दो, भाजपा पिछले दस साल के काम के बदले वोट मांग रही है जबकि कांग्रेस बदलाव, महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के मुद्दों पर वोट मांग रही है। करनाल में एनसीपी इनेलो के लोकसभा प्रत्याशी मराठा वीरेंद्र वर्मा लोकल फॉर वोकल के लिए वोट मांग रहे है, इसी तरह उपचुनाव के लिए प्रबल होते कांग्रेस प्रत्याशी सरदार त्रिलोचन सिंह स्थानीय चेहरे और सरकार की नाकामी को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। हर एक प्रत्याशी का अपना अपना तर्क है, अपनी अपनी बात। लेकिन खामोश जनता अपना मन पहले ही बना चुकी है, उस मन को नेता टटोलने आ रहे हैं, देखिए वे क्या कर पाते हैं। अब तो प्रत्याशी मुख्यमंत्री भी लोगों के समक्ष हाथ जोड़ रहे है, इसी तरह कांग्रेस व एनसीपी, बसपा प्रत्याशी इंद्रजीत भी अपने प्रचार प्रसार में जुटे हैं। जेजेपी लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र कादियान, उपचुनाव प्रत्याशी राजेंद्र मदान रामा का चुनाव प्रचार भी चल रहा है। बसपा प्रत्याशी इंद्रजीत के लिए बसपा सुप्रीमो कुमारी मायावती रैली करके वोटों की अपील कर चुकी हैं।

# किसान संगठनों की 'कंगारू अदालतें' मान सरकार की नाकामी का नतीजा: जाखड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मई।** पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब आज नेतृत्वहीनता के गंभीर संकट का सामना कर रहा है। इसके लिए राज्य के नान सीरियस मुख्यमंत्री भगवंत मान सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। यही कारण है कि पंजाब में 'कंगारू अदालतें' पैर जमा रही हैं।

सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची। जबरन वसूली, मादक पदार्थों की तस्करी, लूट और हत्या के मामले बढ़ रहे हैं। पंजाब की जेलें अपराधियों के लिए सुरक्षित स्थल बन गया है। मान सरकार ने लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

जाखड़ बोले, कुछ किसान संघ अपने आप को कानून के ऊपर समझने लग गए हैं। ऐसे लोगों के कारण आज किसानों और व्यापारियों के बीच का संबंध तोड़ दिया। गांवों में लोग मादक पदार्थों को दूर रखने के लिए 'ठीकरी पहरे' लगाने को मजबूर हैं। यह सब मुख्यमंत्री भगवंत मान की नाकामी का नतीजा है।

जाखड़ ने कहा कि विधानसभा चुनावों के कुछ महीने पूर्व नेतृत्व का दीवाला निकला जिसके चलते राजनीति में कुछ अगंभीर लोगों को पैर जमाने का मौका मिल गया जिस कारण पंजाब में कानून व्यवस्था का पतन शुरू हुआ। इसके बाद हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ते गए। अजनाला में पुलिस चौकी का केस लोगों को आज भी याद है। नंगल में आरएसएस के कार्यकर्ता विकास प्रभाकर को सरेआम गोली मार दी गई। आपराधिक वारदातें बढ़ गई। यह सब मान सरकार की नाकामी का नतीजा है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बरनाला में किसानों और व्यापारियों के बीच जो हालात पैदा कर दिए गए हैं वह चिंता का विषय है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान को दोषी ठहराया। कहा कि यह सब मुख्यमंत्री के हलके में हो रहा है और वह चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। जाखड़ ने कहा कि मान को जिस संगरूर से जनता से दो बार संसद में चुनकर भेजा उसी हलके का दिल कहे जाने वाले बरनाला में किसान और व्यापारी इमीग्रेशन कंपनी को लेकर आमने-सामने हो गए हैं। मुख्यमंत्री मान को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पंजाब को कोई पार्टी बचा सकती है तो वह भाजपा है। उत्तरप्रदेश इसका उदाहरण है जहां योगी आदित्यनाथ ने आपराधिक तत्वों और गैंगस्टरों पर लगाम कसकर कानून का राज स्थापित किया।



### केजरीवाल पंजाब में कांग्रेस को सिख विरोधी कहते हैं और दिल्ली में उसके लिए वोट मांगते हैं: सिरसा

इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पंजाब में बदलाव दिखाई देने लगा है। भाजपा के प्रति लोगों में विश्वास जाग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और पंजाब व देश के प्रति उनके समर्पण से प्रभावित होकर विपक्षी दलों के बड़े नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मोदी ने सिखों के लिए जो दस साल में किया वह 75 साल में किसी ने नहीं किया। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। कहा, केजरीवाल पंजाब में जनता से कांग्रेस को वोट न डालने की अपील करेंगे और दिल्ली में उसी के लिए वोट मांगेंगे। केजरीवाल सिखों के दोषी सज्जन कुमार को दिल्ली में क्लीन चिट देते हैं, जबकि पंजाब में कांग्रेस को सिख विरोधी कहते हैं। यह सब जनता को धोखा देने के लिए किया जा रहा है। हकीकत यह है कि केजरीवाल दोहरे चरित्र के व्यक्ति हैं।

### कांग्रेस अनुशासनहीन पार्टी: डॉ. करण वडिंग

कांग्रेस छोड़ने वाले डॉ. करण वडिंग ने कहा कि भाजपा में शामिल होने का गर्व महसूस हो रहा है। मैंने स्टूडेंट पालिटिक्स से राजनीतिक करियर शुरू किया। तब हमें लगता था कि मेहनत करेंगे तो पार्टी हमें आगे बढ़ाएगी। लेकिन बाद में पता चला कि सिर्फ मेहनत नहीं पैसा होना भी जरूरी है। क्योंकि कांग्रेस में उसी की सुनी जाती है जो पैसा लगाने के काबिल है। उन्होंने कहा, कांग्रेस में अनुशासन नहीं है। वहां गैरराजनीतिक परिवार से संबंध रखने वाले वर्करों को कोई नहीं पूछता। उसके नेता अपनी हार देखकर डरे हुए हैं।

# राहुल गाँधी और अरविन्द केजरीवाल सनातन धर्म के दुश्मन: डा. सुभाष शर्मा

श्री आनंदपुर साहिब में टूरिज्म सर्किट बनाया जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 16 मई।** श्री आनंदपुर साहिब से भाजपा प्रत्याशी डा. सुभाष शर्मा ने आज कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को सनातन धर्म के दुश्मन की संज्ञा देते हुए कहा कि इन दोनों ने हमेशा सनातन धर्म का विरोध ही किया है जो इस बार इनको बहुत महंगा पड़ेगा। आज मोहाली में अपने डोर तो डोर प्रचार के दौरान लोगो को सम्बोधित करते हुए उन्होंने ने गाँधी परिवार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा उसी दिन बेनकाब हो गया था जब मनमोहन सिंह सरकार ने श्री रामसेतु को काल्पनिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था। फिर इस साल कांग्रेस ने अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र ठुकरा दिया। इसके अलावा कांग्रेस और आप जिस इंडी अलायंस का हिस्सा है उसमें वो डीएमके भी है जिसके नेता एम.के स्टालिन सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया से करते है,लेकिन आज तक राहुल गाँधी और अरविन्द केजरीवाल इस मुद्दे पर चुप है। डा. सुभाष शर्मा ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने से कांग्रेस और आप को छोड़ कर हर भारतीय खुश है। उन्होंने कहा कि राहुल और केजरीवाल मोदी का विरोध करते-करते श्री राम का विरोध कर बैठे है जिसकी सजा इन चुनावों में जनता इनको देगी।

भाजपा प्रत्याशी डा. सुभाष शर्मा ने श्री आनंदपुर साहिब के विकास की बात करते हुए कहा कि खालसा पंथ की स्थापना इस धरती पर हुई, भगवान परशुराम जी की जन्मस्थली इस लोकसभा हलके में है, शहीद ए आजम भगत सिंह का पैतृक गांव यहां पर है, इसके अलावा यहां कई और ऐतिहासिक स्थल भी है जिनको दुनिया के सामने लाने के लिए यहां टूरिज्म सर्किट बनाया जायेगा। उन्होंने कहा अगर उन्हें श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती की सेवा का मौका मिला तो वह प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी से टूरिज्म सर्किट बनाने के लिए विशेष ग्रांट लेकर आएंगे।

टूरिज्म सर्किट बनने के बाद वह दिन दूर नहीं जब विदेशी सैलानी दिल्ली उतरने के बाद जैसे आगरा में ताजमहल देखने जाते है उसी प्रकार वह खालसा की धरती देखने यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि मोहाली से अगर इंटरनेशनल उड़ानें शुरू हो जाएं तो पंजाबियों को बहुत लाभ होगा। इसके अलावा मोहाली को गुरुग्राम, हैदराबाद, बेंगलुरू की तरह औद्योगिक हब बनाए जाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। डा. सुभाष शर्मा ने कहा की रेलवे परियोजनाएं और रिफाइनरी यहां पर लगाने के लिए भी वह प्रयास करेंगे।

इस से पहले प्रातःकाल भाजपा प्रत्याशी डा. सुभाष शर्मा ने मोहाली के सैक्टर-70 के पार्कों में सैर करने आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें जल्द हल करवाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान मोहाली जिला अध्यक्ष श्री संजीव वशिष्ठ और अन्य नेता उनके साथ मौजूद थे ।

## न्यूज ब्रीफ

### गैस फैक्ट्री के खिलाफ धरने में लोगों की सार लेने पहुंचे विधायक



**खन्ना (केवल कृष्ण)।** खन्ना के नजदीकी गांव घुंगराली राजपूतां में बायोगैस फैक्ट्री के विरोध में 12 गांवों के लोग गैस फैक्ट्री के खिलाफ दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। इनका धरना लगातार जारी है। जिसका पता चलने पर हलका खन्ना से विधायक एंव आप के प्रदेश उप प्रधान तरुणप्रीत सिंह सौंध धरना स्थल पर पहुंचे ओर गांववासियों के साथ विचार विमर्श किया। इस मौके विधायक सौंद की ओर से फैक्ट्री मालिकों के साथ भी बातचीत की गई। विधायक सौंद ने कहा कि वह इस मामले को मुख्यमंत्री के ध्यान में लाकर मामले को हल करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। बतां दें कि संघर्ष समिति द्वारा संघर्ष को तेज करते हुए पुलिस प्रशासन, सिविल प्रशासन व फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ विभिन्न गांवों में करीब 250 ट्रैक्टरों के साथ मार्च किया गया था ओर मसले के हल तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया हुआ है। संघर्ष समिति के सदस्य अध्यक्ष करमजीत सिंह सहोता, गुरी सहोता, हरमन सिंह, भिंदर सिंह आदि ने कहा कि उन्हें फैक्ट्री के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस मौके आप के बुद्जिीवी सेल प्रधान अमरदीप सिंह पुरेवाल, जगतार सिंह रब्रहे ड़ी, महेश कुमार पीए भी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में वार्डवासी बूंद-बूंद पानी को तरसे

### प्त दो माह पूर्व क्षेत्र विधायक के पति द्वारा उद्घाटन किए जाने के बावजूद नहीं लगा ट्यूबवेल: वार्ड निवासी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 16 मई।** पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद शहर के वार्ड नंबर 6, 8 और 9 के निवासी बूंद-बूंद पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। जिसके चलते महिलाएं बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नगर परिषद कार्यालय पहुंची और अधिकारियों व राज्य सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। वार्ड निवासी नीलम रानी, परमजीत कौर, रीना रानी, संदीप कौर, रज्जी, करमजीत कौर, जैली, रानी, कुलविंदर कौर, राणो, कुलबीर कौर, हरप्रीत, रणजीत कौर, सुखजीत कौर व करीब एक दर्जन अन्य महिलाओं ने बताया कि वार्ड नंबर 6-8 के निवासियों को पेयजल आपूर्ति करने वाला ट्यूबवेल पिछले तीन वर्षों से बंद है। इसके अलावा वार्ड नंबर 9 में लगा ट्यूबवेल गंदा पानी छोड़ रहा है, जिसे बंद कर दिया गया है। इन दोनों ट्यूबवेलों के बंद होने से वार्डवासियों को भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 8 के निवासी ने बताया कि सुविधा केंद्र के पास नए ट्यूबवेल का टेंडर छह महीने पहले हुआ था, दो महीने पहले हलका विधायक नीना मित्तल के पति अजय मित्तल ने ट्यूबवेल लगाने का शिलान्यास किया था। लेकिन इसके बावजूद ट्यूबवेल लगाने का काम शुरू नहीं हुआ। जिसके कारण इन वार्डों के निवासियों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एकत्रित महिलाओं ने नगर परिषद कार्यालय में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में वर्तमान परिषद अध्यक्ष जगतार सिंह कंबोज से मुलाकात की और पीने के पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की।

नगर परिषद अध्यक्ष जगतार सिंह कंबोज का कहना है कि सुविधा केंद्र के पास ट्यूबवेल के लिए नगर परिषद ने करीब एक साल पहले सीवरेज बोर्ड के पास 31 लाख रुपये की राशि जमा कराई थी। लेकिन इसके बावजूद अब तक ट्यूबवेल नहीं लगाया जा सका है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए वार्डवासियों को नगर परिषद के टैंकरों के अलावा अन्य निजी टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

जब नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्र जैन से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 9 में ट्यूबवेल से गंदा पानी निकल रहा है, जिसे जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर आठ में ट्यूबवेल सीवरेज बोर्ड द्वारा लगाया जाना है, जिसके बारे में बोर्ड के अधिकारी ही बता सकते हैं।

# महिला से आईफोन व 20 हजार कैश छीन कर हुए फरार, काबू

केवल कृष्ण/कुलविंदर सिंह बेदी

**खन्ना, 16 मई।** खन्ना के गुलमोहर रोड पर महिला से दिनदहाड़े लूट का वीडियो सामने आया। बाइक सवार लुटेरों ने महिला के हाथ से लिफाफा छीनकर फरार हो गए। लिफाफे में 20 हजार रुपए, आई-फोन और जरूरी दस्तावेज थे।

हालांकि, महिला ने लुटेरों के पीछे भागते हुए शोर भी मचाया। राहगीरों से मदद मांगी। लेकिन लुटेरे भागने में कामयाब रहे। वीडियो के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

सरोज रानी निवासी नंद सिंह एवेन्यू ने बताया कि वह स्थानीय अमलोह रोड स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया से 20 हजार रुपए निकलवाने के उपरांत पैदल अपने घर जा रही थी तो रास्ते में बाइक सवार दो लुटेरों ने उसका लिफाफा छीना तथा मौके से फरार हो गए। शोर मचाने पर लोगों ने उनका पीछा भी किया लेकिन लुटेरे भागने में कामयाब हो गए। महिला ने बताया कि लिफाफे में 20 हजार रुपए के अलावा उसका आईफोन तथा जरूरी दस्तावेज थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई तथा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए।


सिटी थाना 2 के एसएचओ गुरमीत सिंह ने कहा कि सूचना मिलने के बाद तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। वायरलेस से इलाके में नाकाबंदी कराई गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश की जा रही है। कोशिश है कि उन्हें जल्द पकड़ा जाए। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कुछ ही पुलिस ने लुटेरों को काबू कर लिया था, जिसका खुलासा वह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर करेगें।

# एनआरआई लड़की से धोखाधड़ी: कनाडा जाने के लिए लड़के ने की शादी, दहेज व अवैध संबंधों के चलते घर से निकाला

**जगराओं।** जगराओं में अबोहर के रहने वाले युवक ने कनाडा जाने के लिए एनआरआई लड़की से शादी रचाई। शादी पर पूरा खर्चा भी लड़की के परिजनों द्वारा किया गया। लेकिन कनाडा पहुंचते ही युवक ने अपने परिजनों संग मिलकर लड़की पर अवैध संबंध का आरोप लगाया और मारपीट कर घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं आरोपी पति ने परिजनों संग मिलकर फिर से लड़की के साथ घर बसाने के लिए दो लाख कनेडियन डॉलर की मांग शुरू कर दी। डॉलर ना देने की सूरत में जान से मारने की धमकियां तक देने लगा। इस सबंधी पता चलते ही पीड़ित लड़की के पिता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवा दी। पुलिस ने मामले की गहराई से जांच करने के बाद आरोपी पति, सास, ससुर, व ननंद पर दान-दहेज मांगने समेत साजिश रचकर धोखाधडी करने का मामला थाना सिटी में दर्ज कर लिया। फिलहाल चारों आरोपी घर से फरार है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। आरोपियों की पहचान गुरकीरत सिंह कालड़ा, गुरबीर सिंह, जसमिंदर कौर व हरकीरत कौर निवासी अर्बन एस्टेट फेस 2 लुधियाना के रूप में हुई है। इस मामले सबंधी जानकारी देते हुए थाना सिटी के एएसआई नरिंदर शर्मा ने बताया कि पीड़ित रूपिंदर सिंह चावला निवासी मोती बाग कच्चा मलक रोड गली नंबर तीन जगराओं ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी कनाडा में पक्के तौर रहती है। 2022 में आरोपी गुरकीरत सिंह के साथ उसकी शादी हुई थी। शादी से पहले आरोपियों ने बातों के जाल में फंसाते हुए कहा उन्हें बस लड़की चाहिए दान दहेज नहीं। उस दौरान आरोपी युवक के पिता ने कहा था कि वह अबोहर में सरकारी स्कूल में टीचर हैं। जिसके चलते वह दान दहेज मांगने के खिलाफ हैं। जिसके बाद दोनों परिवारों में रिश्ता तय हो गया। इस दौरान जैसे-जैसे शादी की तारीख नजदीक आती गई। आरोपियों की मांग भी बढ़ती चली गई। जैसे तैसे कर उस ने बेटी की खुशी के लिये पहले मंगनी पर 6.5 लाख रुपये खर्चे हुए। फिर आरोपियों की मांग के मुताबिक ही शादी पर करीब 17 लाख रुपये खर्चा करते हुए लड़के वालों की हर मांग को पूरा करते हुए दान दहेज भी दिया। लेकिन उन्हें इस बात एहसास ही नही था, कि आरोपियों ने अपने बेटे की शादी सिर्फ कनाडा जाने के लिये उसकी बेटी के साथ की है। जैसे ही उसकी बेटी ने अपने पति को कनाडा अपने पास बुलाया। उसने अपना असली रंग धीरे-धीरे दिखाना शुरू कर दिया। आरोपी ने अवैध संबंधों के चलते उसकी बेटी को तंग परेशान करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी कनाडा में सेटल होने के लिये दो लाख कनेडियन डालर की मांग करने लगा। जब उसकी बेटी ने परिजनों से इतने रुपये मांगने से इंकार कर दिया। तो आरोपी ने उसकी बेटी के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकल दिया। इतना ही नहीं डॉलर ना देने पर उसे जान से मारने की धमकियां तक देनी शुरू कर दी।

# जीवन सरल नहीं बहुत कठिन है लेकिन समझने वाले जीवन को सरल व सहज बना लेते है : आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज

उस्मानपुर दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ने कहा कि प्यारे बंधुओं होता वहीं है जो होना होता है हम तो व्यर्थ में ही संकल्प किया करते है करनी का फल तो आदिनाथ भगवान को भी मिला था तो हम क्या चीज है। जीवन का चक्र ऐसे ही चलता रहता है कितने ही काल समाप्त हो गए जीवन समाप्त न हुआ था न हुआ है और न होगा। और काल का यह चक्र ऐसा ही घूमता रहता है हम भी अनेक-अनेक पर्यायों में ऐसे ही घूम रहे है कर्मों के चक्र के द्वारा। प्यारे बंधुओं बहुत चिंतवन का विषय है जीवन ऐसे ही सरल और सहज नहीं है जीवन बहुत कठिन है लेकिन समझने वाले जीवन को सरल और सहज बना लेते है जीवन की कठिनाईयों को यह सरलता और सहजता से समाप्त कर देता है और न समझ व्यक्ति इनके अभाव में जीवन को कठोर वा कठिन बना देता है बस हमारे चिंतवन की धारा किस ओर बह रही है ये हमें चिंतवन करना है। हमारे चिंतवन की धारा दैहिक है या पारलौकिक है ये हमें चिंतवन करना है अगर सुख नहीं है तो दैहिक धारा है। पारलौकिक धारा में कोई भय नहीं, संकट नहीं, दुख नहीं है, कष्ट नहीं है जितना भी भय संकट, दुख वा कष्ट है सब दैहिक धारा में है पारलौकिक धारा में कोई विषमताएं नहीं है। एक तरफ तो समता रूपी औषधी है और दूसरी तरह संवलेपता रूपी जहर। अब आप ही विचार कीजिए कि हमें दोनों में से किसको अंगीकार करना है। क्योंकि दोनों का फल हमें मिलेगा अगर हम कर्मों के उदय में समता रखते है तो हमारी आत्मा जो है सुख रूपी फल को प्राप्त करेगी और हम चाहे तो संलेक्पता रखेंगे तो हम इस भव या पर्याय में और दूसरे भव रूपी पर्याय में दोनों जगह दुख वा कष्ट को प्राप्त होंगे। हमारी जिनवाणी, आगम, ग्रंथों में ऐसे अनेक उदाहरण सुनने में आते है इसलिए समता रूपी अमृत हमें कैसे प्राप्त हो तो हमारे गुरु महाराज हमें स्वाध्याय करने का सरल वा सीधा-सीधा मार्ग बतलाते है क्योंकि जिनवाणी में बताया गया है हमारे महापुरुषों ने कैसे आत्मा का बल प्रकट किया कैसे कार्यों को जीता




क्योंकि आत्मा में अनंत शक्ति है बस हमें विश्वास करना, भरोसा करना है अगर विश्वास बिल्कुल दृढ़ हो गया तो हमारा सम्यग्दर्शन हमारे पास है और सम्यग्दर्शन के साथ कभी न कभी हम भी पूर्णतः अपनी आत्मा की शक्ति को प्राप्त कर कर्मों को जीत कर भगवान बन सकते है।

समता भाव से तात्पर्य यहां है कि कर्मों के उदय में आने पर शांत भाव रखना किसी को विलेय नहीं करना की इनने ऐसा किया उस व्यक्ति विशेष से ईर्ष्या, द्वेष या उसके प्रति खराब परिणाम नहीं रखना। बल्कि ऐसा विचारना कीयह सब मेरे किए हुए परिणामों का फल है कि पूर्व में ऐसा किया था इसलिए मुझे ऐसा फल प्राप्त हो रहा है अब हम शांत रहेंगे किसी से कोई शिकायत नहीं है तो यह कर्म नवीन कर्म के रूप में नहीं बंधेगा बल्कि कर्म वही पर शांत या समाप्त हो जाएगा। ऐसा चिंतवन विचार करने वाला ही अपनी आत्मा की विशुद्ध को बढ़ाता है और अपना जीवन सफल करता है। यह जानकारी संघस्थ बाल ब्र. गुंजा दीदी ने दी।

# पाठशाला में परीक्षा लेने का मूलभूत अधिकार केवल गुरुजनों को ही होता है

भगवान शंकर जी ने यह कहा, कि 'हे सती आप का मन स्थिर नहीं हो रहा, तो आप परीक्षा लेकर देख लो।' तो श्रीसती जी के मुख से कोई प्रतिक्रिया प्रस्फुटित ही नहीं हुई। श्रीसती जी ने देखा, कि भगवान शंकर जी तो वटवृक्ष के नीचे बैठ गये हैं, और मुझे परीक्षा लेने की आज्ञा दे दी है। तो क्यों अविलम्भ परीक्षा ले ही लूँ? यह सोच कर, श्रीसती जी के चरण वहाँ एक क्षण भी न ठहरे, और वे श्रीराम जी की परीक्षा लेने चल निकली।

माया का भी कैसा प्रभाव है---। जो श्रीसती जी, भगवान की परछाई बन कर, जीवन भर उनके साथ चलने के संकल्प में बँधी थी, वही श्रीसती जी भगवान शंकर के बिना ही, अपनी सबसे कठिन यात्रा पर निकल पड़ी थी। यात्रा तो वैसे भगवान की दिशा में ही थी, लेकिन उद्देश्य भगवान को नमन करना नहीं, अपितु भगवान की परीक्षा लेना था। यहाँ यह शब्द बड़े विचित्र से प्रतीत होते हैं। कारण कि श्रीसती जी संसार में वह कार्य करने निकली थी, जो कार्य का प्रभु ने विधान ही नहीं बनाया था। क्योंकि जैसे सूर्य को दीपक नहीं दिखाया जा सकता, सागर को पानी के लौटे की धौंस कैसी, ठीक वैसे ही कोई जीव,



अपने प्रभु या भगवान की परीक्षा ले, यह नीतिसंगत था ही नहीं। हम पाठशालायों में भी, बचपन से देखते आ रहे हैं, कि कभी भी, किसी भी पाठशाला में परीक्षा लेने का मूलभूत अधिकार केवल गुरु जनों को ही होता है। वे ही प्रश्न पत्र बांटते हैं, और विद्यार्थी जन उन प्रश्नों का उत्तर, प्रदान की गई पत्रिका पर लिखते हैं। क्या कभी देखा है, कि गुरुजन तो पंक्ति बनाकर नीचे बैठे हैं, और विद्यार्थी जन उन्हें उन्हें उपदेश दे रहे हैं? श्रीसती जी को भी ऐसे ही नियम का अनुसरण करना चाहिए था, कि वह किसी अबोध व अज्ञानी बालक की भाँति श्रीराम जी के समक्ष जाती, और श्रीराम उनके बिखरे मन का समाधान करते। श्रीसती जी के कदम, प्रभु श्रीराम जी की दिशा में बढ़ तो रहे हैं, लेकिन श्रीसती जी बड़ी उलझन में हैं, कि श्रीराम जी की परीक्षा मैं किस प्रकार से लूँ? कौन सा उपाय उत्तम रहेगा, और कोण सा गौण। उनके मन में भ्रमित विचारों का एक बवंढ़र मचा हुआ है। कभी वे कोई युक्ति अपनाने का संकल्प लेती हैं, तो कभी उसी बनाई युक्ति को क्रियावंत न करने का विचार कर, फिर से कोई नई युक्ति की सृजना में लग जाती हैं।

अंत में श्रीसती जी के मन में एक युक्ति ने कील ठोक ही दिया। श्रीसती जी ने सोचा, कि क्यों न मैं जगत जननी श्रीसीता जी का ही रुप धारण कर लूँ? इससे होगा क्या, कि अगर श्रीराम जी एक साधारण मानव होंगे, तो मुझे श्रीसीता जी समझ कर, झट मुझसे आलिंगन करने को तत्पर हो उठेंगे। इससे सिद्ध हो जायेगा, कि वे कोई भगवान वगैरह नहीं हैं।

# गन्नौर हल्के के दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में पहुंचे सतपाल ब्रह्मचारी

कांग्रेस पार्टी के लिए की वोटों की अपील।

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने गन्नौर हल्के में लहरी सिंह पार्क , गन्नौर बार एसोसिएशन, सब्जी मंडी, पीपली खेड़ा, रेलवे पार्क व स्टेशन, सनपेड़ा, अगवानपुर, रामनगर, भोगीपुर, उमेदगढ़, राजलू गढ़ी, पबनेरा, घसौली, बेगा, कामी, दतौली, कुराड़, टेहा, गन्नौर मार्केट में रोड शो, भिगान, शिव, राजपुर, लडसौली, ललहेडी खुर्द, बड़ी इंडस्ट्रियल एरिया ललहेडी कलां सहित दो दर्जन गांवों का दौरा किया और कांग्रेस पार्टी के लिए वोटों की अपील की। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों के उत्साह से साफ है कि कांग्रेस आ रही है ,भाजपा जा रही है। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही महालक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी , जिसमे देश के हर जरूरतमंद और गरीब परिवार की महिला को प्रतिमाह



8500 रु दिए जायेंगे। इसके लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा घर घर जाकर पात्र आवेदकों से पिंक फार्म भरवाया जा रहा है। इस पिंक फार्म के आधार पर चुनाव के बाद सभी महिला आवेदकों को महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 8500 रु दिए जायेंगे।

इसके साथ साथ देश में हर जरूरतमंद व्यक्ति का 25 लाख रु तक निःशुल्क इलाज होगा। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा, आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान देवेंद्र गौतम, सुरेश त्यागी,राजेश पहलवान,संतोष गुलिया, संतोष कादियान, संजय खत्री सतप्रकाश शर्मा,देवेंद्र शर्मा,राकेश कैलाना,गल्लू रापड़िया ,विनोद कौशिक, वीरेंद्र पहल, वीरेंद्र प्रजापति आदि साथ रहे

# हमने अपनी आत्मा को संवारना है

महापुरुष कदम-कदम पर यही चेतावनी देते हैं कि इन्सान! काल के आने से पहले ही अपना जीवन संवार ले। यह जो काल है, यह बताकर नहीं आता। लेकिन इन्सान कल पर छोड़ता है। कहता है, बुजूर्ग होकर भक्ति शरु करुंगा, बूढ़ा होकर प्रभु भक्ति कर लूंगा। अभी तो जवानी के दिन हैं, हंसने-खेलने के दिन हैं, मौज मनाने के दिन हैं, लेकिन इन्सान को अगले पल का भी भरोसा नहीं होता।

इन्सान अन्य किसी काम को कल पर नहीं छोड़ना चाहता। यह तो नहीं कहता कि अभी दस-बीस बरस बीत जाएं, फिर जायदाद बना लूंगा। कहता है कि नहीं, यह तो अभी बनानी है और जो पदार्थ इकट्ठे करने है, वे अभी करने हैं। वे क्यों नहीं आगे के लिए छोड़ता? क्योंकि उनकी हमें बहुत कीमत नज़र आती है। कई दफा यह भी कह देते हैं कि शरीर का क्या भरोसा है। ये बच्चे छोटे हैं, इनका क्या बनेगा? जो सांसारिक जिम्मेदारियां हैं, उनका ध्यान तो है, लेकिन चौरासी के चक्र से आत्मा को मुक्त करने का कोई ध्यान नहीं। आजकल लोग बिना प्रभु को जाने भक्ति कर रहे हैं। बिना प्रभु को जाने हुए भक्ति किसकी कर रहे हैं? जिसके पास यह ज्ञान है, यह प्रभु की



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जानकारी है, उसके साथ नाता जोड़कर हम भक्ति कर सकते हैं। कहा भी है कि 'प्रथम भक्ति संतन कर संगा'7 ये संग क्या होता है। संग सिर्फ शरीर के दर्शन नहीं हुआ करते। हम बच्चे को कुछ विद्या देना चाहते हैं ताकि पढ़ लिख जाएं। क्या ऐसा कभी हुआ है कि पिता बच्चे का हाथ पकड़कर स्कूल की बिल्डिंग के पास ले जाये और कहे कि देखो स्कूल की खिड़की में से जो उस्ताद दिखता है, बड़ा ही लायक है। वो देखो, वो बच्चों को पढ़ा रहा है। भाव, बच्चों को अध्यापक की केवल शक्ल ही दिखाने से हमारा बच्चा पढ़-लिख नहीं पाता। हम जानते हैं कि शिक्षक के पास उसको छोड़ना पड़ता है, उसकी संगति करानी पड़ती है। तभी वो विद्या हासिल कर सकता है। इसी तरह से ज्ञान जिसके पास भी है, जिस घट में भी है, हम अगर उसके साथ नाता जोड़ लेते हैं।

## पंचांग

शुक्रवार, 17 मई, 2024, सूर्योदयः 05:29 ए एम, सूर्यास्तः 07:06 पी एम, चन्द्रोदयः 01:39 पी एम, चन्द्रास्तः 02:25 ए एम, मई 18, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः वैशाख, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः शुक्रवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः नवमी - 08:48 ए एम तक, नक्षत्रः पूर्वाफाल्गुनी - 09:18 पी एम तकः योग, व्याघात - 09:21 ए एम तक, करणः कौलव - 08:48 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 10:05 पी एम तक, सूर्य राशिः वृषभ, चन्द्र राशिः सिंह - 04:05 ए एम, मई 18 तक, राहुकालः 10:36 ए एम से 12:18 पी एम, गुलिक कालः 07:11 ए एम से 08:53 ए एम, यमगण्डः 03:42 पी एम से 05:24 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:50 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:13 ए एम से 09:07 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:45 पी एम से 01:39 पी एम, अमृत कालः 02:05 पी एम से 03:53 पी एम, वर्ज्यः 05:26 ए एम, मई 18 से 07:14 ए एम, मई 18

## भविष्य फल



**मेषः** सेहत से जुड़ी दिक्कत नजदीक है इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास रखें कि पहले से सावधानी बरतना इलाज से बेहतर है।

**वृषः** आज का दिन आपका खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी।

**मिथुनः** आज का दिन भावनात्मक रहेगा। आपको अपने अंतरतम की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थति भी आ सकती है।

**कर्कः** आपके जीवन-साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन खुशनुमा बना सकता है। अपने खर्चों पर काबू रखें और आज हाथ खोलकर व्यय करने से बचें।

**सिंहः** आज जिस काम को पूरा करना चाहेगें वो आसानी से पूरा हो जाएगा। अगर पहले किसी रिश्तेदार से अनबन हुई है तो आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

**कन्याः** किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं।

**तुलाः** दोस्त की बेरुखी आपको नाराज करेगी। लेकिन खुद को शांत रखें। इस बात को परेशानी न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिकः** जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं , आज पूरे होने वाली हैं।

**धनुः** आज भौतिक सुख सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

**मकरः** अपने आप पर एक सीमा के बाद दबाव न डालें और पर्याप्त आराम लें। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे।

**कुंभः** आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। निश्चित ही घर में खुशियों का आगमन होगा।

**मीनः** परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। आज आप किसी खास कार्य के लिए बाहर जा सकते है।

# राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिधराना में निकाली जागरूकता रैली



अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

**नरवाना।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिधराना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंसर के डॉक्टरों ने दौरा किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र की ओर से आए हुए मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर डॉ सतीश कुमार ने मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति बच्चों को जागरूक किया। डेंगू का मच्छर कहां फैलता है? कब फैलता है? साफ पानी में फैलता है या गंदे पानी में? इन सारी बातों जानकारी को देने के साथ उन्होंने बच्चों को घरों में इकट्ठा हुए पानी को नष्ट करने, मच्छरों से फैलने वाली सभी बीमारियों के कारण, लक्षण व रोकथाम के उपाय के बारे में विस्तार से चर्चा की। विद्यालय प्रभारी महावीर बनवाला ने बच्चों को सफाई को अपनी आदत में शुमार करने के लिए प्रेरित किया। संस्कृत अध्यापक नरेश वत्स ने वर्तमान में मौसम परिवर्तन के साथ-साथ होने वाली अन्य बीमारियों के बारे में बताते हुए गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लू लगने से होने वाली बीमारियों से बचने के विभिन्न उपायों के बारे में चर्चा की। उसके बाद गांव के लोगों को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। लोगों को प्रेरित करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के लैब टेकनीशियन पहलवान ने गर्मी के मौसम में विशेष हिदायत बरतने की सलाह दी। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गुरुद्वारा से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला पुलिस ने गुरुद्वारा से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया हैं । थाना शाहबाद की टीम ने गुरुद्वारा से चोरी करने के आरोपी आशु कुमार पुत्र शेर सिंह वासी तंगौरी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उससे 1 हजार रुपये बरामद को करने मे सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 मई अप्रैल को साहिब सिंह पुत्र गुरमेज सिंह वासी नलवी कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह गुरुदारा साहिब में ग्रंथी की सेवा करता है। दिनांक 12 मई की रात को वह गुरुदारा साहिब को अच्छे से लॉक करके अपने घर चला गया था। अगले दिन सुबह समय करीब 3 बजे जब वह गुरुदारा साहिब आया तो उसने देखा की हाल का शीशा टूटा हुआ है ।

# चुनाव प्रक्रिया के एक-एक बिंदू को अच्छी तरह से समझना जरूरी है: अनिल कुमार

चुनाव के सफल आयोजन में पीठासीन अधिकारी का होता है अहम योगदान

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

**नरवाना।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर स्थानीय अर्बन एस्टेट स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रही कार्यशाला के तीसरे दिन वीरवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पोलिंग पीओ और एपीओ व अन्य कर्मचारियों को सभी जरूरी बातें बारीकी से बताई गई। नरवाना विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टी में शामिल प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी के लिए एक-एक बिंदु को अच्छी तरह से समझना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव के दौरान बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी एक टीम के रूप में काम करेगी। एक टीम वर्क का परिणाम सबसे अच्छा निकलता है। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों के सभी अधिकारी व कर्मचारी एक-एक बिंदु को समझकर आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सामान की सूची के साथ ईवीएम मशीन और वीवीपैट के नंबर का बूथ से मिलान अवश्य कर लें। पोलिंग पार्टी ईवीएम व अन्य सामग्री लेने के पश्चात प्रशासन की ओर से दिए गए वाहन में बूथ पर जाएंगी। बूथ पर जाने के लिए अपने निजी वाहन का प्रयोग ना करें। रिहर्सल के मास्टर ट्रेनर सेवानिवृत चुनाव नायब तहसीलदार खेमचंद सैनी, डॉ. सूरजमल ने पोलिंग पार्टियों को ईवीएम की कार्यप्रणाली, टेंडर वोट, चैलेंज वोट आदि के बारे में भी बताया। सभागार में चुनाव अधिकारियों को वीवीपैट तथा ईवीएम मशीन के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए उपस्थित कर्मचारियों को फार्म 12 और फार्म 12-ए बांटे गए।



एसडीएम ने कहा कि चुनाव के सफल आयोजन में पीठासीन अधिकारी व पोलिंग पार्टी के अन्य कर्मचारियों का अहम योगदान होता है, साथ ही निष्पक्ष चुनाव करवाना पोलिंग पार्टी की नैतिक जिम्मेवारी होती है। इसलिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी ईवीएम का बेहतर प्रशिक्षण लें ताकि चुनाव के दिन उन्हें मतदान के सुचारु संचालन में कोई कठिनाई न आए। चुनाव प्रक्रिया बहुत सरल है लेकिन इसके लिए प्रशिक्षित होना बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन व अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी अपने अपने कार्यों का बेहतर प्रशिक्षण लें, पूरी प्रक्रिया को सही प्रकार से समझें। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न करवाने के लिए चुनाव में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया के सफलतम संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जाना बहुत जरूरी है। इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से अपना प्रशिक्षण लें, कहीं भी कोई शंका है तो उसे दूर करें ताकि कोई परेशानी न हो।

# बरोदा महिला महासम्मेलन में उमड़ी महिलाओं की भीड़ से कांग्रेस में बौखलाहट : उषा प्रियदर्शनी

कांग्रेस पार्टी कर रही महिलाओं का अपमान : सोनिया मोर

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**गोहाना।** बारौदा हल्के में सोनीपत महिला मोर्चा की अध्यक्षा श्रीमति सोनिया मोर के द्वारा महिला महासमेलन का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति उषा प्रियदर्शनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उषा प्रियदर्शनी ने जमकर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की कई पार्टियों पर परिवारों का कब्जा है। इसी दिशा में महिला सम्मान की बात करते हुए श्री मति प्रियदर्शनी ने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं का अपमान आम बात है, सोनिया मोर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और महेंद्र प्रताप की महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणियों की कड़ी निंदा की और कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार महिलाओं का अपमान कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सभी महिला पदाधिकारियों ने एक साथ भाजपा की जीत की स्पथ ली और मोहन बड़ौली की जीत की हुंकार भरी।



# गर्मी व लू से बचाव के लिए सावधानी बरतें जिलावासी : डीसी नेहा सिंह

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण की चेयरपर्सन एवं डीसी नेहा सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वाले लोगों, खिलाडि?ों, बच्चों, बुजुर्गो और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें अर्थात बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा की ओर से जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

डीसी नेहा सिंह ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पूर्णतया पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड), नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड?र न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें। काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम कर लें। यदि खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। डीसी ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें।

# देश की जनता चाहती है दमदार और ईमानदार प्रधानमंत्री : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/ प्रविंद्र शर्मा



**बिलासपुर।** केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश की जनता स्थिर और निरंतर सरकार के साथ ही ईमानदार और दमदार प्रधानमंत्री चाहती है। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का 10 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक और अविस्मरणीय रहा है। उनके काम और नाम ने लोगों के दिलो-दिमाग पर अमिट छाप छोड़ी है। यही वजह है कि पूरे देश में केवल 'माई च्वॉइस मोदी' की गूंज है। इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अन्य दलों के हौसले चुनाव का चैथा चरण पूरा होने तक ही पूरी तरह से पस्त हो चुके हैं।

चुनाव प्रचार अभियान के तहत वीरवार को सदर विधानसभा क्षेत्र की मैहरी काथला, लद्दा, तलवाड़ा, पटेर, मोरसिंघी, कुठेड़ा, भलस्वाए, तल्याणा, हवाण, हरलोग, चलैहली व रोहिण पंचायतों में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि चुनावी बेला में कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल बड़ी-बड़ी डींगें हांक रहे हैं, लेकिन देश की प्रबुद्ध जनता मोदी सरकार और यूपीए सरकार के 10-10 वर्ष के कार्यकाल के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर फैसला सुना रही है। यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, महंगाई व आतंकवाद का बोलबाला था।

> अनुराग ठाकुर के चुनावी कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं ने रंग जमाने में कोई कमी नहीं रखी। 'बहुए बोलया अपणी सस्सा जो, वोट देणा अनुरागा जो' तथा 'अनुरागे री होणी बल्ले-बल्ले, असां जश्न मनाणा बल्ले-बल्ले' जैसे गीतों पर जमकर नाचते हुए महिलाओं ने माहौल को पूरी तरह से भाजपामय कर दिया।

इसके विपरीत पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने से अर्थव्यवस्था के मामले में भारत पूरे विश्व में दसवें से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इस अवधि में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। 51 करोड़ लोग रोजगार से जुड़े हैं। विश्व के विकसित राष्ट्रों में लोग महंगाई से जूझ रहे हैं, लेकिन भारत में महंगाई पर अंकुश रखा गया है। आतंकवाद से सख्ती से निपटा गया है। इस अवधि में विकास के भी नए आयाम स्थापित हुए हैं। चाहे फोरलेन, नेशनल हाईवे और सड़कों की बात हो या ट्रिपल आईटी, आईआईएम व मेडिकल कॉलेज समेत अन्य बड़े संस्थानों की, हर क्षेत्र में रिकॉर्डतोड़ काम हुआ है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि बिलासपुर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की कर्मभूमि है। उनके सहयोग से बिलासपुर में एम्स, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज व फोरलेन का निर्माण किया गया है। रेलवे प्रोजेक्ट का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न तो कभी राजनीतिक द्वेष भावना से काम करते हैं और न ही कभी छोटा सोचते हैं। आपदा के समय केंद्र ने हिमाचल को 1700 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के साथ ही 20 हजार मकान दिए। उन्हें नहीं लगता कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आपदा के दौरान अपने स्तर पर 10-20 करोड़ रुपये भी खर्च किए होंगे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प पूरा करने में अपनी सहभागिता बढ़चढ़ कर सुनिश्चित करें।

सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा कि एक ओर मोदी सरकार हिमाचल में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद इस पर्वतीय राज्य के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता में आते ही 1000 से अधिक संस्थान बंद करके राजनीतिक द्वेष भावना से काम शुरू कर दिया था। हरलोग में उप तहसील, कुठेड़ा में जल शक्ति विभाग का सब-डिविजन और जबल्याणा में हेल्थ सब-सेंटर डिनोटिफाई करके इस सरकार ने क्षेत्र के हजारों लोगों से सुविधाएं छीन ली। विकास कार्य ठप पड़े हैं। इस सरकार की तानाशाही से नाराज होकर कांग्रेस के कई विधायकों ने पार्टी छोड़ दी।। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अनुराग ठाकुर को लगातार पांचवीं बार रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएं।

## शतप्रतिशत मतदान के लिए किया जा रहा है मतदाताओं को जागरूक

**एसडीएम कसौली ने खुद संभाली स्वीप कोर कमेटी की कमान**

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर

**सोलन।** शतप्रतिशत मतदान की उम्मीद से स्वीप कोर कमेटियां जगह जगह जा कर मतदाओं को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में कसौली सहायक निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम) नारायण सिंह चौहान ने स्वयं स्वीप कोर कमेटी की कमान संभालते हुए परवाणू क्षेत्र में जाकर मतदाता को जागरूक किया। कार्यक्रम मिशन 414 जो कि पूर्व 2019 में आयोजित हुए लोक सभा चुनाव में मतदाता के मतदान की प्रतिशतता के कम होने के कारण कुछ हैरान करने वाले आंकड़े सामने आए थे के अंतर्गत मतदान केंद्र बरोटी 3 में मतदान प्रतिशतता बढ़ने के लिए रखा गया था। वीरवार को इस मतदाता जागरण कार्यक्रम में परवाणू क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित बहुत से मतदाता और भावी मतदाता भी उपस्थित रहे। कमेटी के सभी सदस्यों ने मजबूत लोकतंत्र निर्माण के उद्देश्य से उपस्थित लोगों से बातचीत की और उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया ताकि ये युवा अपने आस पास और अपने सभी परिजनों को मतदान के महत्व बारे जागरूक कर वोट प्रतिशतता बढ़ने में अपना भरपूर सहयोग दें।

स्वीप कोर कमेटी के नोडल अधिकारी डॉक्टर जगदेव चंद शर्मा और भाषा अध्यापक देव दत्त शर्मा दोनों ने विभिन्न गतिविधियों और व्यंग्यात्मक हिंदी पहाड़ी चुटकियों के माध्यम से व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक समूह गान व बी एल ओ टीम ने एक नुक्कड़ नाटक कर सभी मतदाओं का ध्यानाकर्षण करते हुए निर्भय निष्पक्ष,धर्म,लिंग जाति आदि आदि संकीर्णताओं से ऊपर उठ कर व निजी प्रलोभनों से हट कर सशक्त लोकतंत्र गठन के लिए संकल्पबद्ध करवाते हुए सभी छात्र युवाओं को 1 जून 2024 को अपने अपने अभिभावकों व अडोस पड़ोस के सभी पात्र मतदाताओं को अपने सुखद भविष्य के लिए मतदान करने के लिए विवश करवाने का भी संकल्प करवाया।

## स्वीप टीम का वोटिंग जागरूकता कार्यक्रम छात्रों को चुनावी प्रक्रिया के महत्व का दिया ज्ञान

अर्थ प्रकाश /पवन कौशाल / रितिक

**बी,बी,एन / नालागढ़।** नालागढ़ के निर्वाचन क्षेत्र में स्थित राजकीय वरिष्ठ पाठशाला बरूणा में आज स्वीप टीम का वोटिंग जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप टीम ने छात्रों को चुनावी प्रक्रिया के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में लगभग करीब 150 छात्र -छात्राएं शामिल हुए। नालागढ़ के स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ. नरेश ठाकुर एवम् उनकी टीम के सदस्यों ने छात्रों को वोटिंग के महत्वपूर्ण तथ्यों पर ध्यान दिलवाया।उन्होंने कहा कि वोटिंग हमारे लोकतंत्र का मूल आधार है। यह आपका अधिकार भी है और आपका कर्तव्य भी है। चुनावों में भाग लेना एक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। हम सभी का यह दायित्व है कि हम न केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समुदाय के लोगों को भी मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करें। याद रखें, एक वोट एक आवाज़ है और आपकी यह आवाज़ हमारे देश के भविष्य का निर्माण करती है। राजकीय वरिष्ठ विद्यालय बरूणा के प्रधानाचार्य यशपाल ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने माता-पिता एवं परिचितों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बच्चों को संकल्प पत्र भी दिया गया जिसमें कहा गया कि हमारा भविष्य देश के मजबूत लोकतंत्र से जुड़ा है। इस मौके पर प्रवक्ता डीसी पोसवाल, सुमित सिंह, मनमोहन गौतम, रविंदर कौर, पूजा एवम् नरेंद्र पाल भी उपस्थित रहे ।

## बिलासपुर युवा संवाद के साथियों ने अपने अपने बूथ पर सतपाल रायजादा को लीड दिलवाने का उठाया जिम्मा

अर्थ प्रकाश /प्रविन्द्र शर्मा



**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला के कांग्रेस भवन में रवि रतन शर्मा व कांग्रेस युवा संवाद महिला विंग प्रमुख नीलम ठाकुर अध्यक्षता में युवा संवाद की बैठक का आयोजन हुआ बैठक का मुख्य एजेंडा हमीरपुर लोकसभा प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में घर-घर जाकर जन जागरण अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी के साथ जोड़ना व कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह करना युवा संवाद के स्वयंसेवकों द्वारा अपनी अपनी पंचायत के घर-घर जाकर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों और कांग्रेस के घोषणा पत्र को आम जन तक पहुंच कर अपने लोकप्रिय नेता के लिए वोट मांगना । रवि रतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस युवा संवाद की टीम प्रदेश भर में कांग्रेस के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए जोश और जुनून के साथ मैदान में डटी है बैठक में उपस्थित युवा संवाद के बिलासपुर के सभी पदाधिकारीयों और सदस्यों ने मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत अपने-अपने बूथ से कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा से ज्यादा लीड दिलवाने का संकल्प लिया बैठक के सफल आयोजन के लिए रवि रतन शर्मा ने सभी साथियों का आभार प्रकट किया इस बैठक में विशेष तौर पर युवा संवाद जिला अध्यक्ष बाबूराम ठाकुर पदम् देव शर्मा, अमरावती मोइला, रमेश चंदेल शंकर दास शर्मा सुमित्रा देवी ज्ञानचंद, करमचंद, संजय कुमार, सुभाष चंद्र, सचिन कुमार, अजय शर्मा, रणजीत सिंह, देशराज, ललित शर्मा, पवन शर्मा, राजकुमार चिरंजीलाल श्यामलाल रमेश दुनीलाल, प्यार चंद, कुलदीप, सचिन कुमार, अजय शर्मा व अन्य सदस्य शामिल रहे।

## लोकसभा चुनावों में बिलासपुर में 12263 नए वोटर करेंगे मतदान

**जिला में हैं कुल 3,34,389 मतदाता**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जिले की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस लोकसभा चुनाव में जिले में कुल 3,34,389 मतदाता अपने वोट डाल सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि कुल वोटरों में 1,67,881 पुरुष मतदाता और 1,66,502 महिला मतदाता हैं। 6 ट्रॉर जेंडर वोटर भी हैं।

इन चुनावों में 18-19 साल के 12,263 युवा अपने वोट का इस्तेमाल करेंगे। इसके अलावा 20 ÷से 29 साल के 63,329 वोटर और 4,156 वोटर 85 साल से ज्यादा उम्र के हैं। दिव्यांग वोटरों की संख्या 4,883 है, जबकि 3,950 सर्विस वोटर हैं। जिले में लोकसभा सीटों के लिए कुल 418 पोलिंग स्टेशन होंगे। झंडूता विधानसभा में 81,687 कुल बोटर हैं। इनमें 41,149 पुरुष वोटर, 40,534 महिला वोटर और 4 ट्रांसजेंडर वोटर हैं।

घुमारवीं विधानसभा में 90,563 कुल मतदाता हैं, जिनमें 44,903 पुरुष मतदाता, 45,659 महिला मतदाता और 1 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। बिलासपुर विधानसभा में 85,498 कुल मतदाता हैं, जिनमें 42,759 पुरुष मतदाता और 42,739 महिला मतदाता है। श्री नयनादेबी जी विधानसभा में 76,641 कुल मतदाता हैं, जिनमें 39,070 पुरुष, 37,570 महिला मतदाता और एक ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय मेला 17 एवं 18 मई को

**बीबीएन (पवन कौशल)।** रामशहर। जिला सोलन के पहाड़ी क्षेत्र रामशहर पंचायत के अंतर्गत पढ़ने वाला गांव रिवालसर का ऐतिहासिक दो दिवसीय मेला 17 एवं 18 मई को आयोजित किया जा रहा है । यह जानकारी हमें माता छिन्नमस्तीका मेला मंदिर कमेटी प्रधान, सचिव ,कोषाध्यक्ष ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। इस मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती दंगल रहेगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष ने बताया की कुश्ती करीब 5 लाख रुपए की राशि की होगी और ठीक 1.00 बजे शुरू कर और देर शाम 7.30 बजे तक चलेगी एवं 17 मई शुक्रवार को साया लखदाता पीर का पूजन सवाल माता छिन्न मस्तीका मंदिर में किया जाएगा।मेला कमेटी के अध्यक्ष ने दूर दूर से आने वाले पहलवानों से अनुरोध किया है ,कि एचपी प्रदेश के अलावा अन्य दूर-दूर राज्यों से आने वाले समस्त सभी पहलवान 18 मई को बाद दोपहर 1.00 बजे पहले अपना। अपना नाम कमेटी के पास दर्ज करवा दें । कुस्ती के विजेता एवं उप विजेता पहलवान को मेला दगल कमेटी के निर्णय अनुसार हजारों में नगद पुरस्कार राशि एवं पगड़ी देकर सम्मानित किया जाएगा। गौर हों की इस मेले का इतिहास प्रदेश के जिला मंडी की ऐतिहासिक रिवालसर झील से भी जुड़ा हुआ है।

### 'मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी'




**बीबीएन (रितिक पवन कौशल)।** व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम, जिसे स्वीप के नाम से जाना जाता है के अंतर्गत आज नालागढ़ क्षेत्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर नरेश कुमार एवं उनके टीम के सदस्य रवि नंदन शुक्ला एवं देवेश शर्मा ने राजकीय छात्र वरिष्ठ पाठशाला नालागढ़ एवं राजकीय छात्रा वरिष्ठ पाठशाला नालागढ़ के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बच्चों से नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग की गतिविधि भी करवाई गई जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने कई उदाहरणों के माध्यम से हर एक मत के महत्व को समझा और उन्होंने शपथ ली कि वे घर जाकर अपने माता-पिता, भाई बहनों, रिश्तेदारों ,गांव एवम् शहर के सभी लोगों को जागरूक करेंगे कि जो आगामी लोकसभा चुनाव 1 जून 2024 को होने जा रहा है इसमें सभी लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे और अधिक से अधिक मतदान करेगें ताकि लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की जा सके। स्वीप टीम ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग के प्रतिबद्धता अनुसार 'कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित रहना नहीं चाहिए'। इसलिए अपने मत का सही उपयोग करें और सही प्रतिनिधि को चुने। स्वीप का प्राथमिक लक्ष्य सभी पात्र नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करके और चुनाव के दौरान एक सूचित निर्णय लेने के लिए भारत में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। राजकीय छात्र वरिष्ठ विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र भारद्वाज और राजकीय छात्रा वरिष्ठ विद्यालय नालागढ़ के प्रधानाचार्य विपिन कुमार शर्मा ने भी सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने माता-पिता एवं परिचितों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बच्चों को संकल्प पत्र भी दिया गया जिसमें कहा गया कि हमारा भविष्य देश के मजबूत लोकतंत्र से जुड़ा है। इस मौके पर प्रवक्ता मधु, रोजी सहित दोनों विद्यालयों के करीब 300 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भाजपा के नामांकन कार्यक्रमों से उड़ी कांग्रेस पार्टी की नींद : बिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजीव बिन्दल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के बाद चुनाव की तस्वीर साफ हो चली है। मण्डी, हमीरपुर, शिमला और धर्मशाला में जो भाजपा के नामांकन के कार्यक्रम हुए उन्होनें कांग्रेस पार्टी की नींद उड़ा दी है और उनकी बौखलाहट बाहर निकल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां देश आगे बढ़ रहा है वहीं हिमाचल प्रदेश भी तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। एक बार यदि नजर दौड़ाई जाए कीरतपुर से मनाली फोरलेन हाईवे पर तो 5-6 टनलो और गोविन्द सागर पर बने बड़े-बड़े पुलों ने दुरियों को पाटने का काम किया है। इसी तरह से कांगड़ा से शिमला, मण्डी फोरलेन नेशनल होईवे वे हिमाचल की तस्वीर को बदलते व दुरियों को समाप्त करते हुए दिखाई देते हैं। हमने देखा है कि किस तरह कालका से शिमला व शिमला से ढली के बीच भारत के सबसे बड़े-बड़े पुल बन रहे हैं और वो पुल जिनकी उंचाई 100-200 मीटर है ऐसे पुल सड़कों के निर्माण के लिए बनाए जा रहे हैं।

डॉ0 बिन्दल ने कहा कि आजकल बिलासपुर वालों की नींद उड़ी हुई है, दिन-रात रेलवे का काम चल रहा है। रोहतांग टनल के निर्माण से शुरू हुआ मामला आज पूरे हिमाचल प्रदेश को विकास के कगार पर खड़ा कर रहा है। यह सड़कें जो हिमाचल की भाग्य रेखाएं हैं, कांग्रेस के राज में केवल 8 फुट चैड़ी सड़क होती थी आज फोरलेन नेशनल हाईवे बन रहे हैं। विगत 5 वर्षों में मोदी जी ने सात हजार किलोमीटर सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत करके एक कीर्तिमान स्थापित किया है। बीस हजार किलोमीटर सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई और यह सब अटल जी से लेकर मोदी जी की देन है। जबकि कांग्रेस सरकार के समय सिर्फ छोटी-मोटी सड़कें बना करती थी और पिछले डेढ़ साल में तो पूरे हिमाचल प्रदेश में विकास ठप्प हो गया है। डेढ़ साल की यह सरकार निकम्मी सरकार है, झूठी सरकार है, यह सब अब जनता को पता चल चुका है और जनता अब यह खुलकर बोलने लग गई है कि इस सुक्खू सरकार का कोई एक काम गिनाओ और सौ रू0 ईनाम पाओ।

डॉ0 बिन्दल ने कहा कि हिमाचल का गरीब उसको 5 किलो अनाज मुफ्त में मिल रहा है, लगातार मिल रहा है और अगले 5 साल तक और मिलेगा, आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजना के तहत 5 लाख रू0 तक का मुफ्त ईलाज मिल रहा है और यह सब मोदी जी की, भाजपा की देन है। 11 लाख किसानों को 6000 रू0 सालाना मोदी जी दे रहे हैं, हिमाचल के तीन मैडिकल कॉलेज जिसके लिए लगभग 780 करोड़ रू0 मोदी जी ने दिया, 2500 करोड़ रू0 एम्स के निर्माण के लिए, आई0आई0एम0 सिरमौर के भवन निर्माण के लिए 500 करोड़ रू0 यह केन्द्र सरकार के नायाब तोहफे है जो हिमाचल को बदलते हुए दिखाई देते हैं। परन्तु कांग्रेस की जो वर्तमान प्रदेश सरकार है वो केवल विकास की राह में रोड़े अटकाने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। केन्द्र से जो राशि मोदी जी दे रहे हैं उसे वह खड्डे में डाल रहे हैं। 1786 करोड़ रू0 आपदा राहत में दिया जिसे कांग्रेस सरकार ने भाई-भतीजावाद में बर्बाद कर दिया और गरीब देखता रह गया। जनता के मन में सुलग रहा यह लावा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ फूटने वाला है। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री सुक्खू जी से पूछ रही है कि उन्होनें जो 2022 में 97 प्रतिशत हिन्दुओं को हराकर सत्ता हासिल करने की बात कह कर हिन्दु जनमानस को अपमानित किया था, जरा एक बार फिर यह घोषणा करिए कि हम 2024 में 97 प्रतिशत हिन्दुओं को हराने वाले हैं।

## जिसके सिर पर मां बगलामुखी का हाथ, दुश्मन नहीं कर सकता उसका बाल भी बांका : अमरजीत



अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** जिस भी भक्त के ऊपर मां बगलामुखी का हाथ है ,दुश्मन उसका बाल भी बांका नहीं कर सकता है। 10 महाविद्याओं में मां बगलामुखी जी आठवीं महाविद्या हैं। इनकी उपासना शत्रुनाश, वाकसिद्धि, वाद-विवाद में सफलता के लिए की जाती है। यह कहना है तुगल क्षेत्र के सेहली गांव स्थित माता बगलामुखी मन्दिर के पुजारी अमरजीत शर्मा का। अमरजीत कहते है इनकी उपासना से जहां एक ओर शत्रुओं का नाश होता है तो वहीं दूसरी ओर इनकी उपासना जातक के जीवन को निष्कंटक बनाने का काम करती है। वीरवार को तुगल क्षेत्र के सेहली गांव स्थित माता बगलामुखी मन्दिर में बगलामुखी प्रकोटत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।बगलामुखी प्रकोटत्सव समारोह की पूर्व संध्या पर बुधवार रात को मन्दिर में जागरण का आयोजन किया गया। इसमें हुक्म चन्द एण्ड पार्टी साईगल ने रात भर माता के भजनों और भेटों से श्रदालुओ को नाचने पर मजबूर किया। हुक्म चन्द ठाकर एंड पार्टी एवं स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भेंटे गाकर रात भर माता के नाम का गुणगान किया। माता के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि रात 12 बजे माता की विशेष आरती के बाद देव खेल का आयोजन किया गया। माता के पुजारी के माध्यम से सभी श्रद्धालओं को सुख शान्ति का आशीर्वाद दिया। वीरवार को मन्दिर में हवन-पाठ किया गया और पूर्णाहूति के बाद श्रदालुओ के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसमें सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## भारतीय राज्य पेंशन महासंघ ज़िला सोलन का संयुक्त सम्मेलन आयोजित

अर्थ प्रकाश /पवन कौशल

**बीबीएन।** भारतीय राज्य पेंशन महासंघ ज़िला सोलन के द्वारा आज रामशहर में सभी पूर्व कर्मचारी पैंशनरो के संगठनों क वरिष्ठ पदाधिकारियों का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे घन शयाम शर्मा तथा प्रदेश महासंघ के प्रदेश महामंत्री इंद्र पाल शर्मा ना विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए पथ परिवहन निगम से सेवा निवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बृजलाल ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला संघ के अध्यक्ष बावू राम ठाकुर ने की ,बैठक मै मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मैं अपने कार्यकाल मैं पैंशनरो को दिलाये गये करोड़ें रूपयों वित्तीय लाभ के मेरे में जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश की वर्तमान सरकके 15 माह के कार्यकाल मैं प्रदेश के कर्मचारियों और पैंशनरो की मुख्य माँगो को लेकर्स की जा रही अनदेखी की जा रही है। प्रदेश मैं हो रहे लोकसभा चुनाव मै वर्तमान सरकार के खिलाफ वोट करे। सम्मेलन मैं भारतीय राज्य पेंशन महासंघ ज़िला सोलन की सभी ईकाइयो के पदाधिकारियों पथ परिवहन निगम मंच के जिला व अन्य ईकाइयो के पदाधिकारियों समानांतर संघ के उपाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा, बिधुत परिषद प्रदेश विश्वविद्यालय प्रदेश सचिवालय शिक्षक संघ संगठनों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में मतदान शपथ समारोह

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा




**गोहर।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर नाचन विधानसभा क्षेत्र में सहायक चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में 'मा भी पाणा वोट' थीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने आज 14 जून 2024 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई।

एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। एसडीएम गोहर ने बच्चों को अपने अभियान का ब्रांड अम्बेसडर बताया। उन्होंने बच्चो को बोला कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन बच्चे अपने घरवालों और अन्य लोगों को साथ लेकर के अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करने को प्रेरित करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। बच्चों को बोला कि 1 जून को अपने रिश्तेदारों आदि की बाएं हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान देख के सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने वोट डाला है या नहीं। उन्होंने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में नाचन विधानसभा में 81त्न मतदान का लक्ष्य रखा गया है लेकिन प्रयास करें कि इससे भी अधिक मतदान हो।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे गए। हटग? स्कूल में पेंटिंग में गीतांजलि और भूपेश, नारा लेखन में शिवांगी और राहुल भारद्वाज, भाषण में तन्वी भारद्वाज और गीतांजली क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ के बच्चों द्वारा अपने सांस्कृतिक कार्यकर्मों में मतदान करने का संदेश दिया गया। तन्वी भारद्वाज द्वारा मतदान के महत्व पर भाषण प्रस्तुत किया। साक्षी व सखियों ने बहुत अच्छा मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। अंत मे वंशिका और सखियों द्वारा आकर्षक नाटी प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर स्वीप टीम सदस्य पवनजीत कश्यप, हेमराज और सुरेश, प्रधानाचार्य रमेश चंद, ईएलसी इंचार्ज पुष्पा देवी, बीएलओ सुपरवाइजर इंदर सिंह, एसएमसी सदस्य, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित थे।




# अंबाला लोकसभा सीट: बीजेपी-कांग्रेस में कांटे की टक्कर से चुनावी जंग बनी दिलचस्प

**राजनीतिक सरगर्मियों के चलते खत्म नहीं हो पा रहा असमंजस**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 16 मई।** लोकसभा चुनाव में अब की बार अंबाला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी जंग दिलचस्प होती जा रही है। यहां कौन सी पार्टी का उम्मीदवार अपना परचम लहराएगा इस पर तेज होती राजनीतिक सरगर्मियों के चलते असमंजस खत्म नहीं हो पा रहा है। अंबाला जिले में चार हलकों- अंबाला सिटी, अंबाला कैंट, मुलाना व नारायण गढ़ में भाजपा, कांग्रेस में सीधी टक्कर है। वहीं राजधानी चंडीगढ़ से सटे पंचकूला जिले में भाजपा को बड़ी उम्मीदें हैं। वहीं दूसरी तरफ जजपा उम्मीदवार किरण पूनिया और आईएनएलडी के उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह की क्षेत्र में कांटे की टक्कर है। पंचकूला शहरी सीट होने के नाते पार्टियों को लीड मिलने की संभावना है। पंचकूला से भाजपा के ज्ञानचंद गुप्ता और कालका से कांग्रेस के प्रदीप चौधरी विधायक हैं। हालांकि भाजपा को इस बार गांवों में पसीना बहना पड़ रहा है।









### यमुनानगर पर फोकस

राजनीतिक पार्टियों का अब की बार यमुनानगर जिले के चार हलकों में से तीन जगाधरी, सढ़ौरा और यमुनानगर हैं। रादौर हलका कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में आता है। जगाधरी में कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर और यमुनानगर में घनश्याम दास अरोड़ा भाजपा विधायक हैं। सढ़ौरा से कांग्रेस की रेणु बाला विधायक हैं। भाजपा के कृषि मंत्री जेपी दलाल, स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, परिवहन मंत्री असीम गोयल व पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के अलावा खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का फोकस यमुनानगर पर बना हुआ है और दिनरात प्रचार करने में जुटे हुए हैं।

### अंबाला सीट पर इस लिए कांटे का मुकाबला

साल 2014 में नायब सैनी नारायणगढ़ से विधायक थे और मनोहर सरकार में राज्य मंत्री थे। पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह की कांग्रेस में वापसी के बाद अंबाला के अलावा इस जिले में कांग्रेस को बड़ा बल मिला है। ऐसे में नारायणगढ़, मुलांना व अंबाला सीट में कांटे का मुकाबला देखने को मिल रहा है। तभी अंबाला जिले के चार हलकों में वर्तमान में भाजपा और कांग्रेस पार्टियां फिफ्टी-फिफ्टी हैं।

### संसदीय क्षेत्र में 9 सीटों में से 5 पर बीजेपी का कब्जा

अंबाला संसदीय क्षेत्र के 9 हलकों में से 5 में भाजपा का कब्जा है। वहीं चार हलकों में कांग्रेस विधायक हैं। नारायणगढ़ से शैली चौधरी, सढ़ौरा से रेणु बाला, कालका से प्रदीप चौधरी और मुलाना से खुद कांग्रेस उम्मीदवार वरूण चौधरी विधायक है। तीन जिलों तक फैले इस संसदीय क्षेत्र से न केवल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आते हैं बल्कि स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता भी पंचकूला से विधायक हैं। जगाधरी से विधायक कंवर पाल गुर्जर सरकार में कृषि मंत्री हैं और अंबाला सीट विधायक असीम गोयल परिवहन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं। पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज अंबाला कैंट से विधायक हैं। ऐसे में भाजपा के इन सभी दिग्गजों की साख दांव पर लगी हुई है।

# हरेरा के क्रियान्वयन अधिकारियों को मिलेगी कलेक्टर की पावर

**भवन निर्माण में देरी से प्रभावित आवंटियों को बिल्डरों से समय पर मिलेगा ब्याज का पैसा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मई।** हरियाणा सरकार ने फैसला किया है कि हरियाणा भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (हरेरा) के क्रियान्वयन अधिकारियों को कलक्टर की पावर दी जाएगी। विभिन्न शहरों में जिला कलक्टर सह उपायुक्त के पास लंबित वसूली प्रमाणपत्रों के मामले अब हरेरा गुरुग्राम और पंचकूला में स्थानांतरित किए जाएंगे।

संपत्ति से जुड़े विवादों को तेजी से निपटाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद बुधवार की रात इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। अब हरेरा बिल्डरों से वसूली प्रमाण-पत्र का पैसा खुद वसूल कर सकेगा। पहले यह अधिकार उपायुक्तों के पास था। फैसले से डेढ़ हजार से अधिक आवंटियों को लाभ मिलने की उम्मीद है जिनके करीब एक हजार करोड़ रुपये बिल्डरों के पास अटके हुए हैं और उनकी रिकवरी नहीं हो पा रही है।

बिल्डर के निर्माण संबंधी परियोजनाओं का विवाद सुलझाने के लिए सरकार ने हरेरा का गठन किया हुआ है। ऐसी सैकड़ों शिकायतें हैं जिनमें बिल्डर आवंटी से पूरी धनराशि लेने के बावजूद तय समय पर फ्लैट नहीं दे पाते। इससे आवंटी को फ्लैट मिलने में देरी के साथ ही भारी आर्थिक नुकसान होता है। ऐसे मामलों में अधिकतर लोग आरोपित बिल्डर के खिलाफ केस दायर कर अपने जमा पैसे पर ब्याज की मांग करते हैं।


ऐसी शिकायतों पर हरेरा कोर्ट सुनवाई के बाद बिल्डर को जमा पैसे पर फ्लैट मिलने तक ब्याज देने का आदेश जारी कर देती है, लेकिन बिल्डर से पैसे वसूली में देरी होती है। आरसी के पैसे वसूलने की जिम्मेदारी अभी तक उपायुक्तों के पास थी, लेकिन उपायुक्त कार्यालयों की सुस्ती के कारण आवंटियों को समय से पैसा नहीं मिल पा रहा था। अब हरेरा के क्रियान्वयन अधिकारी इसे लागू कराएंगे। इससे आवंटियों को जल्द पैसा मिल सकेगा।




### चुनाव अवधि के दौरान उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों के निरीक्षण के लिए तिथियों का निर्धारण

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** निर्वाचन दिशा-निर्देशों और विनियमों का पालन करते हुए, रिटर्निंग अधिकारी ने व्यय पर्यवेक्षक के परामर्श से चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए आगामी आम लोकसभा चुनावों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों के निरीक्षण के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया है। व्यय पर्यवेक्षक द्वारा उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों के निरीक्षण के तिथियां निर्धारित की गई हैं। पहला निरीक्षण: दिनांक: 20 मई 2024, दूसरा निरीक्षण: दिनांक: 24 मई 2024,तीसरा निरीक्षण: दिनांक: 29 मई 2024 को होगा। निरीक्षण यू.टी. गेस्ट हाउस, सेक्टर-6, चंडीगढ़ में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच होगा। यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इन तिथियों का सावधानीपूर्वक चयन किया गया है। दो निरीक्षणों के बीच कम से कम तीन दिन का अंतराल होना चाहिए, और अंतिम निरीक्षण मतदान के दिन से तीन दिन से पहले निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)